राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024

वर्ष 05, अंक 199, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

दहेज में मोटरसाइकिल न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला जांच में जुटी पुलिस...02

यूक्रेन बोला- जंग हारे तो तीसरा विश्व युद्ध होगा ...12

# बीजेपी को अतिरिक्त वोट की मछली चुनाव आयोग के गले फंसी

**● केरल में ईवीएम के मॉक ड्रिल के दौरान मिले थे बीजेपी को अतरिक्त वोट।**

स्वतंत्र प्रभात

जेपी सिंह।

सुप्रीम कोर्ट में वीवीपीएटी वेरिफिकेशन मामले में गुरुवार को सुनवाई के दौरान उस समय भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के गले में मछली अटक गयी जब कोर्ट को बताया गया कि केरल में ईवीएम के मॉक ड्रिल के दौरान बीजेपी को अतिरिक्त वोट मिले।

यक्ष प्रश्न यह है कि चाहे लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा का चुनाव हो ईवीएम के मॉक ड्रिल के दौरान चाहे जो बटन दबाया जाय बीजेपी को ही वोट मिलता दिखता है। आज तक की जितनी भी घटनाएं इस तरह की सामने आई हैं उनमें किसी भी अन्य पार्टी को नहीं केवल बीजेपी को ही वोट मिलता दिखा है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को केरल के कासरगोड में मॉक पोलिंग के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में खराबी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में गलत तरीके से वोट दर्ज करने के आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया।जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद ईसीआई वकील को इस मुद्दे को देखने का निर्देश दिया।भूषण ने कहा, "केरल के कासरगोड में एक मॉक पोल हुआ था। 4 ईवीएम और वीवीपैट में बीजेपी के लिए एक अतिरिक्त वोट रिकॉर्ड किया जा रहा था। मनोरमा ने यह रिपोर्ट दी थी।"कोर्ट ने कहा, "श्री मनिंदर सिंह (ईसीआई वकील), कृपया इसे दोबारा जांचें।"

सुप्रीम कोर्ट उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें चुनाव के दौरान ईवीएम के माध्यम से डाले गए प्रत्येक वोट का वोटर-वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों से मिलान करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। वर्तमान में, वीवीपैट सत्यापन केवल प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच यादृच्छिक रूप से चयनित ईवीएम में दर्ज वोटों के लिए किया जाता है।याचिकाकर्ताओं में से एक, वकील और कार्यकर्ता अरुण कुमार अग्रवाल ने प्रार्थना की है कि प्रत्येक ईवीएम वोट का मिलान वीवीपैट पर्चियों से किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने यह निर्देश भी मांगा है कि मतदाताओं को वीवीपैट द्वारा उत्पन्न पर्चियों को मतपेटी में भौतिक रूप से डालने की अनुमति दी जानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मतदाता का मत "रिकॉर्ड के रूप में गिना गया है"।

दरअसल लम्बे समय से लोकसभा चुनाव से लेकर विधानसभा चुनाव से पहले अक्सर वोटिंग मशीन से छेड़छाड़ का मामला उठता रहा है। विपक्ष लगातार वोटिंग मशीन से छेड़छाड़ का आरोप लगाता रहता है। वहीं, सरकार के साथ ही चुनाव आयोग की तरफ से वोटिंग मशीन से छेड़छाड़ की आशंका से साफ इनकार किया जाता रहा है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता एडीआर की ओर से पेश प्रशांत भूषण ने कहा कि एक मीडिया हाउस ने ऑनलाइन रिपोर्ट दी है कि ईवीएम के मॉक ड्रिल के दौरान शिकायतें दर्ज कराई गई है। आरोप लगाया गया कि केरल के कसरगौड इलाके में ईवीएम के मॉड ड्रिल के दौरान चार ईवीएम में अतिरिक्त बीजेपी के वोट पड़े हैं। इस बाबत यूडीएफ (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) और एलडीएफ (लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट) ने जिला कलेक्टर से शिकायत की है कि चार ईवीएम में मॉक ड्रिल के दौरान अतिरिक्त वोट बीजेपी को पड़े हैं।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना ने चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से कहा है कि वह इस मामले में जो आरोप लगाया गया है उसे चेक करें। सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम और वीवीपीएटी के पर्ची के 100 फीसदी मिलान को लेकर लगाई गई गुहार पर सुनवाई चल रही है और इसी दौरान याची एडीआर की ओर से पेश प्रशांत भूषण ने यह मामला उठाया जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने उक्त मौखिक आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पवित्रता होनी चाहिए और किसी को यह नहीं लगना चाहिए कि जो किया जाना चाहिए था, वह नहीं किया गया। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए कदमों के बारे में विस्तार से बताने को कहा।



सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से पूछा कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ न हो सके, ये सुनिश्चित करने के लिए आपकी ओर से क्या प्रकिया अपनाई जा रही है? याचिकाकर्ताओं की ओर से पार्लियामेंटरी स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट का भी हवाला दिया गया है, उस पर आप अपना रुख साफ करिए। इसके बाद चुनाव आयोग के अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम से संबंधित जानकारी दी और कहा, 'ईवीएम प्रणाली में तीन यूनिट होते हैं, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और तीसरा वीवीपीएटी. बैलेट यूनिट सिंबल को दबाने के लिए है, कंट्रोल यूनिट डेटा संग्रहीत करता है और वीवीपीएटी सत्यापन के लिए है।'

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि प्रोग्राम मेमोरी में कोई छेडछाड हो सकती है? चुनाव आयोग ने कहा कि इसे बदला नहीं जा सकता। यह एक फर्मवेयर है। सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के बीच का है।इसे बिल्कुल भी नहीं बदला जा सकता। पहले रैंडम तरीके से ईवीएम का चुनाव करने के बाद मशीनें विधानसभा के स्ट्रांग रूम में जाती हैं और राजनीतिक दलों की मौजूदगी में लॉक किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि जब आप ईवीएम को जब भेजते हैं तो क्या उम्मीदवारों को टेस्ट चेक करने की अनुमति होती है? इस पर चुनाव आयोग ने बताया कि मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखने से पहले मॉक पोल आयोजित किया जाता है। उम्मीदवारों को रैंडम मशीनें लेने और जांच करने के लिए पोल करने की अनुमति होती है।

सुनवाई हुईके दौरान पीठ ने चुनाव आयोग से कहा कि चुनावी प्रक्रिया में पवित्रता होनी चाहिए। पीठ ने कहा, "यह (एक) चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि जिस चीज की उम्मीद की जा रही है, वह नहीं हो रही है। सुनवाई के दौरान वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि कम से कम यह आदेश दिया जाए कि वीवीपैट मशीन पारदर्शी हो और उसमें बल्ब लगातार जलता रहे, ताकि वोटर को पूरी तरह पुष्टि हो सके। वकील संजय हेगड़े ने कहा कि सभी वीवीपैट पर्चियों को गिनने पर विचार हो। अगर अभी यह नहीं हो सकता, तो कोर्ट अभी हो रहे चुनाव की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कुछ अंतरिम आदेश दे। बाकी मुद्दों पर बाद में सुनवाई हो।

इस दौरान एक वकील ने कहा कि ईवीएम बनाने वाली कंपनियों के इंजीनियर उसे नियंत्रित कर सकते हैं। कोर्ट ने इसे व्यर्थ की दलील कहा। मनिंदर सिंह ने कहा कि सभी याचिकाएं सिर्फ आशंकाओं पर आधारित हैं। उन्होंने बताया कि वीवीपैट सिर्फ एक प्रिंटर है।

चुनाव आयोग के बताया कि बटन यूनिट में सिर्फ यह जानकारी होती है कि कितने नंबर का बटन दबाया गया वीवीपैट यही जानकारी कंट्रोल यूनिट को जाती है । कंट्रोल यूनिट से वीवीपैट को प्रिंटिंग का कमांड जाता है वीवीपैट इस पर जज ने पूछा तो फिर वीवीपैट को कैसे पता चलता है कि किस सिंबल को प्रकाशित करना है?

अधिकारी ने बताया कि एक बहुत छोटा सिंबल लोडिंग यूनिट होता है, जो टीवी रिमोट के आकार का होता है। उसे बाहर से नियंत्रित नहीं किया जा सकता क्योंकि वह इंटरनेट या किसी बाहरी नेटवर्क से नहीं जुड़ सकता। यह यूनिट कंट्रोल यूनिट से मिले कमांड को प्रोसेस कर वीवीपैट को जानकारी देता है।

वीवीपैट मामले पर सुनवाई कर रहे जज ने चुनाव आयोग अधिकारी से पूछा कि आपके पास कितने VVPAT हैं? अधिकारी ने बताया कि हमारे पास 17 लाख वीवीपैट हैं।इस पर जज ने सवाल किया कि ईवीएम और वीवीपैट की संख्या अलग क्यों है? वहीं, अधिकारी ने यह समझाना चाहा, लेकिन जज को ही लगा कि उनका सवाल चर्चा को भटका रहा है। इसलिए उन्होंने अधिकारी को जवाब देने से मना कर दिया।

अदालत ने अधिकारी से बारीक से सवाल किया कि मशीन को अलग-अलग मौके पर हैंडल करने वाले लोगों को उसके आंकड़े को लेकर क्या जानकारी होती है। उन्होंने बताया कि आंकड़े के बारे में जान पाना या उसमें छेड़छाड़ कर पाना संभव नहीं है। अधिकारी ने यह भी बताया कि मॉक पोल में प्रत्याशी अपनी इच्छा से किसी भी मशीन को जांच सकते हैं।

चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि 100 प्रतिशत मशीन मॉक पोल से गुजरती है। हालांकि, प्रत्याशी 5 प्रतिशत की ही खुद जांच करते है। इस पर अदालत ने सवाल किया कि एक मिनट में कितने वोट पड़ते हैं। इसके जवाब में अधिकारी ने कहा कि 4 से कम वोट पड़ते हैं ।सुनवाई के दौरान जज ने पूछा मतदान से पहले किए गए दस्तखत और मतदान की वास्तविक संख्या में कितना अंतर पाया जाता है। अधिकारी ने बताया कि ऐसा अंतर नहीं होता. इस आशंका से बचने के लिए ही वोटर को वीवीपैट देखने की सुविधा दी गई थी।

अधिकारी ने यह भी बताया कि जो पर्ची प्रिंट होती है वह इस गुणवत्ता की नहीं होती कि सभी वोटों को उसके जरिए गिना जाए। इस पर जज ने सवाल किया कि वोटर के हाथ में पर्ची देने से क्या नुकसान हो सकता है? अधिकारी ने कहा कि ऐसा करने से मतदान की गोपनीयता भंग होगी. पर्ची का दुरुपयोग भी हो सकता है। अदालत ने पूछा कि क्या 17 (मतदान से पहले हस्ताक्षर करने वाला रजिस्टर) और 17ष्ट (वास्तविक मतदान) का हर 2 घंटे में मिलान हो सकता है?

## संक्षिप्त ख़बरें

### कड़ी धूप में घर जाते बच्चों को देख अभिभावकों में नाराजगी

स्कूल का समय बदलने की मांग।



**प्रयागराज।** करछना तहसील के अंतर्गत मझुआ मे अप्रैल माह की भीषण गर्मी के चलते स्कूली बच्चें काफी बीमार पड़ रहे है। ऐसे में सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे नवनिहाल बच्चों की तबियत खराब होने की आशंका है। देखा जाये तो सरकारी विद्यालय सुबह 8 बजे खुलते है और दोपहर 2 बजे बंद हो जाता है । दोपहर में छुट्टी के बाद कड़ी धूप में बच्चें स्कूल से पैदल घर जाते है। पिछले साल ज्यादातर सरकारी विद्यालय में गर्मी के कारण कई बच्चें बेहोश हो गये थें। सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने स्कूल का समय बदलने की मांग की है। उनका कहना है की भीषण गर्मी में जब तक स्कूल का टाइम नहीं बदले गा तब तक बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे ।बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात करने पर बताया गया की स्कूल का टाइम बदलने को लेकर जिले के अधिकारियों से बात चल रही जल्द से जल्द स्कूल का टाइम बदला जाना चाहिए।

### आग बुझाने में गंभीर रूप से जला युवक




**बीसलपुर।** मोहल्ला ग्यासपुर में रसोई गैस सिलिंडर का पाइप लीक हो जाने से अचानक आग लग गई। आग बुझाने के प्रयास में अमित गंभीर रूप से जल गया। अमित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया । हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। घर वाले अमित को जिला अस्पताल ले जाने के बजाए बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए हैं।

## अब परचून की दुकान से भी मिलेगी आम दवाएं

स्वतंत्र प्रभात



देश में अब आम दवाओ को जनरल स्टोर्स पर भी बेचे जाने की अनुमति दी जा सकती है। इस बावत केंद्र सरकार की ओर से एक कमेटी का गठन कर दिया है। यह समिति देश में ओवर द काउंटर (ओटीसी)दवा नीति बनाने की दिशा में काम कर रही है। सूत्रों के मुताबिक इस पॉलिसी के तहत लोगों को दवा खरीदने के लिए परचून दुकानदार को किसी डॉक्टर की पर्ची दिखाने की जरूरत भी नहीं पडेगी। दरअसल सरकार की मंशा है कि ग्रामीण, सुदूर और दुर्गम इलाकों में आम दवाओ की पहुंच को आसान बनाने के लिए यह सब किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि विशेषज्ञों की ओर से सुझाव दिए गए, थे कि अभी सुदूर ग्रामीण दुर्गम इलाको में आम दवाओ की पहुंच आसान नहीं है। उनके मुताबिक अमेरिका समेत कई देशो में आम दवाओ को किराना की दुकानों से बेचे जाने की छूट है।इसीलिए उन्हीं की तर्ज पर भारत में भी ओवर द काउंटर (ओटीसी) लागू करने पर विचार होना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक जिसके बाद ही दवा नीति बनाने को लेकर केंद्र की गठित समिति ने सोमवार को कई सुझावों पर चर्चा की है। सूत्रो के हवाले से बताया गया है कि ओवर द कांउटर (ओटीसी)में सिर्फ वही दवाईयां शामिल की जाएगी, जिनको डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना बेचने की परमिशन है। यूएसए,ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में भी ऐसी ही नीति दवाईयों की खरीद ,उपयोग को लेकर लागू है। सूत्रों के मुताबिक इसी साल फरवरी में ओवर द काउंटर (ओटीसी) दवा नीति तैयार करने के लिए (डायरेक्ट्रेट ऑफ हेल्थ सर्विस) स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने समिति बनाई थी।समिति की ओर से हाल ही में दवाओ की पहली लिस्ट सौंपी गई थी।जिनको बेधड़क परचून की दुकान से भी बेचा जा सकता है। इसी फेहरिस्त में जोड-घटा के लिए सोमवार को मिटिंग बुलाई गई थी। बता दें कि भारत में जनरल काउंटर पर बेची जाने वाली दवाओ के लिए कोई नियम नहीं है। जबकि प्रिस्क्रिप्शन दवा के लिए बाकायदा नियम है। उसी दवा को ओवर द काउंटर (ओटीसी) माना जाता है,जिसको विशेष रूप से प्रिस्क्रिप्शन मेडिसिन नहीं बताया जाता। सूत्रों के हवाले से इस बावत अभी चर्चा चल रही है। उल्लेखनीय है कि आज से 40-50 साल पहले तक चोट, सिर दर्द, उल्टी,बुखार,दस्त समेत अन्य जनरल दवाए तक परचून की दुकान से भी मिल जाया करती थी। इनमें एस्परो,एनासिन,एपीसी,खाकी गोली आदि दवा शामिल है।लगता वहीं जमाना एक बार फिर लौटता दिखाई दे रहा है।

## शैक्षिक सत्र शुरू होते ही खुलने लगे डग्गामार स्कूल, विभाग मौन




स्वतंत्र प्रभात

**रूद्रपुर, देवरिया।** शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही तहसील क्षेत्र में डग्गामार स्कूल खुलने लगे हैं। इन स्कूलों में मनमानी चरम पर हो रही है। भवन से लेकर नौनिहालों को ढ़ोने वाले वाहन तक जर्जर हाल में हैं। जिससे उन्होंने बच्चों के जीवन को खतरा उत्पन्न होता रहता है। विदित हो कि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि बिना मान्यता के कोई भी स्कूल संचालित नहीं होना चाहिए। बावजूद इसके बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों के मौन साधने के कारण सत्र शुरू होते ही बिना मान्यता के स्कूल खुलने लगे हैं। ये स्कूल संचालक लुभावने पोस्टर,बैनर और मुफ्त एडमिशन का लॉलीपॉप देकर अभिभावकों को गुमराह करते हैं। इन स्कूलों में मानक के विपरीत शिक्षकों से आधी अधूरी शिक्षा दिलाई जाती है। वास्तव में ये स्कूल शिक्षा के केंद्र नहीं बल्कि धन उगाही के केंद्र साबित हो रहे हैं। इन स्कूलों की बाढ़ से जहां एक तरफ परिषदीय विद्यालयों में नामांकन प्रभावित हो रहा है वहीं मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों के सामने भी संकट पैदा हो रहा है। दूसरी ओर ज्यादातर विद्यालय कक्षा 5 की मान्यता लेकर आठवीं तक तथा आठवीं की मान्यता लेकर हाई स्कूल तक शिक्षा का झुनझुना बांट रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी मौन साधे हैं जिससे डग्गामार स्कूल संचालकों का हौसला बुलंद हैं। ब्लाक क्षेत्र के नगवां व झुंगिया चौराहे पर ऐसे ही स्कूल चल रहे हैं।

## अवैध असलाहों के साथ दो दबोचे




**अलीगढ़,।** अलग-अलग दो थाना क्षेत्रों की पुलिस द्वारा दो शातिर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध शस्त्र-कारतूस बरामद किये हैं। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अवैध शस्त्र रखने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये गये आदेशों-निर्देशों के क्रम में विभिन्न थानों की पुलिस टीमों कार्यवाही करते हुए अवैध शस्त्र कारतूस रखने वाले शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

थाना विजयगढ़ पुलिस द्वारा देगपाल पुत्र भंमरपाल निवासी नगला रानी थाना विजयगढ़ को मय एक अवैध तमंचा एक कारतूस सहित गंगलपुर नहर पुल से विस्तौली की तरफ से गिरफ्तार किया है । वहीं थाना इगलास पुलिस टीम द्वारा यशवीर उर्फ सुल्ला पुत्र कालीचरन निवासी अहल्दा थाना इगलास को मय एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस सहित नगला जगता तिराहा से गिरफ्तार किया है।

## पीलीभीत के बिस्मिल्लाह होटल पर परोसा जा रहा खराब खाना

**● खाना खराब होने की शिकायत पर होटल संचालक झगड़े पर आमादा**

**● खाद्य विभाग के जिम्मेदार मुस्लिम होटल से नहीं करते सेंपलिंग**

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत।** पैसा कमाने की होड़ में होटल संचालक खुलेआम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। भीषण गर्मी में 1 से 2 दिन पुराने खराब हो चुके खाने को ग्राहकों के सामने परोसा जा रहा है। ग्राहकों द्वारा खाना खराब होने की शिकायत पर होटल संचालक झगड़ा फसाद पर आमादा हो जाते हैं। खाद्य महकमें के जिम्मेदारों द्वारा मुस्लिम होटल पर छापेमारी कर सैंपलिंग न किए जाने को लेकर खराब खाने की बिक्री का खेल खुलेआम खेला जा रहा है। जिस जन स्वास्थ्य पर सीधा हमला हो रहा है।

सरकार जहां खाद्य महकमें को निर्देशित करते हुए लगातार लोगों को ताजा एवं शुद्ध आहार ग्रहण कर स्वस्थ रहने का मूल मंत्र प्रदान करती रहती है। वहीं इसके उलट होटल संचालक खास तौर पर मुस्लिम होटल संचालक लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हुए अपनी पौबारह करने में जुटे हुए हैं। ऐसा ही एक मामला बीते दिन तब संज्ञान में आया जब तहसील कलीनगर क्षेत्र के गांव धरमंगदपुर निवासी चुन्नन खां अपने दो साथियों के साथ खाना खाने पीलीभीत के मोहल्ला भूरे खां स्थित बिस्मिल्लाह होटल पर खाना खाने पहुंचे। खाने का ऑर्डर देने पर जो भोजन परोसा गया वह खट्टा हो चुका था। इस बात की शिकायत करने पर पहले तो होटल चालक ने ग्राहक की एक न मानी उसके पश्चात दूसरी सब्जी परोस दी। उसमे भी बुलबुले उठ रहे थे। टेस्ट करने पर वह सब्ज़ी भी खट्टी थी। जब इस बात की शिकायत होटल संचालक से की गई तो वह लगातार खाना ताजा होने की बात कह कर नज़रें चुराता रहा। जब ग्राहक ने होटल




संचालक से खाना स्वयं चखने की बात कही तो उसने खाना टेस्ट करने से इनकार कर दिया। यही नहीं दबंगी दिखाते हुए बिस्मिल्लाह होटल संचालक ने दोनों खराब सब्जियों का ग्राहक से पूरा भुगतान वसूल लिया। सीधे-साधे ग्राहक ने लड़ाई झगड़े से बचने के लिए 450 रुपए का भुगतान कर दिया। ग्राहक ने बताया कि वह इस मामले की शिकायत खाद्य निरीक्षक से करेगा। लेकिन ग्राहक ने यह भी संशय जताया कि यदि खाद्य महकमें से उक्त होटल से सैंपल लेकर जांच करने की बात कही जाए तो खाद्य निरीक्षक द्वारा शिकायतकर्ता को ही लैब का शुल्क अदा करने की बात कही जाएगी। बताते चने की खाद्य महकमें द्वारा आए दिन किराना व्यापारियों, मिष्ठान व्यापारियों आदि के यहां छापामार कार्रवाई की जाती है। लेकिन लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी मांसाहारी/शाकाहारी होटल से सैंपलिंग करने की स्वास्थ्य महकमा ज़हमत नहीं उठाता है। इसी का फायदा उठाते हुए होटल संचालक कई कई दिन पुराना बासी खाना ग्राहकों को परोस कर मोटा लाभ कमाते हैं। यदि समय रहते खाद्य विभाग ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया तो लोगों के फूड प्वाइजनिंग का शिकार होने की घटनाओं में बढ़ोत्तरी होगी। यदि कोई अनहोनी होती है तो जन आक्रोश फैलने का जिम्मेदार स्वास्थ्य महकमा व जिला प्रशासन होगा।

## अवैध कब्जे पर चला जिला प्रशासन का बुलडोजर ,भू माफियाओं पर एक बार फिर लगाम कसने के लिए एसडीएम हुए सख्त




स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** गुरुवार को एक बार फिर भू माफियाओं के अवैध कब्जे का सपना जिला प्रशासन की टीम ने चकना चूर कर दिया। बात कही और कि नही बया कर रहे है,बल्कि जिला मुख्यालय के सदर कोतवाली क्षेत्र मिर्जापुर गाँव की कर रहे है।मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सभा मिर्जापुर गाटा संख्या 909 का ऊसर बंजर जमीन है।जिसमें भू माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था।इस जमीन पर पहले भूमाफिया द्वारा मिट्टी डाला जा रहा था उसके बाद अवैध तरीके से बांउड्री वाल बनाकर कब्जे किया जा रहा था।आपको बता दे कि सदर एसडीएम पवन जयसवाल ने बताया कि बुधवार बीती रात्रि मिर्जापुर गांव में गाटा संख्या 909 में अवैध कब्जे की खबर चली।जिसे सम्बंधित लेखपाल से जानकारी किया गया तो अवैध कब्जे की बात की पुष्टि हुई।जिस पर राजस्व टीम द्वारा कानूनगो रवींद्र कुमार और पुलिस फोर्स के हैमाध्यम से अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलवाकर हटवाया गया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पौराणिक श्रृंगीनारी शांता देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया पूजा अर्चना



**बस्ती।** बस्ती जिले केपौराणिकस्थान माता श्रृंगीनारी मंदिर परिसर में नव रात्रि पर्व अष्टमी तिथि के पावन अवसर पर व्रतधारियों और श्रृद्धालुओं ने शान्ता माता मंदिर में पूजन अर्चन कर मनौती मांगी। हर वर्ष नव रात्रि पर्व हो या फिर हर मंगलवार को श्रृद्धालु माता का दर्शन कर पूजा अर्चना करते हैं और यह मंदिर जन आस्था का केन्द्र बना हुआ है।इस बार अष्टमी तिथि मंगलवार दिन पड़ने से मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। बुधवार नवमी तिथि को श्रृद्धालु मंदिर प्रांगण में हवन पूजन कराते हैं और अपने नवरात्रि व्रत का समापन करते हैं।पौराणिक मान्यता है जब चौथे पन में महाराज दशरथ को मखौड़ा धाम में पुत्रकामेष्टि यज्ञ के बाद भगवान राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न की प्राप्ति हुई थी । महाराज दशरथ ने अपनी पुत्री शांता देवी का विवाह यज्ञ के आचार्य श्रृंगी ऋषि के साथ किया था । यज्ञ समापन के उपरांत श्रृंगी ऋषि मां शांतादेवी को लेकर मखौड़ा धाम के पूर्व इसी स्थान पर आकर कुछ दिनों तक विश्राम किया था और तपस्या की थी। कालांतर में श्रृंगी ऋषि मां शांता देवी को छोड़कर वनो में तपस्या करने चले गए इसी ऐतिहासिकता के चलते यह स्थान श्रृंगी नारी कहलाया श्रृंगी ऋषि के चले जाने के बाद मां शांता देवी ने पिंडी बना कर मां भगवती की पूजा अर्चना की थी।

## डीएम ने अधिकारियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण




**बस्ती।** बस्तीलोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अन्द्रा वामसी ने अधिकारियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सुरक्षा कर्मियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। इस मौके पर एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चंद्र तथा सीआरओ संजीव ओझा, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाष उपस्थित रहे।

## चोरी करने वाले अभियुक्त व अभियुक्ता गिरफ्तार



**बस्ती।** बस्ती जिले के थानाध्यक्ष मुण्डेरवा मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-93/2024 धारा-380/411 IPC में वांछित अभियुक्तों (बैजनाथ पुत्र चौथी निवासी हल्लौर नगरा थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती,शर्मिला पत्नी बैजनाथ निवासी हल्लौर नगरा थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती) को आज गुरूवार को रेलवे स्टेशन मुण्डेरवा रेवले क्रासिंग से गिरफ्तार कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। अभियुक्तों के पास से दो चंवर टूटा हुआ,एक कटोरी सफेद धातु वजन 264 ग्राम,एक अदद की-पैड मोबाइल,एक अदद पीतल का घण्टा वजन 640 ग्राम बरामद किया गया।

## दो के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज

**अंबेडकरनगर।** भीटी पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला भीटी थानाक्षेत्र के एक गांव का है। पीड़ित भाई का आरोप है बीते 15 अप्रैल की करीब शाम 4ः00 बजे उसकी बहन काल्पनिक नाम पूजा उम्र करीब 20 वर्ष सिलाई सीखने के लिए आनापुर सिलाई सेंटर पर गई थी इसी बीच आरोपी गोलू उर्फ सुनील पुत्र अज्ञात निवासी सबना थाना भीटी नाम के लड़के से भाग ले गया जाने से पहले उसकी बहन ने शादाब नाम के व्यक्ति को फोन करके बुलाया था। वही उसे गोसाईगंज ले जाकर छोड़ आया था। भीटी कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गोलू उर्फ सुनील, शादाब उर्फ विक्की के खिलाफ अपहरण की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वहीं भीटी कोतवाली प्रभारी अमित कुमार पांडे ने बताया कि लड़की की खोजबीन की जा रही है जल्द परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# दहेज में मोटरसाइकिल न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में नगर थाना क्षेत्र के पिपरा गौतम की रहने वाली सायरा खातून ने नगर पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि दहेज में मोटरसाइकिल न मिलने की वजह से ससुराल के लोगों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसने नगर थाने पर गुहार की लेकिन पुलिस ने उसकी बात नहीं सुनी। वहीं एसओ जयवर्धन सिंह का कहना है कि महिला और उसकी मां देर रात थाने पर आए थे। दोनों ने सुबह थाने पर आकर प्रार्थनापत्र देने के लिए कहा गया था। प्रार्थना पत्र मिलने पर दोषियों के खिलाफ केस दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया है कि उसकी शादी पिपरा गौतम के रहने वाले शमशेर अली के साथ लगभग तीन साल पहले हुई थी। कुछ दिनों से उसकी मां की तबीयत खराब होने की वजह से वह अपने मायके गांधीनगर आई हुई थी। सोमवार को उसका पति मायके से उसे साथ लेकर पिपरा गौतम आया। जहां उसकी सास खतीजा तथा ननद कुल्ली उसे गाली देने लगी। विरोध करने पर देवर शेरु, सास खतीजा, ननद कुल्ली और पति शमशेर ने उसके साथ मारपीट की। इस बात की सूचना उसने



फोन पर अपनी मां को दी। सूचना मिलते ही उसकी मां अमीना और उसकी बहन रूबी उसके घर आए तो उपरोक्त चारों उसकी मां और बहन को मारने लगे तथा उसे भी दुबारा मारा तथा घर से भगा दिया। कहा कि अब मोटरसाइकिल लेकर ही यहां आना।

## मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण किसान डिग्री कालेज में होंगा - जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्तीलोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने अपने कार्यालय चेम्बर में अधिकारियों के साथ बैंठक किया। बैंठक में उन्होने कहा कि मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण किसान डिग्री कालेज में होंगा। उन्होने संबंधित अधिकारियों को सौपें गये निर्वाचन कार्यो की समीक्षा किया और कहा कि किसान डिग्री कालेज में प्रशिक्षण कक्ष तथा परिसर में साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित करायें। इसके लिए उन्होने संबंधित अधिकारियों को मौका-मुआयना करने के लिए भी भेंजा है।




उन्होने पीडी/नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो आवश्यक सेवाओं में कार्यरत है, जिनका नाम जनपद में स्थित विधानसभाओं की मतदाता सूची में दर्ज है, उनका मतदान पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) से सम्पन्न करायें। इस दौरान सीडीओ/प्रभारी कार्मिक जयदेव सीएस, एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र, सीआरओ संजीव ओझा, पीडी/नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट राजेश झा, डीडीओ अजय सिंह, उप जिलाधिकारी/एआरओ बस्ती शत्रुध्न पाठक, ईओ नगरपालिका सत्येन्द्र सिंह, डीसी मनरेगा संजय शर्मा उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारीने अपने कार्यालय चेम्बर में अधिकारियों के साथ बैंठक किया

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती लोकसभा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने अपने कार्यालय चेम्बर में अधिकारियों के साथ बैंठक किया। बैंठक में उन्होने कहा कि मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण किसान डिग्री कालेज में होंगा। उन्होने संबंधित अधिकारियों को सौपें गये निर्वाचन कार्यो की समीक्षा किया और कहा कि किसान डिग्री कालेज में प्रशिक्षण कक्ष तथा परिसर में साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित करायें। इसके लिए उन्होने संबंधित अधिकारियों को मौका-मुआयना करने के लिए भी भेंजा है।

उन्होने पीडी/नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो आवश्यक सेवाओं में कार्यरत है, जिनका नाम जनपद में स्थित विधानसभाओं की मतदाता सूची में दर्ज है, उनका मतदान पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) से सम्पन्न करायें। इस दौरान सीडीओ/प्रभारी कार्मिक जयदेव सीएस, एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र, सीआरओ संजीव




ओझा, पीडी/नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट राजेश झा, डीडीओ अजय सिंह, उप जिलाधिकारी/एआरओ बस्ती शत्रुध्न पाठक, ईओ नगरपालिका सत्येन्द्र सिंह, डीसी मनरेगा संजय शर्मा उपस्थित रहें।

## ग्रामीण दिव्यांगों को स्वरोजगार के लिये दिया सहयोग

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** राम नवमी के उपलक्ष्य पर शिक्षित युवा सेवा समिति द्वारा इनेवल इण्डिया बैगलोर के मार्गदर्शन से संचालित ग्रामीण दिव्यांगजनों के लिए स्वरोजगर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 20 दृष्टिदिव्यांजनों जिन्हे प्रथम बैच के रूप में एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती द्वारा प्रशिक्षित किया गया था, में 10 दृष्टि दिव्यांगजनों को अनमोल इन्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा प्रत्येक दृष्टिदिव्यांग को अपने विस्कुट उत्पादन के 8-8 गत्ते उन्हें अपनी दुकान से विक्रय हेतु प्रदान करने का सहयोग दिया।

इसका शुभारम्भ दृष्टिबाधित युवा श्रवण कुमार जो कि हडिया चौराहा के निकट अपनी दुकान प्रारम्भ किये है के दुकान पर उक्त



सहयोग सामाग्री ओम प्रकाश आर्या प्रधान आर्य समाज-बस्ती के द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक गोपाल कृष्ण अग्रवाल एवं संस्था के सहयोगी एवं विशेष शिक्षक एवं अनमोल कम्पनी के अधिकारीगण अभय शुक्ल तथा प्रमोद श्रीवास्तव उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त प्रमुख रूप से चांदनी त्रिपाठी, राम जी शुक्ल, चन्द्रेश्वर प्रसाद मिश्र, विनोद कुमार उपाध्याय, राघवेन्द्र प्रताप मिश्र, राम सुरेश, जीतेन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती अनुसुइया, राज कुमार शुक्ल, राकेश सोनी, अमर सिंह के अतिरिक्त श्रवण कुमार के परिवारजन एवं समुदाय के लोग उपस्थित रहे । सभी ने अनमोल इन्डस्ट्रीज के डायरेक्टर अमन चौधरी की पहल के लिए उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया एवं श्रवण कुमार के दुकान के सफलता की कामना की।

## गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित रुपये 25000 रुपये का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती ओमप्रकाश सिंह के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर विनय चौहान के निकट पर्यवेक्षण में स्वाट टीम बस्ती व थाना वाल्टरगंज पुलिस द्वारा थाना कोतवाली जनपद बस्ती पर पंजीकृत मुकदमा यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित 25000 रूपये का ईनामियां अभियुक्त शुभम गौड़ उर्फ बाबू पुत्र झिनकू निवासी जामडीह पाण्डेय थाना कोतवाली जनपद बस्ती गौरा से पॉलिटेक्निक मोड़ ग्रेस हास्पिटल के पास से



गिरफ्तार कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक वाल्टरगंज दिनेश चन्द चौधरी, उ0नि0 जनार्दन प्रसाद प्रभारी स्वाट, व0उ0नि0 द्वारिका प्रसाद थाना वाल्टरगंज, उ0नि0 रामचरन थाना वाल्टरगंज, हे0का0 रमेश यादव, हे0का0 इरशाद खाँ, हे0का0 धर्मेन्द्र कुमार व हे0का0 अभय उपाध्याय स्वाट टीम, का0 शिवम यादव व का0 चन्दन कुमार स्वाट टीम, हे0का0 देवेश यादव सर्विलांस सेल, हे0का0 राकेश यादव, का0 रंजीत कन्नौजिया व का0 रोहित यादव थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती रहे शामिल।

## बाबरी मस्जिद प्रकरण क्या सपा प्रत्याशी की मुश्किलें बढ़ा सकता है

स्वतंत्र प्रभात

**जनपद पीलीभीत** में सपा प्रत्याशी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। जहां उनका जिले स्तर से नाराज़ कार्यकर्ताओं व नेताओं की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। तो वहीं अब एक नई मुसीबत उनके आगे खड़ी हो गई है। जिससे माना जा रहा है कि मुस्लिम मतदाताओं ने उनसे किनारा करना शुरू कर दिया है।यह चुनाव अब ये निर्धारित करेगा कि पीलीभीत में भविष्य किसका होगा। एक तरह से कहा जाए तो यह चुनाव कब्जे का चुनाव है। ये देखना भी दिलचस्प होगा कि इस पीलीभीत लोकसभा पर कब्जा समाजवादी पार्टी करती है या भारतीय जनता पार्टी या फिर कहीं बहुजन समाज पार्टी तो छुपा रुस्तम नहीं निकल जाएगी। फिलहाल पीलीभीत में मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। लेकिन सपा प्रत्याशी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। क्योंकि बाबरी मस्जिद प्रकरण में उनका नाम आने की जानकारी जब स्थानीय लोगों की लगी तो अब वह लोग भी कतराने लगे हैं। वहीं कई मुस्लिम मतदाताओं से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हमारे लिए धर्म पहले और पार्टी बाद में है। अगर बाबरी मस्जिद का ध्वस्त करने में इनका हाथ है तो निश्चित रूप से यह गलत है, और इनको वोट नहीं दिया जाएगा। फिलहाल देखना यह होगा कि आने वाले समय में समीकरण क्या कहते हैं। क्योंकि सपा प्रत्याशी पहले ही जिले में बैठे बड़े नेता से नाराज छोटे कार्यकर्ताओं को मनाने में भी



कामयाब नहीं हो पाए हैं। और उनके सामने एक नई मुसीबत और खड़ी हो गई है। फिलहाल उनके लिए यह डगर आसान नहीं लग रही है। जिले में बैठे बड़े नेता से बताया जाता है कि पूरनपुर के कई सपा के बड़े और छोटे नेता नाराज़ बताए जा रहे है। इसका भी खामियाजा कहीं ना कहीं प्रत्याशी को ही भुगतना पड़ेगा। क्योंकि समाजवादी पार्टी के नेता ही भितरघात कर रहे हैं और जिले का नेतृत्व भी कमजोर हाथों में है।

# स्कूल के बच्चों द्वारा रंगोली, नुक्कड़ नाटक, गायन तथा नृत्य के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में जेडी जे बी आनंद पीजी कॉलेज धनवारी खेमापुर अंबेडकर नगर में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जे0डी0 जे0 बी0 आनंद पी0जी0 कॉलेज में विद्यार्थियों को वोट के महत्व तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं, एक तरफ जहां विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया जा रहा है, वहीं जनपद के



विभिन्न स्कूलों में मतदान विषय पर प्रश्नोत्तरी, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं।स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता गीत और नृत्य के माध्यम से जागरूक किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अधिक से अधिक वोट डालने के लिए प्रेरित किया *जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों से अपील किया गया कि वे इन कार्यक्रमों में जो जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, उसे अपने तक सीमित न रखकर अपने अभिभावकों और आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें। वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को मजबूत बनाना है।* कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका तिवारी द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी भीटी ,जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह तथा अन्य अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# 697 आंगनबाड़ी केंद्रों में खुलेंगे लर्निंग कार्नर

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** जिले के 697 परिषदीय विद्यालय परिसरों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत लगभग 70 हजार बच्चों के लिए बड़ी खुशखबरी है। प्रत्येक केंद्र पर चार-चार लर्निंग कॉर्नर की स्थापना होगी। 50 लाख रुपये से अधिक की लागत से स्थापित होने वाले इन सभी लर्निंग कॉर्नर में खेलकूद सामग्रियों व स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को सरल भाषा में शिक्षा दी जाएगी।आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत छह वर्ष तक के बच्चों का लर्निंग स्तर बढ़ाने के लिए लगातार ठोस कदम उठाया जा रहा है। अलग-अलग माध्यम से सरल भाषा में शिक्षा दिए जाने से बच्चों का रुझान पढ़ाई की तरफ तेजी से बढ़ भी रहा है। इसी क्रम में अब सर्वशिक्षा अभियान के तहत ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र जो परिषदीय विद्यालय के परिसर में संचालित हैं वहां चार-चार लर्निंग कॉर्नर की स्थापना किए जाने का निर्णय शासन ने लिया है।मालूम हो कि जिले में कुल 2551 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इनमें से 697 आंगनबाड़ी केंद्र ऐसे हैं जो परिषदीय विद्यालय परिसर में संचालित हैं। इन्हें को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र भी कहा जाता है। इन केंद्र में पंजीकृत लगभग 70 हजार बच्चों को सरल भाषा में बेहतर शिक्षा देने के लिए संबंधित केंद्र परिसर में चार-चार लर्निंग कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय को आठ हजार 110 रुपये उपलब्ध भी करा दिए गए हैं।बीएसए कार्यालय के अनुसार लर्निंग कॉर्नर में आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी पांच सदस्यीय टीम करेगी। यह टीम विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष की देखरेख में कार्य करेगी। लर्निंग कॉर्नर में खेलकूद के सामान, स्मार्ट क्लास, जानवरों, चिड़ियों, फूलों व फलों की आकृति युक्त कैलेंडर समेत अन्य शिक्षा संबंधित सामग्रियां शामिल हैं।सभी को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर चार-चार लर्निंग कॉर्नर की स्थापना की जाएगी। इसके माध्यम से बच्चों को सरल भाषा में शिक्षा दी जाएगी। इसका बेहतर लाभ बच्चों को मिलेगा। - भोलेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए

## पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण कल से

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकर नगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थित में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया एवं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण 125 मास्टर ट्रेनरो को दिया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनरों से पूर्व में कराई गई ट्रेनिंग के बारे में पूछा गया ।मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिए गए जवाब से अधिकारी संतुष्ट दिखाई दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दिनांक 19 अप्रैल से पीठासीन अधिकारी /प्रथम मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रारंभ हो रहा है।मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिए गए हैं कि समय से उपस्थित हो संबंधित अधिकारियों को विधवत तरीके से प्रशिक्षण दिया जाए। जिससे 25 मई को मतदान सुचार रूप से कराया जा सके। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के 15 कमरों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें प्रत्येक कमरे में चार मास्टर ट्रेनर लगाए गए हैं। पीठासीन अधिकारी/ प्रथम मतदान अधिकारी को ट्रेनिंग के दौरान विधवत रूप से जानकारी प्रदान किया जाए जिससे आगामी 25 मई को होने वाले मतदान में कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता,प्रशिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम,मास्टर ट्रेनर मौके उपस्थित रहे।

## पड़ोसी प्रान्तों की कम्बाइन मशीनों पर परिवहन महकमा मेहरबान

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर** पशुओं का निवाला छीनने के साथ पड़ोसी प्रान्तों से आई कम्बाइन मशीनें प्रदेश सरकार को टैक्स का चूना लगाने के साथ कृषि महकमें के आदेशों की खुलेआम धज्जियां भी उड़ा रहीं हैं।समय की बचत के लिए फसलों को कम्बाइन मशीनों से कटाने के लिए किसानों में यह मशीन ज्यादा लोकप्रिय हो गई है। समय एवं धन की बचत होने से किसान कम्बाइन मशीनों से कटाना ज्यादा अच्छा समझ रहे हैं। फसलों को मशीनें भले की कम समय में काटकर उससे दाने को अलग कर देती है किन्तु ठूंठ से भूसा को जलाने की परम्परा आज भी कायम है। अवशेष जलाने पर भले की अपराध घोषित कर दिया गया हो किन्तु निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन नहीं हो रहा है जिससे किसानों के मंसूबे बुलन्दियों पर हैं। मौजूदा समय में दो सौ से ज्यादा कम्बाइन मशीनें गेहूं की कटाई कर रहीं हैं जिसमें से पड़ोसी प्रान्त पंजाब से आने वाली मशीनों की संख्या सैकड़ा से भी




अधिक हैं जिनका रजिस्ट्रेशन पंजाब में हुआ है और इसका व्यवसायिक प्रयोग उत्तर प्रदेश में बेरोकटोक किया जा रहा है।

नियमतः कम्बाइन मशीनों के साथ भूसा बनाने के लिए मशीन भी साथ में होना चाहिए जिससे गेहूं की कटाई करने के तुरन्त बाद भूसा बनाया जा सके किन्तु शायद ही कहीं ऐसा किया जा रहा हो। कृषि कार्य में उपयोग होने वाले वाहनों पर भले की टैक्स में छूट हो किन्तु व्यवसायिक प्रयोग होने पर टैक्स देना होता है। शायद ही कोई कम्बाइन मशीन व ट्रैक्टर ट्राली होगी जो व्यवयायिक के रूप में उपयोग करके टैक्स दिया जा रहा हो। पंजाब प्रान्त से रजिस्टर्ड होकर आई कम्बाइन मशीने भले ही इस जिले में व्यवसायिक के रूप उपयोग कर रहीं हैं किन्तु परिवहन महकमा उनके संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझ रहा है। ऐसे में उनके हौसले बुलन्दियों पर हैं और पशुओं का निवाला छीनने के साथ ही प्रति वर्ष टैक्स के रूप में लाखों रुपए का सरकार को चूना लगा रही हैं।'कटाई के समय मशीनों की चेकिंग किया जाता है और नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी किया जाता है। यदि ऐसा हो रहा है तो शीघ्र ही चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई भी किया जाएगा। सत्येन्द्र सिंह यादव, एआरटीओ अम्बेडकरनगर।

## किसानों के अरमान आग में जलकर खाक भीषण आग से सैंकड़ों बीघा फसल जलकर राख

स्वतंत्र प्रभात

धर्मेन्द्र राघव

**अलीगढ़,।** अतरौली तहसील स्थित गनियावली और पेंडरा गांव के बीच कई खेतों में आग लग गई। आग से खेत में खड़ी 50 से अधिक किसानों की सैंकड़ों बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। फसल को लेकर किसान अपनी आंखों में कई सपने संजोकर रखता है कि जब फसल बिकेगी, तो बेटी की शादी करेगा, कर्ज चुकाएगा, बच्चों का एडमिशन कराएगा, ये खरीदेगा-वो खरीदेगा। वही फसल जब उसके सामने जल कर राख हो जाए और उसके हिस्से में बस राख रह जाए, तो उस किसान के आंखों के आंसू भी सूख जाते हैं।

ऐसा ही हुआ अतरौली के गांव गनियावली और पेंडरा में, जहां दोपहर आग लगने से करीब 50 से अधिक किसानों की सैंकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग बुझाने में किसानों के पसीने छूट गए। दमकल की तीन गाड़ी मौके पर पहुंची, तब करीब डेढ़ घण्टे बाद आग पर काबू पाया जा सका। फसलों में बर्बादी देख किसानों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि गांव गनियावली में अपराह्न करीब 12.30 बजे किसान दीपक के नलकूप पर बिजली के तार से शार्ट सर्किट हुआ। जिससे उस खेत के गेहूं की फसल में आग लग गई। हवा चलने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। एक खेत से दूसरे खेत होती हुई आग कई खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को जलाते हुए पेंडरा गांव तक पहुंच गई।

किसानों ने ट्रैक्टर चलाकर खेतों में जुताई कर आग को काबू में करने का प्रयास किया, लेकिन आग काबू में नहीं आ सकी। किसानों ने ट्यूबवेल चलाकर खेतों में पानी चलाया और दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची, तब बमुश्किल करीब दो बजे आग पर काबू पाया जा सका। सूचना मिलने पर एमएलसी चौ ऋषिपाल सिंह, पवन वर्मा, जिप सदस्य पुष्पेंद्र लोधी, केपी मिस्त्री, बोधपाल सिंह आदि मौके पर पहुंचे और किसानों के नुकसान की जानकारी ली। एमएलसी चौ ऋषिपाल सिंह ने अलीगढ़ डीएम




से वार्ता कर किसानों के नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की कार्यवाही करने को कहा।

पीड़ित किसानों में बच्चू सिंह, वीरपाल, यासीन, चोब सिंह, साहब सिंह, कप्तान, कुमरपाल, मनोहर, नेत्रपाल, मुकेश, दूल्हे मियां, रघुराई, गनी, चतुरी, मनोज, अशरफ, शराफत, मख्खन, प्रमोद, समर सिंह, छोटे लाल, लतीफ, अमर सिंह, सूरजपाल, ओमप्रकाश, महिलाल, रामकुमार, अभिषेक नागर, दीपक, कन्हैया, योगेश, धीरेश, चुरामन, कलियान, केशर देव, सत्तार, इस्लाम, शायद खान, साजिद, साधु राम, रामप्रकाश, बासदेव, राजेश, शैतान, धुरी सिंह, हरिप्रसाद आदि शामिल हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 21 को

**लालगंज रायबरेली।** उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में 21 अप्रैल को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने बताया कि चिकमंडी स्कूल के सामने लगने वाले इस शिविर में शिशुओं से संबंधी सभी रोगो के साथ समस्त प्रकार के महिला रोगियों का इलाज एवं जांचे की जायेगी। शिविर में सीतापुर जिला अस्पताल के पूर्व चिकित्सक डा. एमके गुप्ता व डा. अनुराधा यादव रोगियो का परीक्षण व उपचार करेगी। युवा उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने शिविर में अधिक से अधिक मरीजो को लाने की अपील की है जिससे उनकी जांच एवं नि:शुल्क उपचार किया जा सके।

### जगदीशपुर पुलिस द्वारा 22 ग्राम हेरोईन के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार




**जगदीशपुर अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह थाना जगदीशपुर मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त अब्दुल वाहिद पुत्र मोहम्मद अतीक निवासी सिधियांवा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 40 वर्ष को जामो रोड तिराहे के पास से गिरफ्तार किया । तलाशी करने पर अभियुक्त के कब्जे से 22 ग्राम हेरोईन बरामद हुआ गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### अवैध तमंचे के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज थाना पैलानी पुलिस द्वारा गश्त एवं सदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान अलोना तिराहा से एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचे व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है । गिरफ्तार अभियुक्त में अमित कुमार द्विवेदी पुत्र राजाराम द्विवेदी निवासी ग्राम खैरई थाना पैलानी जनपद बांदा है।

### आग लगने से फूस का मकान व दो बीघे गेहूं की फसल जलकर हुई राख




**इटियाथोक,गोंडा।** थाना क्षेत्र के गांव पूरे मुसदी में एक घर में आग लग गई।घर के छप्पर में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।जिससे पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई।इटियाथोक थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पूरे मुसदी के मजरे भरपुरवा निवासी संतराम पुत्र सुकई के छप्पर घर में बुधवार की देर शाम आग लग गई।जिसमें घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।ग्राम प्रधान राज कुमार वर्मा ने बताया,कि संतराम राजभर गांव के बाहर फूस से बने घर में परिजनों के साथ रहते हैं।बुधवार की देर शाम को अचानक घर से आग की लपटें उठने लगीं।जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।चीख पुकार के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे।आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन बड़ी मुश्किल से आग बुझाई जा सकी।आग से गेहूं, चावल, सरसों, तख्ता, धान, बिस्तर कपड़े, जेवर व नकदी आदि जलकर राख हो गया है।पीड़ित ने तहसील प्रशासन को सूचना दी है। वही ग्राम पंचायत पूरे महा निवासी किसान सालिक राम के खेत में गुरुवार को आग लगने दो बीघा गेहूं की फसल जल गई। प्रधान पुत्र कृष्ण मुरारी मौर्य ने बताया कि खेत में काम कर रहे किसान ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक फसल जल गई थी।

## दुकानदारों और राहगीरों के लिए मुसीबत बनी कस्बे की खस्ताहाल सड़कें

● राहगीर व दुकानदार फांक रहे धूल, बीमारियों का बढ़ रहा प्रकोप



स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे की खस्ताहाल सड़के न केवल राहगीरों के लिए एक बड़ी मुसीबत हैं, बल्कि नगर के दुकानदारों के लिए आफत बनी हुई है। वाहनों के निकलते ही सड़कों से निकलने वाला धूल का गुबार लोगों को रोगी बना रहा है। चौराहों पर गड्ढों में तब्दील हो चुकी सड़कें दुर्घटना का सबक बनी हुई हैं। कस्बे के वीरा पासी चौक पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। जिसमें अक्सर बड़े वाहन फंसकर जाम की स्थिति उत्पन्न कर देते हैं। वहीं गुरबक्शगंज चौराहा से लेकर लखनऊ रोड रेलवे क्रॉसिंग व रायबरेली रोड पर बीरापासी चौक की सड़क पूरी तरह से उखड़ चुकी है। पीडब्ल्यूडी विभाग अक्सर गड्ढों में कंक्रीट व डष्ट डालकर उन्हें भरने का प्रयास करता है, तो परेशानी और अधिक बढ़ जाती है। नगर पंचायत की ओर से सड़क पर पानी डालकर राहत देने का प्रयास निष्फल हो जाता है।

डस्ट धूल में तब्दील होकर वाहनों के आने-जाने पर हवा में फैल जाती है। सुबह से लेकर शाम तक उड़ने वाली धूल के कारण सड़क पर कुहासे जैसा माहौल बना रहता है। जिससे सड़क के दोनों ओर बनी दुकानों के दुकानदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। धूल दुकानों के भीतर जमा हो रही है। जिससे बिक्री के लिए रखा सामान खराब हो जाता है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि दिनभर धूल के कारण उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है खांसी और स्वास जैसी गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं, तो सामान खराब हो जाने के कारण उनकी विक्री में प्रभाव पड़ रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है।

## अग्नि पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग, एसडीएम को दिया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात




**शिवगढ़,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के भुइयन पुरवा मजरे रानीखेड़ा में शॉर्ट सर्किट से जलकर खाक हुई गेहूं की फसल के मामले में रानीखेड़ा गांव के रहने वाले भाजपा किसान मोर्चा जिलामंत्री अखिलेश पटेल ने महराजगंज उप जिलाधिकारी राजित राम गुप्ता को ज्ञापन देकर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। गौरतलब हो कि सोमवार की दोपहर थाना क्षेत्र के भुइयन पुरवा मजरे रानीखेड़ा में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से करीब 20 बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक हो थी। भाजपा किसान मोर्चा के जिलामंत्री अखिलेश पटेल ने जिसकी सूचना शिवगढ़ पुलिस, हल्का लेखपाल एवं फायर ब्रिगेड को दी थी। वहीं शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने मय फोर्स के मौके पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड को बुलाया था। किसानों ने इंजन एवं पम्पी सेट चलाकर जीन पाइपों एवं बाल्टियों की मदद से किसी कड़ी मसक्कत से किसी तरह आग पर काबू पाया था। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचती तब तक कृषक सहाबदीन पुत्र नरायन, रामखेलावन पुत्र गंगादीन,गुरु पुत्र गंगादीन, रमेश पुत्र रामधनी, भगवानदीन पुत्र परमेश्वर, सन्नो देवी पत्नी गुरु नरायन, रामनरेश, रामसुमिरन पुत्रगण जगमोहन, लल्लू, कल्लू पुत्रगण विपति, इंद्रपाल पुत्र चंद्रिका प्रसाद, सुन्दरलाल पुत्र रामदत्त, छत्रपाल पुत्र भवानी, रामदेव आदि किसानों की करीब 20 बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई थी। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल सुशील शर्मा ने मौके पर पहुंचकर हुए नुकसान का जायजा लेकर अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी थी।

## प्रथम मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण मे 05 मतदान कर्मी रहे अनुपस्थित

● 15 से 18 अप्रैल तक कुल 25 प्रथम मतदान कार्मिक रहे अनुपस्थित

● अनुपस्थित मतदान कार्मिक 19 अप्रैल को द्वितीय पाली में प्रशिक्षण प्राप्त करें, अन्यथा की जाएगी कार्यवाही-डीडीओ

स्वतंत्र प्रभात




**रायबरेली,** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रथम मतदान कार्मिक के चतुर्थ प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय, रायबरेली में दो पालियों में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 1387 मतदान अधिकारियों को ईवीएम व वीवीपैट का सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें से कुल 5 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। प्रथम पाली में 02 और द्वितीय पाली में 03 अनुपस्थित रहे। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक कुल 25 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहें।

जिला विकास अधिकारी ने सभी 25 अनुपस्थित कार्मिकों को उनके कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से निर्देशित किया है कि वह 19 अप्रैल को द्वितीय पाली में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित कार्मिकों द्वारा 19 अप्रैल को आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त न करने की दशा में सम्बन्धित कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत संज्ञेय अपराध मानते हुए विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।

## ट्रक और टैंकर की भिड़न्त में लगी आग से हड़कम्प

● चालक सहित एक अन्य की जलकर मौत,कई भैंस भी मरी



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** थाना जवां क्षेत्र के अनूपशहर रोड स्थित नगोला मंदिर के सामने कोयला से भरा ट्रक व केमिकल के टैंकर में भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने के बाद दोनों ही वाहनों में आग लग गई। दमकल की तीन गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सड़क दुर्घटना में एक ट्रक चालक की जलकर मृत्यु हो गई। एक अन्य व्यक्ति भी बुरी तरह झुलस गया। दोनों को शिनाख्त नहीं हो सकी है। मौके पर कई थानों की फोर्स के साथ सीओ सिविल लाइन व इंस्पेक्टर बन्नादेवी भी पहुंच गए। इससे पूर्व दोनों वाहनों से टकराकर भैंस से भरा एक अन्य ट्रक भी सड़क के किनारे पलट गया जिसमें कई भैंस मर गई।

दुर्घटना में एक ट्रक चालक की जलकर मृत्यु हो गई। एक अन्य व्यक्ति भी बुरी तरह झुलस गया। दोनों को शिनाख्त नहीं हो सकी है। मौके पर कई थानों की फोर्स के साथ सीओ सिविल लाइन व इंस्पेक्टर बन्नादेवी भी पहुंच गए। इससे पूर्व दोनों वाहनों से टकराकर भैंस से भरा एक अन्य ट्रक भी सड़क के किनारे पलट गया, जिसमें कई भैंस मर गई। दुर्घटना का कारण तेज हवा के चलते राख का उड़ना बताया जा रहा है।

## मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दबोचा 20 हजार का इनामी पशु तस्कर

स्वतंत्र प्रभात




**अलीगढ़,।** टप्पल पुलिस मुठभेड़ में 20 हजार रुपये के इनामी प्रतिबंधित पशु तस्कर को दबोचा है। उसके पैर में पुलिस की गोली लगी है। घायल बदमाश को इलाज के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस कर्मियों ने बाइक से आ रहे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। इस पर वह तेजी से बाइक मोड़कर पिसावा की ओर भागा। रास्ते में दोनों ओर से पुलिस से स्वयं को घिरा देखकर आरोपी जट्टारी-पिसावा रोड ईट भट्ठे के सामने कच्चे रास्ते पर खेतों की ओर बाइक मोड़कर भागा, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। एक पशु तस्कर के पैर में गोली लगी।

सीओ खैर राजीव द्विवेदी ने बताया कि जट्टारी-पिसावा मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मियों ने बाइक से आ रहे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। इस पर वह तेजी से बाइक मोड़कर पिसावा की ओर भागा। इस पर पिसावा थाने को सूचना देने के साथ चेकिंग टीम ने पीछा करना शुरू कर दिया। रास्ते में दोनों ओर से पुलिस से स्वयं को घिरा देखकर आरोपी जट्टारी-पिसावा रोड ईट भट्ठे के सामने कच्चे रास्ते पर खेतों की ओर बाइक मोड़कर भागा तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।

इस पर आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी गोली चलाई जिससे आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर कराहने लगा। सीओ के अनुसार मुठभेड़ में पकड़ा गया अकबर पुत्र बक्शी खां बुलंदशहर जनपद के थाना खुर्जा के गांव मीरपुर का निवासी है। वह जनपद के गोंडा थाने से वांछित था। उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

## कांग्रेस के प्रदेश सह समन्वयक ने दीदी स्मृति के सामने थामा भाजपा का दामन

● लगातार बढ़ रहा भाजपा का कुनबा विपक्षियों को ढूंढे नहीं मिल रहा प्रत्याशी



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दीदी स्मृति इरानी की मौजूदगी में कांग्रेस के प्रदेश सह समन्वयक विकास अग्रहरि ने गुरुवार को भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने विकास अग्रहरि को पार्टी में शामिल किया। भाजपा प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह ने कहाकि अमेठी का आम-ओ-खास सभी दीदी स्मृति इरानी जी के साथ है। पिछले 10 वर्षों में दीदी स्मृति ने अमेठी से जो अपना रिश्ता बनाया है वह हर आने वाले दिन के साथ और मजबूत होता जा रहा है। यही वजह है कि अब लोग कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र के रानीगंज निवासी विकास अग्रहरि को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सह समन्वयक बनाया था। लेकिन, उन्होंने दीदी स्मृति व भाजपा में अपना विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। विकास ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए कहाकि दीदी स्मृति की अगुवाई में अमेठी हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रही है।

## ऐतिहासिक श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रहा भक्तों का जन सैलाब

● आसपास के जनपदों से भी पहुंच रहे श्रद्धालु



स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** विकासखंड शुक्ल बाजार के ग्राम सभा मवैया रहमतगढ़ के पूरे रग्घू शुक्ल में अभिषेक शुक्ला विधायक के सौजन्य से कराई जा रही ऐतिहासिक श्रीमद् भागवत कथा में शुकुल बाजार सहित आसपास के कई जनपदों से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। आयोजक अभिषेक शुक्ला विधायक द्वारा बताया गया की 15 अप्रैल से शुरू यह अमृतमई श्रीमद् भागवत कथा 21 अप्रैल तक होगी 22 अप्रैल को हवन एवं पूर्णाहुति तथा 23 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। कथा व्यास छोटे ठाकुर जी महाराज गोपी बाबा गोपीकुंज पीठाधीश्वर श्री धाम वृंदावन के मुखारविंदु से भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का बड़ा ही सुंदर और चरित्रार्थ वर्णन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कथा व्यास द्वारा भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का बड़ा ही सुंदर और चरित्रार्थ वर्णन किया गया, भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। मुख्य यजमान राममिलन शुक्ला एवं उमा शुक्ला द्वारा भक्तों के उठने बैठने एवं महाप्रसाद की उत्तम व्यवस्था कराई जा रही है, वहीं कार्यक्रम के आयोजक अभिषेक शुक्ला विधायक द्वारा कथा में शामिल होने वाले भक्तों को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्रतिमा एवं अंग वस्त्र भेंट स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भाजपा अमेठी गिरीश चंद्र शुक्ला, मास्टर सुधीर शुक्ला, संतोष तिवारी पप्पी, राजीव पांडे, दुर्गा शंकर एडवोकेट, शिव प्रकाश शुक्ला पप्पू, सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## राशन डीलरों ने नए कांटों में भी लगाई घटतौली की सेंध

● गरीबों को पांच की बजाय चार किलोग्राम बांटते राशन, बाकी करते ब्लैक




स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** जन वितरण प्रणाली में एक से बढ़कर एक मामले सामने आ रहे हैं। आए दिन जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों पर कालाबाजारी का आरोप लगता है। गरीबों को पांच की बजाय चार किलोग्राम बांटते राशन, बाकी करते ब्लैक पूर्ति विभाग के अफसरों की मिलीभगत से जनपदभर में राशन की कालाबाजारी का खेल चल रहा है। गरीबों के हक पर डीलर भी डाका डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। पांच की बजाय चार किलोग्राम राशन गरीबों को बांटकर बाकी ब्लैक कर देते हैं।

आपूर्ति विभाग के अफसरों की मिलीभगत से जनपदभर में राशन की कालाबाजारी का खेल चल रहा है। गरीबों के हक पर डीलर भी डाका डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। पांच की बजाय चार किलोग्राम राशन गरीबों को बांटकर बाकी ब्लैक कर देते हैं। शिकायतों के बाद भी पूर्ति विभाग के अफसरों द्वारा उन पर कार्रवाई नहीं की जाती है। इसके चलते ही उनके हौसले बुलंद हैं और कालाबाजारी का सिलसिला जारी है।

सरकार प्रति यूनिट के हिसाब से गेहूं व चावल कार्डधारक को देती है लेकिन, राशन डीलर इसमें ही गड़बड़ी करते हैं। वह पांच की बजाय चार किलो ग्राम राशन ही गरीबों को देते हैं। इसके बाद जो भी बचता है उसको ब्लैक कर देते हैं। जिसके बारे में तमाम लोग शिकायतें करते हैं लेकिन, जिम्मेदार अफसर सबकुछ हजम कर जाते हैं। जांच के नाम पर केवल कागजी औपचारिकताएं पूरी होती हैं। थाना क्वार्सी क्षेत्र के ज़ाकिर नगर में राशन दुकानों में गरीबों के राशन की खुलेआम चोरी का मामला सामने आ रहा है। यहां सेल्समैन द्वारा ग्रहकों को 40 किलो की जगह केवल 37 किलो बजन दिया जा रहा है। जिसमें 8 किलो गेंहू,15 किलो चावल,14 किलो बाजरा दिया जा रहा है।इस तरह करीब 3 किलो के हिसाब से हर ग्राहक के साथ चोरी की जा रही है।सरकार द्वारा आये नए कांटे में भी सेंध राशन डीलर सेंध लगाकर गरीबों को हक़ मार रहे हैं।ज़ाकिर नगर में जब जफरुद्दीन की दुकान पर पत्रकार पहुंचे तो वहां पता चला कि राशन की कालाबाजारी कहीं और हो रही है,वहां खुलेआम हो रही चोरी की वीडियो बनाई गई तो पहले से बैठे गुंडे बाहर निकल आये और मोबाइल छीन लिया साथ मारपीट पर आमादा हो गए।उसके बाद उन्हीं गुंडों ने वहाँ मौजूदा लोगों से वार्ता तक नहीं होनी दी।चोरी का बकायदा वीडियो भी बनाया गया है।गरीबों के राशन में खुलेआम डंडी लगाकर 35 किलो की जगह दुकानदार थमा रहे 32 किलो वजन दिया जा रहा है।स्थानीय निवासी महिला परवीन ने बताया कि राशन दुकान में गरीबों के राशन की चोरी लंबे समय से हो रही है। डीएसओ अभिनव सिंह से इस मामले को लेकर शिकायत की तो उन्होंने कहा कि मामला बेहद गंभीर है।इसकी जांच कराई जाएगी। शिकायत सही पाई गई तो दुकान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीएम अनिल कुमार के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक मतदाता जागरूकता

● लोकतंत्र में शत प्रतिशत मतदान से ही राष्ट्र का समुचित विकास संभव है-जयप्रकाश पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात

**सिधौली।** आज सोमवार को तहसील क्षेत्र सिधौली के ग्राम सोनारी स्थित जय शिक्षा निकेतन शिक्षण संस्थान के द्वारा उपजिलाधिकारी अनिल कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया आगामी 2024 को होने वाले लोकसभा चुनावो में शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से ग्राम रघुराजपुर तथा सोनारी में जन जागरूकता रैली के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रवक्ता चंद्रशेखर प्रजापति ने बताया मतदान ही लोकतंत्र का प्राण है इसलिए गांव के लोगों को जागरूक करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए लोगों को मतदान करने के लिए अपील की। प्रबंधक जयप्रकाश पाण्डेय ने कहा लोकतंत्र में?? शत प्रतिशत मतदान से ही राष्ट्र का समुचित विकास संभव है। प्रधानाचार्य आशीष पाण्डेय ने बताया महिलाओं, विकलांगो और वृद्धों को मतदान के लिए प्रेरित करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है कार्यक्रम के मौके पर दिव्यांशी पांडे, दिनेश मिश्रा, श्री कृष्ण, संदीप मिश्रा शिवानी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बीडीएनडी पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को अग्निशमन हेतु किया गया प्रशिक्षित

स्वतंत्र प्रभात




**लहरपुर सीतापुर-** वर्तमान समय में बढ़ रही गर्मी व लू की अधिकता के चलते क्षेत्र में अनेक अग्निकांड हो सकते हैं जिसके चलते धन हानि एवं जनहानि की भी संभावना बनी रहती है इसके अतिरिक्त घरेलू चूल्हे व रसोई गैस से भी अग्निकांड की संभावना पाई जाती है। इसी क्रम में अग्निशमन विभाग सीतापुर द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत अग्निशमन विभाग लहरपुर द्वारा नगर के बीडीएनडी पब्लिक स्कूल में सभी छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को अग्निशमन हेतु प्रशिक्षित किया गया एवं जागरूक किया गया। इसके साथ ही अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विषय पर आधारित एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के कक्षा 6, 7 व 8 के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों को संबोधित करते हुए अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने आज से बचाव हुआ अग्नि आपदा होने पर उसे कैसे निपटा जाए इसकी बिंदुवार जानकारी भी दी। इस अवसर पर लहरपुर अग्निशमन पुलिस विभाग के प्रभारी हर्ष कुमार सिंह अशोक कुमार सिंह व विवेक कुमार मौर्य विद्यालय प्रबंधिका मधु सिंह प्रधानाचार्या, कंचन सिंह शिक्षक, ओमप्रकाश पांडे, दिवाकर अवस्थी अभय सिंह, जयप्रकाश मौर्य ,प्रीति अवस्थी ,गोल्डी वर्मा ,पलक मिश्रा, शालिनी शुक्ला सहित सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बोले बीजेपी सांसद- अब देश में नहीं चलेंगे चार बीवियां और 40 बच्चे

स्वतंत्र प्रभात



**उन्नाव।** लोकसभा सीट उन्नाव से तीसरी बार सांसद बनने के लिए इलेक्शन लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज ने पब्लिक से वादा करते हुए कहा है कि इस बार सांसद बनने के बाद जनसंख्या नियंत्रण और समान नागरिकता अधिकार के दो कानून जरूर लागू कराऊंगा। चार बीवियां एवं 40 बच्चे अब इस देश में नहीं चलेंगे।

दरअसल भारतीय जनता पार्टी की ओर से उन्नाव लोकसभा सीट से साक्षी महाराज को एक बार फिर से अपना उम्मीदवार बनाया गया है। दो बार सांसद रहे साक्षी महाराज तीसरी बार एमपी बनने के प्रयासों के चलते बुधवार की देर रात भगवंत नगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पब्लिक से वादा करते हुए कहा कि सांसद बनने के बाद जब मैं इस बार वापस लौटूंगा तो जनसंख्या नियंत्रण एवं समान नागरिकता अधिकार के कानून को अवश्य लागू कराऊंगा। बृहस्पतिवार को बीजेपी सांसद के बयान का वीडियो तेजी के साथ वायरल हो रहा है सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि हम दो हमारे दो या हम दो हमारे तीन अथवा चार, जो भी कानून बनेगा वह सबके लिए एक होगा इस बार चार बीवियां एवं 40 बच्चे इस देश में नहीं चलेंगे, क्योंकि जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लोग कहां रहेंगे और क्या करेंगे यह सोचने का गंभीर विषय है।

# अवैध बस अढ्डे पर मौन जिम्मेदार




स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** आईबीपी पेट्रोल पंप पर अवैध रूप से संचालित बस अड्डे से आम जनमानस खासा परेशान है। वहीं जिम्मेदार सारे मामले को अनदेखी कर रहे हैं।

बताते चलें कि आईबीपी पेट्रोल पंप चौराहे की बीच सड़क पर घंटों बस खड़ी कर सवारी भरने से जहां एक ओर यातायात व्यवस्था खराब होती है वहीं दूसरी ओर बसों खिड़कियों के पास बैठे लोग अक्सर बीड़ी सिगरेट का सेवन करते देखे जाते हैं, जिससे एक दम बगल में पेट्रोल पंप होने से किसी बड़ी अनहोनी का भी डर बना रहता है। इसके ठीक सामने सदर चौकी में यातायात कार्यालय भी है। जिसकी गाडियां लगातार शहर में सड़कों पर खड़ी गाड़ियों को हटवाते और उन पर कार्यवाही करती नजर आती हैं, लेकिन क्या कारण है कि उनको अपने कार्यालय के सामने ही बीच सड़क पर खड़ी ये सवारी भरती बसें नजर नहीं आती। जिम्मेदार अधिकारियों का ये दोहरा चरित्र अशोभनीय है। नियम कानून के पालन की जिम्मेदारी क्या सिर्फआम जनमानस की है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे पशु सप्लायर

**उन्नाव।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मना करने के बाद भी लगातार राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पर पराली फेकी जा रही है। पशुओं की खाली गाड़ियों से पराली को उतार कर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे फेंका जाता है, जिसके बाद ज्यादा हो जाने पर उसमें आग लगा दी जाती है, जिसके धुएं से राहगीरों को दिक्कत होती है। वहीं दूसरी ओर इस पराली को खाने के लिए गौवंशों का झुंड शाम होते ही राजमार्ग पर इकट्ठा हो जाता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इन सब के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इन पर कार्यवाही न करके अपने विभाग में बैठकर आदेश आदेश खेल रहे हैं।

## सऊदी हुकूमत के खिलाफशिया समुदाय के लोगो ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**उन्नाव।** मुसलमानों के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद (स.अ.व) के परिवार जनों व उनके नवासों की मजारों को तहस नहस किए जाने के विरोध में शिया समुदाय ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बताते चलें कि शिया जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना रजा अब्बास ने डीएम को ज्ञापन सौंप सऊदी हुकूमत द्वारा जन्नतुल बाकी में दोबारा रौजा बनवाने की आवाज हुकूमत तक पहुंचाने की अपील की। बता दे कि आज से 91 वर्ष पूर्व सऊदी अरब के बादशाह द्वारा मदीना स्थित जन्नातुल बाकी में पैगंबर मोहम्मद (स.अ.व.) की बेटी जनाबे फत्मा जहरा (स.अ.) और उनकी औलादो की मजारो को बुल्डोजर से तहस नहस कर दिया था, जिसको लेकर पूरे हिंदुस्तान और दुनिया भर के तमाम शिया समुदाय के लोग एहतेजाज कर रौजे की दुबारा तामीर करने की मांग कर रहे है।

## गेहूं की फसल पर ग्यारह हजार लाइट का तार गिर जाने से डेढ़ बीघा की फसल जलकर राख



**पैलानी/बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के अलोना गांव में अचानक गेहूं की फसल पर आग लग जाने से किसानों में हड़कंप मच गया महरजवा पुत्र होरीलाल अलोना ने बताया कि मेरे खेत पर 11000 की लाइट का तार टूट कर गेहूं के खेत पर गिर जाने से डेढ़ बीघा की फसल जलकर राख हो गई है वही ग्रामीणों के मदद से आपको बुझाया गया बताया कि मात्र डेढ़ बीघा की फसल ही गेहूं बोया था जो अब साल भर जीवन यापन करने के लिए गेहूं नहीं है सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

## अवैध तमंचे के साथ शातिर अभियुक्त चिल्ला पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

- अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद

**बांदा ।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्यवाही के सुबह थाना चिल्ला पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अतरहट से कालेश्वर जाने वाली रोड ग्राम अतराहट से एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है । चिल्ला थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचे व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है । इस सम्बन्ध में थाना चिल्ला पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया ।

## छात्राओं के द्वारा निकाली गई, अग्निकांड से बचाव हेतु जागरूकता रैली



**बबेरू/बांदा।** बबेरू कस्बे में जेपी शर्मा इंटर कॉलेज के छात्रों के द्वारा एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में अग्निकांड से बचाव हेतु जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया है।

मामला बबेरू कस्बे का है। जहां आज गुरुवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में जेपी शर्मा इंटर कॉलेज के छात्राओं के द्वारा अग्निकांडो से बचाव हेतु कस्बे पर जागरूकता रैली निकल गई है। वहीं ग्रामीण और नगर वासियों को अग्नि से बचाव हेतु जागरूक किया गया। वहीं मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार के द्वारा बताया गया की 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सेवा सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उसी के तहत आज कॉलेज के बच्चियों के द्वारा अग्नि से बचाव हेतु कस्बे पर रैली निकाली गई है। जिसमें कहीं भी आग लग जाए तो आग से कैसे बचाव किया जाएगा इसको लेकर लोगों को जागरूक किया गया है। इस मौके पर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डाक्टर श्याम मनोहर राव शिक्षक प्रदुम सिंह, नरेंद्र गुप्ता सहित अन्य शिक्षक व सैकड़ो की संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

## अवैध गांजे की तस्करी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

– अभियुक्त के कब्जे से 2 किलो 500 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्था की बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना गिरवां पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया । गौरतलब हो कि थाना गिरवां पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 2 शातिर अभियुक्त पप्पू उर्फ राजेन्द्र कोरी को 1300 ग्राम अवैध सूखे गांजे के साथ थाना गिरवां क्षेत्र के दशरथ महाविद्यालय बण्डे रोड से तथा जितेन्द्र सोनी पुत्र उमाशंकर सोनी को 1200 ग्राम अवैध सूखा गांजा के साथ देशी शराब ठेका बरईमान पुर से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त जितेन्द्र सोनी पर कुल 7 मामलें तथा अभियुक्त पप्पू उर्फ राजेन्द्र कोरी पर कुल 3 मामलें पहले से ही दर्ज है । गिरफ्तार अभियुक्तों में पप्पू उर्फ राजेन्द्र कोरी पुत्र पुसुवा कोरी निवासी बण्डे थाना गिरवां व जितेन्द्र सोनी पुत्र उमाशंकर सोनी निवासी खुटला रहुनिया थाना कोतवाली नगर है।

## इंस्टाग्राम वीडियो बनाते समय युवक की हुयी मौत



**बांदा।** क्षेत्र के खैराडा गांव निवासी शिवम कुमार उम्र लगभग 21 वर्ष पुत्र वरदानी रैदास आज सुबह करीब 5- 6 बजे गांव के जूनियर हाई स्कूल में इंस्टाग्राम वीडियो ध्वजारोहण का पोल लगाने वाले सीमेंट से बने ढांचा में उल्टा लटक कर हाथ में एटा लेकर जिम करते हुए वीडियो अपने दोस्त अनु 16 वर्ष पुत्र लाल जी तथा अंकित 10 वर्ष पुत्र संतराम से वीडियो बनवा रहा था तभी ढांचा टूटकर शिवम के ऊपर गिर गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई परिजनों को जानकारी होते ही कोहराम मच गया और वहां भीड़ एकत्रित हो गई वह दो भाइयों में छोटा था तथा एक बहन है पिता बाहर रहकर मजदूरी करता था मृतक शिवकुमार भूरागढ़ की पानी पाउच फैक्ट्री में रिक्शा से इधर-उधर सप्लाई किया करता था आज सुबह करीब 5 बाहर से आए हुए पिताजी को खैराडा रेलवे स्टेशन से घर छोड़कर के जिम करने जूनियर हाई स्कूल गया था तभी यह हादसा हो गया थाना प्रभारी राम मोहन राय ने बताया की घटना की जानकारी मिली है घटनास्थल पहुंचकर के पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

स्वतंत्र प्रभात



**बबेरू/बांदा।** निर्वाचन आयोग सहित जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश में कमासिन ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेर्राव में प्रातः 10 बजे से कैलाशपति इंटर कॉलेज प्रांगण में लोकतंत्र के महापर्व पांचवें चरण 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता जागरूकता रैली खंड विकास अधिकारी कमासिन ओमप्रकाश द्विवेदी, प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार चतुर्वेदी ,ग्राम पंचायत प्रधान रज्जू देवी, ग्राम पंचायत सचिव सच्चिदानंद द्विवेदी के नेतृत्व में कैलाशपति इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं परिषदीय विद्यालय के प्राथमिक उच्च प्राथमिक छात्राओं ने कस्बा की गलियों में प्रभात फेरी निकालकर सभी मतदाताओं को पहले मतदान फिर जलपान करने सहित लोकतंत्र का भाग्य विधाता जागरूकता मतदाता के आकर्षण नारे लगाकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया । मतदाता जागरूकता रैली में प्रधान प्रतिनिधि राम प्रताप, कैलाशपति इंटर कॉलेज, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षिकाओं, शिक्षकों सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, जागरूकता मतदाता कैलाशपति इंटर कॉलेज प्रबंधक राम मूरत यादव ने अपने साथियों सहित सम्मिलित होकर छात्र,छात्राओं का उत्साह बढ़ाया ।

# लोकसभा चुनाव के तहत ऑफिसर्स को दिया गया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**उन्नाव।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से सेक्टर एवं जोनल ऑफिसर्स का द्वितीय प्रशिक्षण गुरूवार को सरस्वती विद्या मंदिर पूरनदास नगर में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 02 बजे तक जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी गौरांग राठी के कुशल निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रशिक्षण प्रभारी प्रेम प्रकाश मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट्स को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आप सभी गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लें और अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। उन्होंने कहा कि सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट्स की निर्वाचन में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए आप सभी को संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी होनी चाहिए। साथ ही सभी को ईवीएम के संचालन का भी ज्ञान होना अतिआवश्यक है। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट्स से उनके सुझाव भी माँगे तथा उनकी समीक्षा की। सेक्टर व जोनल मैजिस्ट्रेट्स के दायित्वों की संपूर्ण जानकारी सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग इ0 जय सिंह द्वारा एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से उपलब्ध करायी गयी। इस दौरान ट्रेनिंग ले रहे सभी अधिकारियों को पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारियों के कर्तव्यों एवं निर्वाचन प्रक्रिया का भी विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। ईवीएम के परिसंचालन विधि का प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण अधिकारी रामबहल द्वारा दिया गया। इसके उपरांत मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विधानसभा वार टेबल पर रखी कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट और वीवीपैट को चलाकर सभी सेक्टर एवं जोनल ऑफिसर्स को ईवीएम की बारीकियाँ सिखायी गयीं। प्रशिक्षण में सभी उप जिला अधिकारी, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार पांडेय, उपायुक्त मनरेगा तथा डीओ पीआरडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# गार्ड आफ आनर के साथ हवलदार पंकज सिंह को दी गई अंतिम विदाई

स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** ग्राम बेन्दा मजरा ऊसरहार निवासी पंकज सिंह उम्र 42 पुत्र कुंजबिहारी सिंह (पूर्वसूबेदार) माताजी प्रेमिला देवी इनके तीन लड़कों में पंकज सिंह सबसे बड़े थे पंकज सिंह स्वभाव से बहुत ही विनम्र और मिलन सार थे पंकज सिंह 9 जून 2004 मे भारतीय सेना मे भर्ती हुए थे इनकी शादी बिसंडा में हुई थी इनका एक लड़का प्रतीक सिंह उम्र 12 साल तथा एक लड़की राधिका उम्र 9 साल पंकज सिंह 2023 से लगातार बीमार चल रहे थे उनको पहले पैरो मे दर्द की परेशानी हुई जब नहीं ठीक हुआ तो पूना महाराष्ट्र के डाक्टरों ने जांच के बाद पेट में ट्यूमर बताया जिसका इलाज आर्मी हॉस्पिटल में चल रहा था लेकिन 17 अप्रैल दिन बुधवार को वह जिंदगी की जंग हार गए फाइव फील्ड रेजीमेंट आर्टिलरी विभाग में हवलदार की पोस्ट में औरंगाबाद में तैनात थे 18 अप्रैल दिन गुरुवार समय 11 उनका शव पैतृक निवास बेन्दा के मजरा ऊसरहार लाया गया घर वालों का रो रो के बुरा हाल है पत्नी रोशनी सिंह रोते-रोते बेहोशी की हालत में पहुंच गई माता-प्रमिला देवी पिता कुंजबिहारी सिंह रिटायर्ड सूबेदार गिर गिर पड़ रहे थे सारे गांव में दुख का माहौल व्याप्त है पंकज कुमार सिंह की मौत कल बुधवार को प्रातरू पूना महाराष्ट्र आर्मी अस्पताल में इलाज के दौरान हुई थी। आज सुबह पूना से शव को फ्लाइट से लखनऊ एयर पोर्ट लाया गया वहा पर सलामी देने के बाद सड़क मार्ग से शव को सेना के जवानों ने उनके पैतृक आवास लाया गया शव को देखकर पत्नी रोशनी पछाड़ खा कर गिर पड़ी इस बीच पत्नी रोशनी व मां प्रमिला देवी कई बार बेहोश हो गई। पंकज



कुमार सिंह के शव का अंतिम संस्कार यमुना नदी किनारे शमशान घाट पर प्रयागराज से आई सेना के जवानों ने सलामी देने के बाद किया गया। जब राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सैनिकों द्वारा पिता कुंजबिहारी सिंह को सौंपा गया तब पुरे जन समूह की आंखे नम हो गई। बेंदा घाट चौकी इंचार्ज हरिशरण सिंह ने भी कंधा दिया।

# एसडीएम के नेतृत्व में छात्रों के द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

स्वतंत्र प्रभात



**बबेरू/बांदा।** बबेरू कस्बे ने निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत रखते हुए बबेरू कस्बे में मतदाता जागरूकता रैली जेपी शर्मा इंटर कॉलेज के छात्रों के द्वारा निकल गई है। जिसमें लोगों को सत प्रतिशत मतदान के लिए नगर वासियों ग्रामीणों को जागरूक किया गया है। वहीं बाहर रहने वाले मतदाताओं को मतदान के पूर्व गांव में बुलाकर मतदान कराए जाने की लोगों से अपील किया है। जिसमें जेपी शर्मा इंटर कॉलेज के छात्रों के द्वारा स्लोगन के माध्यम से नगर वासियों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर न्यायिक एसडीएम निधि पटेल उप जिलाधिकारी नमन मेहता, तहसीलदार लालाराम राजपूत, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी प्रद्युम्न कुमार कश्यप, नायब तहसीलदार मनोहर सिंह सहित कालेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर श्याम मनोहर राव, शिक्षक प्रदुम्न कुमार ,नरेंद्र गुप्ता ,शिक्षिका पूजा श्रीवास्तव सहित लेखपाल राजेंद्र द्विवेदी राजस्व निरीक्षक छत्रपाल सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा।

# ग्राम पंचायत पिपरहरी में संचालित गौशाला में किसान ने बीस कुंतल भूसा दान किया

स्वतंत्र प्रभात



**बांदा।** विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के द्वारा लगातार भूसा दान के लिए अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के तहत तिंदवारी ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरहरी में संचालित अस्थाई गौशाला में पिपरहरी ग्राम पंचायत के किसान सुरेश सिंह जी ने गौ माता के लिए 20 कुंतल भूसा दान किया और उन्होंने सभी अपील की की ज्यादा से ज्यादा किसान आगे आकर कर भूसा दान करें। मौके में उपस्थित गौ रक्षा समिति से पैलानी तहसील अध्यक्ष पवन कुमार द्विवेदी ने अपने तहसील के अंतर्गत सभी किसानों से लगातार अपील कर रहे हैं कि अपने क्षेत्र से संबंधित गौशाला में ज्यादा से ज्यादा भूसा दान करें जिससे गौ माता को भूख से बचाया जा सके।

गौरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति जानकारी देते हुए बताया कि गौ रक्षा समिति के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है प्रत्येक गौ रक्षा समिति का पदाधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में जाकर किसानों से संपर्क किया जा रहा है और भूसा दान के लिए अपील की जा रही है। अभी कुछ दिन पहले दो मुस्लिम भाइयों ने गौ माता के लिए भूसा दान किया था। जो कि बांदा जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल के द्वारा भी भूसा दान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी किसी भी किसान से संपर्क नहीं कर रहे हैं।

इस मौके में ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह ने सभी ग्राम प्रधानों से अपील की है कि आप सभी अपने-अपने ग्राम पंचायत में किसानों को जागरूक करें भूसा दान के लिए अपील करें।

# भारतीय प्रसार शिक्षा समिति नई दिल्ली के कार्यकारी परिषद के नए सदस्य चुने गए

स्वतंत्र प्रभात



**बांदा।** बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि प्रसार विभाग के प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष प्रो0 भानु प्रकाश मिश्राको भारतीय प्रसार शिक्षा समिति, ( प्म्म् दृ प्दकपंद ैवबपमजल वि म्ग्जमदेपवद म्कनबंजपवद) नई दिल्ली के मध्य जोन के उपाध्यक्ष के रूप में सन 2024 से 2027 तक के लिए चुना गया है। इसी विभाग के सहायक प्राध्यापक व विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क अधिकारी डा0 बी.के. गुप्ता कार्यकारी काउंसलर के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। चयनित दोनों प्राध्यापकभारतीय प्रसार शिक्षा समिति, नई दिल्ली के कार्यकारी परिषद में अपना योगदान देंगे।इस समिति की स्थापना 22 जून 1964 को कृषि प्रसार/ प्रसार शिक्षा को आगे बढाने के उददेश्य से किया गया था जिसका मुख्यालय,कृषि प्रसार संभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान सस्थान, पूसा, नई दिल्ली में है यह समिति अपने स्थापना काल से ही देश में प्रसार, शिक्षा एवं शोध में कार्य कर रही है। वर्तमान में इस समिति में लगभग 2000 आजीवन सदस्य है। समिति के द्वारा एक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की त्रैमासिक शोध पत्रिका ÷इण्डियन जनरल ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन÷ प्रकाशित की जाती है।

प्रो0 मिश्रा का चयन मध्य क्षेत्र (उ.प्र.,म.प्र.,उत्तराखण्ड व छत्तीसगढ) के लिए उपाध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार चयन हुआ है। जबकि डा0 बी.के. गुप्ता का सलाहकार के रूप में सन2024 से 2027 तक के लिए चुने गए हैं। प्रो0 मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस समिति में उपाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवा के माध्यम से कृषि प्रसार/ प्रसार शिक्षा को आगे बढाने हेतु एवं क्षेत्र के सभी सदस्यो के हितों की रक्षा के लिए हर सम्भव प्रयास करता रहूंगा।

कार्यकारी सलाहकार के रूप में चयनित डा0 बी.के. गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त इस समिति के कार्यकारी सदस्य के रूप में कार्य करना एक गौरवपूर्ण व सम्मान की बात है।डा0 गुप्ता ने यह भी हा कि इस समिति तथा इसके द्वारा किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों को आगे बढाने हेतु सकारात्मक एवं फलदायी कार्य करेंगे जिससे इस विषय को आगे बढाया जा सके। प्रो0 मिश्रा ने सभी सम्मानित सदस्य गणों का अपना बहुमूल्य वोट देकर चयनित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस समिति के अध्यक्ष व भा.कृ.अनु.परि., नई दिल्ली के उप महानिदेशक डा. यू. एस. गौतम, सचिव, डा. सत्यप्रिय, संयुक्त सचिव, प्रो. बी. जिरली, कोषाध्यक्ष, डा. केशव व मुख्य संपादक डा. एम.एस.नैन है। दोनों प्राध्यापकों के के कार्यकारिणी में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण व छात्रों ने बधाई दिया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डा. धीरज मिश्रा, डा. पंकज कुमार ओझा, डा. अर्जुन प्रसाद वर्मा व विभाग के सभी शोधार्थी छात्रों ने फूल माला व बुके प्रदान करके बधाई दी।

# खेत में रखवाली कर रहे युवक को जहरीले सर्प ने काटा

- इलाज के दौरान हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कस्बे में फसल की रखवाली करने गए एक युवक की सर्प के काटने से इलाज के दौरान इलाहाबाद में मौत हो गई है। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया,वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बबेरू कस्बे के चौबेन थोक मोहल्ले के रहने वाले नीलू उर्फ गुड्डन चतुर्वेदी पुत्र स्वर्गीय महादेव चतुर्वेदी उम्र करीब 33 वर्ष, यह बीती रात्रि खेतों में फसलों की रखवाली करने के लिए गया था। वही रात में खेत पर ही सो गया। तभी सोते समय जहरीले सर्प ने काट लिया। तुरंत नीलू उर्फ गुड्डन चतुर्वेदी के द्वारा अपने परिजनों को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों के द्वारा निजी साधन से जानकी कुंड अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उपचार के बाद सोनीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरो ने इलाज के बाद मिलिट्री हॉस्पिटल इलाहाबाद के लिए रेफर कर दिया। परिजनों के द्वारा मिलिट्री हॉस्पिटल इलाहाबाद में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई, वही मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों ने आज बुधवार को मृतक के शव को बबेरू लेकर पहुंचे और बबेरू कोतवाली पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और आगे की कार्यवाही की जा रही है। वहीं पर जनों ने बताया कि मृतक का बड़ा भाई 1 वर्ष पहले आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो चुकी थी, मृतक युवक पांच भाइयों में सबसे छोटा था।



## संक्षिप्त ख़बरें

### हवन और कन्या पूजन के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन





**बलरामपुर**/पूरे जनपद में हवन और कन्या पूजन के बाद नवरात्रि व्रत का समापन हो गया।इसी अवसर पर भुसहर पुरई ग्राम पंचायत के मजरे फोंगही में भक्तिन दाई मंदिर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू रहे कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान महीनकी के द्वारा किया गया कार्यक्रम के व्यवस्थापक प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार रहे इस अवसर पर सेक्टर संयोजक विजय पाल प्रजाति सुनील कुमार त्रिपाठी प्रधान नीलम चौधरी फूलमती, धनीराम युवा समाज सेवी सुनील त्रिपाठी संतोष सिह व सैकड़ों की संख्या में सैकड़ों लोग मौजूद रहे

### अजय मिश्रा टेनी ने किया नामांकन

**भाजपा ने तीसरी बनाया है प्रत्याशी, बोले- यूपी की 80 सीटों पर जीतेगी उनकी पार्टी**



**लखीमपुर-खीरी** भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी गुरुवार को समर्थकों और प्रस्तावकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन करने के बाद उन्होंने कहा कि अबकी बार बीजेपी 400 पार करेगी और उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर जीतेगी। अजय मिश्रा टेनी के साथ सदर विधायक योगेश वर्मा, विधायक मनजीत त्यागी और उनके प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय मौजूद रहे।

### युवक का तमंचे के साथ वीडियो वायरल

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र में एक युवक का तमंचे के साथ वीडियो वायरल हुआ है। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर तमंचा बरामद किया है। पकड़ा गया युवक शातिर अपराधी बताया जा रहा है। बुधवार की शाम एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमे एक युवक तमंचा लिए हुए जा रहा है। किसी ने उसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह वीडियो थाना खीरी के मल्हपुर गांव का है।वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने कई संभावित स्थानों पर छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी रामलोटन गांव मल्हपुर का रहने वाला रामलोटन है। उसके खिलाफ थाना खीरी समेत जिले के अन्य थानों पर चोरी, लूट आदि के कई मामले दर्ज हैं।

### इधर-उधर भटके यात्री, निजी वाहनों से पहुंच रहे गंतव्य को



**पीलीभीत।** चुनाव को लेकर वाहनों का अधिग्रहण कर लिया गया है। इसमें मैजिक व इको भी शमिल हैं। बीसलपुर मार्ग पर पांच बजे के बाद रोडवेज की बस सेवा नहीं है। अधिग्रहण होने से बची शेष मैजिक दिन में ही संचालित हो रही हैं। सात बजे के बाद सफर करने वाले यात्रियों को निजी वाहन करना पड़ रहा है।19 अप्रैल को जिले में मतदान होना है। इसको लेकर अधिकारी व पुलिस कर्मियों के लिए मैजिक व अन्य छोटे वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। बड़े वाहन और बसें भी अधिगृहीत की गई हैं। ऐसे में स्थानीय मार्गों पर सवारी वाहनों का टोटा हो गया है। वाहन न होने से सवारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शाम सात बजे के बाद पूर्णागिरि व अन्य स्थानों से आने वाले यात्रियों को बीसलपुर मार्ग पर जाने के लिए कोई वाहन ही नहीं मिल रहा है। महज ट्रक या फिर कोई लोडर ही सहारा बन रहा है। चौराहे पर मौजूद चालक सवारियों को छोड़ने के दोगुने रुपये वसूलकर गंतव्य तक छोड़।

# ऐतिहासिक मेला चैती को सवारने का पूरा प्रयास किया है, विजय शुक्ला रिंकू

● छोटी काशी ऐतिहासिक मेला चैती के कार्यक्रम शुभारंभ

● मुख्य अतिथि राजकुमारी पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि रजनीश गुप्ता ,कार्यक्रम अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर किया।



**स्वतंत्र प्रभात**

गोला गोकर्णनाथ खीरी। कार्यक्रम की शुरूआत लिटल होपर्स एकेडमी के किंजल यादव, सिदरा बानो, मिस्ठी वर्मा, आद्यश्री अवस्थी, काव्या वर्मा, अनमिता भारती, सगुन पटेल, आख्या वर्मा, आद्या जायसवाल, अनाविया, अमोलिका राजपूत, उन्नति वर्मा, अदिति पटेल ने रंगीलो मारो ढ़ोलना-ढ़ोलना पर अपनी शानदार प्रस्तुति देकर किया। इंडियन हेरिटेज एकेडमी की रितिका श्रीवास्तव, मन्नत शर्मा, रिया पाडे, सायफा बानो, अवनि गुप्ता, निधि सिंह, आरोही गुप्ता, राखी शंखवार, तमन्ना बानो, मानवी गुप्ता ने राम आयेंगे पर प्रस्तुति दी।

कृषक समाज इंण्टर कालेज के काव्या शुक्ला, हृदयांशी सक्सेना, प्रभा अवस्थी, अनन्या गौड़, दर्षिका शर्मा, कनक, कीर्ति, अचिर्तत मिश्रा, शशांक शुक्ला, आदर्श शर्मा, सौरभ दिवाकर, नितिन कुमार ने रक्तबीज संहार पर दृष्य प्रस्तुत किया। मां सरस्वती शिक्षा मंदिर की आराध्या वर्मा, कोमल, सुरभि, नित्या, श्रुति, साक्षी ने बड़ा नीक लागे सांग पर और धानी आशी आद्या, मानवी, समद्धि,लक्ष्मी, आरजा, अंशू ने आना होगा कान्हा जब जब राधा तुम्हे बुलाएगी पर प्रस्तुति दी।सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्वी पटेल, कुशाग्र मिश्र, अथर्व गिरि, दर्श, शीतल बाजपेई, दिव्या वर्मा, नीतिका प्रजापपति, प्रिंसी शर्मा, रूपाली कनौजिया, आरोही बाजपेयी, हिमाली वर्मा, अनमोल वर्मा, अवनी गुप्ता ने बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं पर तथा लक्ष्मी जोशी, किंजल पटेल, सृष्टि वर्मा, श्रेयांशी वर्मा, अनुश्का वर्मा, काव्या श्रीवास्तव, प्रिया प्रजापति, आराधना जायसवाल, अनन्या श्रीवास्तव ने रितु आ गई रितु छा गई।

शारदे ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल की जानवी राज, पंखुड़ी तिवारी, आराध्या मिश्रा, माही अवस्थी, ज्योति गौतम, समर श्रीवासतव, मयंक शर्मा, बैभव सिंह कश्यप ने दही का दान दे दे पर प्रस्तुतीकरण दिया। आदर्श दुर्गा बाल विद्या मंदिर के सबनम गौतम,रूपा देवी, नैसी चौहान, पूजा देवी, अंकित ने जलबा जलबा, और सबनम गौतम,रूपा देवी, नैसी चौहान, पूजा देवी ने पानी छलके पर । उमा देवी चिल्डेंस एकेडमी की गुरलीन कौर, जसमीत, आरोही शुक्ला, नव्या गुप्ता, नम्रता गुप्ता ने मेचप पर प्रस्तुत की।

एफएम ज्ञान दायनी विद्या मंदिर की अनिका प्रजापति जुलम करि डारो, सितम करि डारो और अस्मिता गिरि ने चटक मटक पर प्रस्तुत की। यदुशील शिक्षा निकेतन जूनियर हाईस्कूल की यशी जोशी, सौम्या श्रीवास्तव, राजप्रिया खरे, अनन्या गुप्ता, हिमांशी जोशी, अंशिका यादव, वंशिका गुप्ता, शुभी रस्तोगी, अनुष्का कश्यप ने हर तरफ हर जगह हर कहीं पे है हॉ उसी का नूर पर प्रस्तुतीकरण दिया।

ब्राइट पब्लिक एकेडमी की प्राची देवी, मीनाक्षी देवी, खुशी प्रजापति, अमृता देवी, कशिश मिश्रा ने कान्हा बरसाने में आ जइयो, और नूर्वी, अंशुमान, पारूल कश्यप ने मुरली बजाते हो पीछे पीछे आते हो पर

पुरुषोत्तम बाल विद्या मंदिर के अनुकरुणा, तृषा वर्मा, नियां सक्सेना, शगुन मिश्रा, कार्तिक गुप्ता, आयत, शीतल राठौर, नन्दिनी राठौर, यश, प्रिया, कशिश ने *मसाने की होली पर

रामजानकी विद्या मंदिर इंटर कालेज के नैमिश, कमल, निखिल, सुधीर, आकर्ष, श्रेयश, अभय, अर्पित, आलोक, आयुष ने संदेशे आते हैं और इमा, ब्यूटी, अनन्या, तृष्टि, तान्या, सृष्टि मिश्रा ने आरम्भ है प्रचन्ड है पर कामधेनु विद्या निकेतन की मोहिनी देवी, राजनंदनी, अंजली देवी, शालिनी देवी, प्रतिभा देवी, बेबी ने *बावन गज की चुनरी को चढ़ाने जाऊंगी पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन अनुज खरे ने किया। इस अवसर पर सभासद शोभित सिंह, इजरान अहमद अंसारी, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार बाल्मीकि, हर्ष अवस्थी, धर्मेंद्र कुमार तिवारी, सौरभ तिवारी, शाहिद अंसारी, आनन्दकिषोर गिरि भोली, शब्बन खां, हरिओम वर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, रियाजुद्दीन, सुशील कुमार कश्यप, नानकचंद्र वर्मा, रज्जन खान, राजेष कुमार वर्मा, राजेष अवस्थी, आषीष अवस्थी, दानिष राईन, मोहित कुमार कनौजिया, सुरेष जायसवाल, अल्लू सैनी, कफील अहमद, शत्रोहन मिश्र, रविंद्र कटियार,विमलेश वर्मा नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, आर0आई0 अब्दुल रहीम अंसारी, लिपिक अमित श्रीवास्तव, शिवम् भारती, मोहित अवस्थी, विमलेश वर्मा, रामसिंह, अवधेश कुमार, आशुतोष शुक्ला, प्रेमप्रकाश पाठक, ऋषि कुमार, रितेश कुमार, अरविंद कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## रामलोक कल्याण समिति के द्वारा चल रही भव्य कथा का हुआ समापन

**स्वतंत्र प्रभात**






**धौरहरा खीरी।** धौरहरा क्षेत्र के ग्राम ढकनिया में रामलोक कल्याण समिति के द्वारा सात दिवसीय कथा का आयोजन किया गया जा रहा था, जिसका आज दिनांक 17 अप्रैल 2024 को समापन हुआ।इन सात दिवसीय कथा को ग्रामसभा वासियों ने सुनकर अपने जीवन को धन्य कर लिया, परम् आदरणीय गुरु जी के द्वारा सुनाई गई कथा को लोगों ने हृदय की गहराइयों से सुना एवं लोगों ने कहा कि गुरु जी के द्वारा इन सात दिवस की कथा को सुनकर हम सभी लोगों का जीवन धन्य हो गया है इसके लिए हम गुरु जी का एवं रामलोक कल्याण समिति का बहुत ही आभार व्यक्त करते हैं क्योंकि गुरुजी एवं समिति के माध्यम से हम लोगों को इतनी सुंदर कथा को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रामलोक कल्याण समिति ने कथा के साथ ही साथ माता रानी के भव्य जागरण का भी आयोजन किया,एवम लखनऊ बरेली से आए हुए कलाकारों के द्वारा बहुत ही सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई जिससे ग्राम सभा वासियों का मन हृदय से प्रफुल्लित हो उठा। कथा समाप्ति के उपरांत समिति के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तगणों ने माता रानी के प्रसाद को ग्रहण करके अपने जीवन को धन्य किया। समाप्ति के उपरांत जब हमारे अखबार की टीम ने समिति के संरक्षक सर्वेश दीक्षित से बात की तो उन्होंने बताया कि ऐसे ही आयोजन हमारी समिति हमेशा अपने ग्राम सभा वासियों के लिए करेगी ,उन्होंने बताया कि अगर सभी लोगों का प्यार रहा तो हमने इस ग्राम सभा वासियों के लिए बहुत कुछ सोच रखा है ,जो बच्चे इस ग्राम सभा में किसी भी कारण स्कूल नही जा पाते हैं ,उन बच्चों को उनके माता-पिता से बात करके उन सभी बच्चों को स्कूल भेजने में हमारी समिति हमेशा तत्पर रहेगी जिससे कि हर बच्चा शिक्षा पाकर अपने माता पिता एवम ग्राम सभा का नाम रोशन करें। एवं उन्होंने बताया कि हम हर वर्ग के साथ खड़े है, हमने अपना नंबर ग्राम सभा वासियों के दे रखा है,हमारी ग्राम सभा वासियों को कोई भी तकलीफ हो तो वह बिना झिझक हमसे वह हमारी समिति से 24 घंटे संपर्क कर सकते हैं हम और हमारी समिति 24 घंटे अपने ग्राम सभा वासियों के लिए तत्पर है। उन्होंने बताया की मूर्ति विसर्जन अगले दिन बृहस्पतिवार को सरयू घाट पर किया जाएगा। एवम इस आयोजन में हमारे ग्राम सभा वासियों ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया है और हमारी समिति के पदाधिकारी लोगों ने भी बढ़-चढ़कर अपना सहयोग किया जिसकी वजह से इस कथा का शांतिपूर्वक समापन हो पाया।

## प्रथम चरण के मतदान की समस्त तैयारियां पूर्ण भाजपा ने सपा को किया पस्त

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरेली/बहेड़ी**/बरेली मंडल के पीलीभीत लोकसभा सीट पर कल आज मतदान होना है इस सीट पर मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या निम्न है इस लोकसभा क्षेत्र में करीब 18 लाख 40000 मतदाता है जिसमें मुख्य मुकाबला सपा भाजपा के बीच था परंतु सूत्रों के अनुसार भाजपा प्रत्याशी ने अपनी मंजिल पूरी कर ली है इस क्षेत्र में जातिगत मतदाताओं के आंकड़ों कुर्मी मतदाता 2 लाख 15 मुस्लिम मतदाता 5 लाख लोधी समाज की संख्या 4 लाख 35000 सरदार 45 000 बंगाली 50000 पंडित 50000 मौर्य 70000 पासी 70000 जाटव 65000 कश्यप 40000 भुर्जी 28 000 बधाई 26 000 धोबी 26000 ठाकुर 22 000 हजार नई 19 000 यादव 18 000 बनिया 18 000 कुमार 18 000 राठौर 17 000 खटीक 12 000 कोरी 12000 जाट 12 000 का ईस्ट 12 000 पाली 8000 बेलदार 8 000 गुर्जर 8 000 धानुका 7 000 वाल्मीकि 7 000 गिरी 5 000 सुंदर 5 000 जायसवाल 50000 माली 2000 नट 1 हजार दर्जी दो हजार ईसाई 1हजार सूत्रों के अनुमान से किस लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या इस तरह प्राप्त हुई है इस सीट पर प्रमुख मुकाबला सपा भाजपा के मध्य था जिसमें सपा के पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार थे भाजपा के प्रत्याशी प्रदेश




सरकार के लोक निर्माण मंत्री जितेंद्र प्रसाद के बीच था परंतु चुनाव के अंतिम में अब भाजपा प्रत्याशी ने अपनी मंजिल पूरी कर ली है सूत्रों की मां ने तो भाजपा की जीत पक्की मानी जा रही है परंतु फिर भी अभी भी दोनों पक्ष के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों को जीत का दावा कर रहे हैं।

## अधेड़ का खून से लथपथ संदिग्धअवस्था में शव मिलने से मचा हड़कंप

**स्वतंत्र प्रभात**

**मोहम्मदी खीरी।** कोतवाली के मूडा निजाम चौकी क्षेत्र के गांव मुकंदीपुर में गुरुद्वारा के पीछे एक अधेड़ का खून से लथपथ संदिग्धअवस्था में शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हिंसक पशु द्वारा हमला करने से मौत की बात कहकर शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त न होने पर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

गुरुवार को गांव मुकंदीपुर निवासी बलजिंदर ने सुबह गुरुद्वारे के पीछे सड़क किनारे एक अधेड़ का खून से लथपथ अवस्था में शव दिखाई पड़ने पर पुलिस को सूचना दी। सीओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह चौकी प्रभारी हिमांशु आनंद सिंह की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शरीर पर निशान मिलने से हिंसक पशु द्वारा हमला करने की बात कहकर उसकी शिनाख्त न होने पर



पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला मृतक गांव में लगे साईं ईंट भट्ठा पर काम करने की बात सामने आई। पुलिस में भट्ठा मालिक से पूछताछ करने पर दस्तावेजों से मृतक की शिनाख्त गांव मनहरिया थाना शेरामऊ उत्तरी जिला पीलीभीत निवासी जसवंत 40 वर्ष पुत्र राम बहादुर के रूप में होने पर उसके परिजनों को घटना की सूचना भेजी गई है। भट्ठा मलिक कहना है उसके यहां मजदूरी करता था। उधर मृतक के शरीर पर निशान के साथ पहने कपड़े सुरक्षित मिलने पर लोग हत्या की आशंका जाता रहे हैं। मृतक शराब पीने का आदी होना पता चला है। सीओ का कहना है खून से लथपथ अवस्था में अधेड़ का शव मिला है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

# खीरी पुलिस के कुप्रशासन, भृष्टाचार और अत्याचार से आहत व्यक्ति विशेष ने राष्ट्रपति व राज्यपाल को पत्र भेजकर इच्छामृत्यु माँगी

**स्वतंत्र प्रभात**




**उचौलिया/खीरी।** यह खबर एक वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार एवं समाजसेवक शवीह अब्बास उर्फ डॉ शिफा हाल निवासी पिहानी जनपद हरदोई से जुड़ी है जिनका पैतृक घर तो जनपद खीरी के थाना उचौलिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम बढ़ैया में है मगर वह बचपन से गाँव में कभी भी नहीं रहे क्यूँकि पिता श्री हसन अब्बास बाहर सर्विस करते रहे तो उनका रहन-सहन अपने माता- पिता के साथ व उनका शैक्षणिक काल भी बाहर बीता और जब 15साल पूर्व पिता सर्विस से रिटायर हो गए तो पूरे परिवार ने गाँव में रहना बेहतर नहीं समझा इसलिए जनपद हरदोई की नगर पालिका परिषद पिहानी में घर खरीदकर रहने लगे।जहाँ डॉ शिफा क्लीनिक खोलकर प्राथमिक चिकित्सा कार्य करके अपने परिवार का भरण-पोषण और समाज सेवा कर रहे हैं।पैतृक गांव में उनकी सगी बुआ बसीम जहाँ रह रही हैं उनके पति सैय्यद मियां व बड़ा पुत्र जमन अब्बास लखनऊ मेट्रोलाइन डिपो में जेई की गाड़ी के चालक हैं।गाँव में पड़ोसी लकड़कट्टे समीम हैदर उर्फ भूरे,नसीम हैदर पुत्रगण निसार, सरताज मोलवी,आसिफ,हसीन, शवाब पुत्रगण अंसार आदि बहुत से पारिवारिक जन एकजुट होकर महिला-पुरुषों का एक पारिवारिक गैंग बनाकर रहते हैं जोकि काफी दबंग और झगड़ालू किस्म के लोग हैं।अपनी गुण्डा प्रवृत्ति के बल पर उनके घर के युवा डॉ शिफा की बुआ बसीम जहाँ की बेटियों को आए दिन स्कूल आते-जाते रास्ते में शोहदई करके अक्सर परेशान करते थे।उनकी बेजा हरकतों परेशान होकर दिनांक 19 दिसम्बर 2023 को बसीम जहाँ ने उनके घर जाकर उलाहना की और थाने जाकर रिपोर्ट लिखाने की धमकी दी तो उन्होंने रात में घर में घुसकर 5मुर्गे चोरी कर लिए और सुबह होते ही अपनी पान पुड़िया की गुमटी का ताला तोड़कर उल्टा बसीम जहाँ के पति व पुत्र के खिलाफ रात में लखनऊ से आकर चोरी करने के आरोप की झूठी तहरीर लिखाकर उचौलिया थाने में दे दी।इस बात की सूचना पीड़िता ने पिहानी में रह रहे अपने भाई-भतीजे डॉ शिफा को दूराभाष पर दी तो उन्होंने ट्वीटर पर पीड़िता के साथ घटित मामले की सूचना उच्चाधिकारियों तक दे दी।विरोधी लकड़कट्टे हैं इसलिए स्थानीय थाने की पुलिस से उनकी उठा-बैठी साँठ गाँठ रहती है बस इसी सांठ-गांठ के बल पर नेटवर्क जोड़कर 21दिसम्बर 2023 को सुबह सात बजे 17-18 महिला पुरुषों का हुजूम बसीम जहाँ के घर में घुसा और लाठी डंडों से मारापीटकर उसको मरणासन्न कर दिया।इस घटना को अंजाम देकर शातिर अपराधी योजनाबद्ध तरीके से पहले ही थाने पहुंच गए और अपनी एफआईआर 313/23 बसीम जहाँ व उसकी पुत्री के अलावा लखनऊ में रह रहे पुत्र जमन अब्बास व एक अन्य रिश्तेदार के विरुद्ध दर्ज करा दी।उधर काफी देर बाद लदी-फंदी बसीम जहाँ थाने पहुंची तो पुलिस ने उसकी तहरीर में लिखे सभी आरोपियों के नाम काटने के उद्देश्य से दूसरी तहरीर लिखाई जिसमें दूसरे पक्ष के भी 4व्यक्ति नामजद कर मुज़अज़्संज़314/23 दर्ज कर दिया।दोनों पक्षों की एफआईआर में एक जैसा घटनाक्रम दर्शाकर एक जैसी धारा 452/323/504/506 भादवि में मुकदमा लिखकर फरवरी में आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए।इस बीच विवेचक उदयभान सिंह ने आरोपी जनों पर कई बार 151 व 107/116 सीआरपीसी की कार्रवाई की मगर बसीम जहाँ की तरफ किसी के विरुद्ध कोई कार्रवाई न करके एफआईआर में दर्ज एक अन्य आरोपी पप्पू पुत्र रजा हुसैन के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्रवाई कर दी जोकि तकरीबन 3साल से गाँव नहीं आया है और न ही उसके पूरे जीवनकाल में अभी तक उसके विरुद्ध कोई मुकदमा या 107/116 सीआरपीसी लिखी गई।पुलिस और अपराधियों की साँठ-गाँठ से लगातार प्रताड़ित की जा रहीं बसीम जहाँ और उनके परिवार की पैरवी में डॉ शिफा ने विपक्षियों के विरुद्ध काफी लिखा-पढ़ी कर दी जिससे उनके विरोधी समीम हैदर उर्फ भूरे ने अपने घर की बहन बेटियों से धारा 354/376आईपीसी के मामले की झूठी वारदात बनाकर डॉ शिफा व बसीम जहाँ के पति अथवा पुत्र के विरुद्ध फर्जी मुकदमा लिखाने की धमकियाँ देकर सुलह समझौता करने के प्रयास में लोगों से कहलवाना शुरु कर दिया।डॉ शिफा ने उनकी इस तरह की धमकियों की सूचना एसपी खीरी व एसपी हरदोई को आईजीआरएस कर दी थी।जब उनकी धमकियों के भय में आकर डॉ शिफा ने सुलह नहीं की तो बीती तारीख दिनाँक 10अप्रैल को 30वें रोजे की सायं समय 5बजे बसीम जहाँ के पति जब लखनऊ से चलकर खीरी के बढ़ैया गाँव अपने घर परिवार के बीच ईद मनाने के लिए पहुंचे तो उसी दिन उनके विरोधी भूरे ने शाम समय 7बजे अपनी विवाहित बहन परवीन बेगम की नाबालिग बेटी के साथ बकरी चराते हुए अश्लील हरकत व बुरी नियत से पकड़ने का झूठा आरोप दर्शाकर योजनाबद्ध तरीके से उचौलिया थाने जाकर एक तहरीर दे दी।जिसकी जांच 11अप्रैल को एसएचओ जितेंद्र बहादुर सिंह व उप-निरीक्षक सोभरन सिंह ने करके डॉ शिफा को दूरभाष वार्ता करके अगले दिन थाने आकर मिलने के लिए कहा वरना मुकदमा लिखकर जेल भेजने की बात कहकर भयभीत कर दिया।व्यक्ति विशेष की प्रतिष्ठा दाँव पे लगाकर अनमोल जीवन से ऐसा खिलवाड़ किया गया कि 13अप्रैल 2024 को दो स्टाम्प पेपरों पर थाने में दोनों पक्षों के सभी अदालती वकालती मुकदमों एवं प्रार्थना-पत्रों में सुलह समझौता लिखाकर हस्ताक्षर व फर्जी नोटरी कराकर एक-एक प्रति दोनों पक्षों को थमा दी गई।डॉ शिफा ने बताया कि इस सुलह-समझौते को उन्होंने स्वतंत्रापूर्वक नहीं बल्कि मजबूर होकर लिखा है और इसमें जो स्टाम्प पेपर इस्तेमाल हुए हैं वे फर्जी नाम पर क्रय किए गए हैं तथा नोटरी भी फर्जी की गई है।इसलिए उन्होंने पुलिस और अपराधियों के कुठाराघात से पीड़ित होकर महामहिम राष्ट्रपति व राज्यपाल उत्तर-प्रदेश के अलावा चुनाव आयोग को पत्र भेजकर माँग की है कि व्यक्ति की प्रतिष्ठा और जीवन अनमोल होते हैं उनसे खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई न होने तक उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान न करने की कसम खाई है और साथ ही निष्पक्ष जांच व कार्रवाई न होने पर इच्छामृत्यु का आदेश भी माँगा।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से एक घर जला

**स्वतंत्र प्रभात**

**मितौली खीरी।** हैदर नगर गांव में अज्ञात कारणों से अचानक एक घर में आग लग गई। आग लगने से तीन छप्परों समेत ग्रहस्ती का सामना जल गया। सुचना के बाद भी देर से पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी।ग्रामीण ने कड़ी मशक्कत से आग बुझाई। घर के परिजन दिल्ली काम करने के लिए बाहर गए हैं। घर में नहीं था कोई। वही मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने मितौली क्षेत्र के गांव हैदरनगर निवासी मनोज कुमार गौतम पुत्र छोटे लाल अपने परिवार के साथ तीन महीने से दिल्ली मजदूरी करने गए थे। अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई । आग फैलते देख ग्रामीणों ने शोर मचाने पर पहुंचे



ग्रामीण तेज हवाओं के चलते कठिनाई आई।तेज हवाओं से देखते देखते आग से तीन छप्परों को अपने आगोश में ले लिया।। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग बुझाने में कामयाब हुए। आग लगने से मनोज गौतम के तीन छप्पर,तख्त,चारपाई,व ग्रहस्ती ?का सामान जल गया। सुचना के बाद बहुत देर से पहुंची मितौली दमकल विभाग की गाड़ी ने औपचारिक नाम पता नोट कर वापिस मितौली चली गयी । ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग बुझाने में कामयाब हुए । देर से? पहुंची दमकल विभाग मितौली सुचना पर देर पहले पर कुछ ग्रामीणों ने विरोध किया।

## 26लोकसभा चुनाव 2024- पोलिंग पार्टियां रवाना, पीलीभीत-बहेड़ी में मतदान कल, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**स्वतंत्र प्रभात**

**पीलीभीत जिले** में 19 अप्रैल यानि शुक्रवार को पहले चरण में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान है। लोकतंत्र के महापर्व में मतदान कराने की जिम्मेदारी संभालने वाले मतदान कार्मिक बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे से मंडी समिति परिसर पहुंचने लगे थे। यहां से उनकी रवानगी की प्रक्रिया शुरू हुई। बहेड़ी संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव का मतदान कराने के लिए मंडी परिसर से पोलिंग पार्टी मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गई हैं। बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे से कार्मिकों को उनकी ड्यूटी वितरित की जाने लगी। ड्यूटी वितरण विधानसभा वार किया गया। कार्मिकों की सुविधा के लिए ड्यूटी सूची भी चस्पा की गई। जिले में 1521 बूथों पर मतदान होना है। प्रशासन ने पोलिंग पार्टियों की रवानगी के सभी इंतजाम एक दिन पहले ही पूरे कर लिए थे। विधानसभा क्षेत्रवार ड्यूटी पत्र वितरण की व्यवस्था की गई। कार्मिकों को दवा किट और अन्य सामग्री भी दी गई।

मतदान की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीलीभीत जिले में मतदाताओं की संख्या 14,61,062 है। वहीं बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में 3,70,637 मतदाता हैं। जिले में 958 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टियों के ठहरने के लिए इंतजाम पूरे किए जा चुके हैं।



पीलीभीत- बहेड़ी लोकसभा से कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान हैं। मतदान के लिए बुधवार की शाम पांच बजे के बाद प्रचार बंद करा दिया गया है। सुरक्षा के लिहाज से स्थानीय पुलिस के साथ ही अर्धसैनिक बल को भी लगाया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया ने बताया मतदान के लिए 1674 पार्टियों हैं। इसमें 153 रिजर्व में रखी गई हैं। 1521 बूथ बनाए गए हैं। दोपहर के समय डीएम संजय कुमार सिंह ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर तैयारियों का जायजा भी लिया

**हर विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त किए सुपर जोनल मजिस्ट्रेट**

शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए जिले में 14 जोनल तथा 102 सेक्टर मजिस्ट्रेटों को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विधानसभावार एक- एक सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अधिकारियों को नामित किया गया है।

**तीस स्वास्थ्य कर्मियों की लगाई गई**

**10 टीमें**

पोलिंग पार्टी रवाना होने के दौरान कर्मियों की सेहत को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी सक्रिय कर दी गई हैं। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया मंडी में तीन-तीन स्वास्थ्य कर्मियों की 10 टीमों को लगाया गया है। इसके साथ ही एंबुलेंस भी मौजूद रहेगी। उपचार के लिए आवश्यक दवाएं भी दे दी गई हैं।

**मॉडल और विशेष बूथ**

10-10 मॉडल बूथ बने हैं प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में।

02-02 विधानसभा वार पिंक बूथ बूथ बनाए गए हैं।

02-02 यूथ बूथ बनाए गए हैं।

दिव्यांग मतदाताओं के लिए भी विशेष बूथ बनाए गए हैं।

762 बूथों पर होगी वेब कास्टिंग।

261 बूथों को रखा गया है क्रिटिकल श्रेणी में।

51 बूथ हैं वल्नरेबल श्रेणी में।

## तमंचे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद की एकौना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगवा खास के पास 1 अभियुक्त दीवान साहनी पुत्र जयचंद साहनी निवासी भिरवा पोस्ट नगवा खास को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करना व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार



**भदोही** दिनांक-14.04.2024 को थाना औराई में पीड़िता द्वारा सूचना दिया गया कि आरोपी युवक द्वारा उनके साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया गया व धमकी दिया गया है। सूचना पर तत्समय ही आरोपी युवक के विरुद्ध मु0अ0सं0-83/2024 धारा-376,506 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तारी के प्रयास सहित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला सम्बंधित अपराध में त्वरित कार्यवाही व आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक औराई के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा युवती के साथ दुष्कर्म करने व धमकी देने के आरोपी गोविंद सरोज पुत्र राजेंद्र प्रसाद सरोज निवासी ग्राम समधा (रौरी) थाना औराई जनपद भदोही को आज दिनांक-17.04.2024 को उगापुर नहर के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान मा0 न्यायालय किया गया। पंजीकृत अभियोग में पुलिस द्वारा वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन व मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आरोपी को शीघ्र ही दंडित कराया जाएगा।

## उम्र अट्ठारह पूरी मतदान करना जरूरी



कंपोजिट विद्यालय सारीपुर ज्ञानपुर भदोही में डिस्ट्रिक्ट स्वीप आईकॉन अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ मतदाता जन जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों द्वारा आन बान और शान से देश बड़े मतदान से, मम्मी पापा भूल न जाना वोट देने जरूर जाना इत्यादि नारे लगाते हुए गांव में भ्रमण कर सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें जागरूक किया गया इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र सिंह मनोज कुमार यादव मनोरमा शर्मा शिविका लता एवं अनिता श्रीवास्तव साथ-साथ भ्रमण करते हुए बच्चों का उत्साह बर्धन किया।

## धूमधाम से निकली भगवान श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा



**चुनार।** श्रीराम नवमी के अवसर पर गंगेश्वरनाथ स्थित श्री राघव जी मंदिर से बुधवार की शाम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर सर्राफा बाजार, चौक, गोला बाजार, गंगेश्वरनाथ होते हुए पुनः मंदिर पर श्रीराम जी की आरती के साथ संपन्न हुई। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान गौरी नाथ दीक्षित, बचाऊ लाल सेठ, सतेंद्र नाथ द्विवेदी, प्रतीत वैद्य, पवन सेठ, संजय साहू, विनय गुप्ता, सुजीत यादव, अंशु अग्रवाल, नंदलाल सेठ, विजय बहादुर सिंह, संतोष यादव, समर्थ वैद्य, जगदीश सेठअखिलेश मिश्रा,चंद्रहास गुप्ता,आलोक श्रीवास्तव,मनीष राय,चंदन सेठ,राकेश गुप्ता,विनोद जायसवाल,प्रद्युम पाठक, राजेश जायसवाल, तिलक जायसवाल, जितेंद्र यादव, कृष्णा जायसवाल, राजेश साहू सहित बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे। शोभायात्रा में कस्बा चौकी प्रभारी उदय नारायण, हेड कांस्टेबल इंद्रबली राय पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे।

## बिजली के सात पोल का तार काट कर चोरी, अवर अभियंता ने अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर

**पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है**

**मीरजापुर, राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र में सात पोल की बिजली का तार काटकर चोरी कर लिया गया है। इसके खिलाफ विभाग के अवर अभियंता राकेश सिंह ने स्थानीय थाने में बिजली का तार चोरी होने की तहरीर दी है। अवर अभियंता राकेश सिंह का आरोप लगाया है कि विद्युत उपकेंद्र ददरा राजगढ़ में संचालित इंदिरानगर महदेउआ के बीच 11 केवीए सात पोल का तार अज्ञात चोरों द्वारा बुधवार गुरुवार की रात काट लिया गया है, तथा चोर तार काट कर उठा ले गए हैं। जिससे तलरे क्वार्टर नंबर छ- आदि बस्ती की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। राजगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने बताया कि बिजली विभाग की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# प्रेक्षकगणों हेतु गेस्ट हाउस एवं स्टेशनरी स्टोर जिला पंचायत सभागार का डीईओ ने किया निरीक्षण

**● - प्रेक्षकगणों के प्रवास व कार्यालयी सुविधा के दृष्टिगत डीएम ने गेस्ट हाउस का निरीक्षण कर कमियों को अविलम्ब दूर करने का दिया निर्देश**

**● - मतदान के दिन पीठासीन अधिकारियों द्वारा प्रयोग किये जाने वाली स्टेशनरी किट स्टोर का डीईओ ने किया निरीक्षण**

**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही 18 अप्रैल, 2024:-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत तैयारियों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने मा0 प्रेक्षकगणों के दृष्टिगत गेस्ट हाउस एवं पीठासीन अधिकारियों को दिये जाने वाले स्टेशनरी किट का जिला पंचायत सभागार में प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह व उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य के साथ निरीक्षण किया।

लोकसभा निर्वाचन को पारदर्शी व सकुशल ढ़ग से सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद में भेजे जाने वाले तीन मा0 प्रेक्षकों (सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक) के आवासीय व कार्यालयी सुविधा हेतु गेस्ट हाउस का जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण करते हुए दर्शित कमियों जैसे-वाल पेटिंग, अन्य मरम्मत कार्य को अविलम्ब दूर करने का अधिशासी अधिकारी ज्ञानपुर को निर्देश दिया। मा0 प्रेक्षकगणों के कार्यलयी सुविधा के दृष्टिगत कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सहित अन्य बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

25 मई मतदान प्रक्रिया में आवश्यक स्टेशनरी किट के व्यवस्था के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्टेशनरी स्टोर/जिला पंचायत सभागार का निरीक्षण किया। स्टेशनरी प्रभारी/उप निदेशक कृषि डॉ0



अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि 1253 बूथों के सापेक्ष 10 प्रतिशत अतिरिक्त स्टेशनरी किट के साथ कुल 1380 स्टेशनरी किट की व्यवस्था की गयी है। आगामी दिनों में कुछ आवश्यक प्रपत्रों को किट में ऐड करते हुए लगभग सारी व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया गया है। कुछ आवश्यक प्रपत्रों के प्रिन्टिग होकर आने के बाद स्टेशनरी किट का जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में रैण्डमली चेकिंग किया जायेगा। मौके पर उपस्थित सभी कार्मिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य को बड़ी सजगकता व जिम्मेदारी के साथ मनायोग से पूर्ण करें।

# ए.डी.जी. जोन, वाराणसी द्वारा पुलिस कार्यालय व पुलिस लाईन का किया गया निरीक्षण/भ्रमण

**● - आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत की गई तैयारियों व कार्यवाही के संबंध में श्रीमान् डीआईजी रेंज मिर्जापुर, जिलाधिकारी भदोही व पुलिस अधीक्षक भदोही सहित समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारीगण व थाना/शाखा प्रभारियों के साथ की गई गोष्ठी**

**● -आदर्श आचार संहिता के शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु सर्व सम्बन्धित को दिए गए व्यापक निर्देश**

**● -निर्वाचन प्रक्रिया में खलन पैदा करने वाले शरारती तत्वों को चिन्हित कर नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही हेतु किया गया निर्देशित**

**● -शस्त्रधारक के शस्त्रों को शत-प्रतिशत जमा कराने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को दिए गए सख्त निर्देश**

**संगठित/पेशेवर अपराधियों, गौ तस्करों/मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध की जाए गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही के साथ गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत संपत्ति जब्तीकरण की करे कार्यवाही**

**जनपद के सम्भ्रान्त/ गणमान्य व्यक्तियों व पत्रकार बंधुओ के साथ बैठक कर की गई प्रेस वार्ता**

**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही** आज दिनांक 18.04.2024 को श्री पीयूष मोर्डिया, अपर पुलिस महानिदेशक




वाराणसी जोन वाराणसी द्वारा पुलिस कार्यालय व पुलिस लाईन की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी के आगमन पर सर्वप्रथम गार्द द्वारा सलामी दी गई। इसके उपरांत महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित आगुन्तक कक्ष का निरीक्षण कर प्रतिदिन आने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी की गई। प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, आई.जी.आर.एस. कार्यालय, जन शिकायत प्रकोष्ठ, पेशी कार्यालय पुलिस अधीक्षक भदोही, पेशी कार्यालय अपर पुलिस अधीक्षक, रिकॉर्ड रुम, पत्रावली शाखा, डीसीआरबी शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ शाखा, रिट सेल, मानवाधिकार शाखा, पासपोर्ट शाखा, साइबर हेल्प सेन्टर आदि शाखाओं एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा शाखाओं में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों से वार्ता कर उनके कार्यो की जानकारी की गयी तथा सभी अधिकारी/कर्मचारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित होकर पूर्ण मनोयोग से कार्य करने तथा कार्यालय रिकॉर्ड को दुरस्त रखने हेतु निर्देशित किया गया। शाखाओं के अभिलेखों के रख-रखाव को चेक किया गया तथा साफ-सफाई रखने तथा राजकीय कार्य समय से सम्पादित करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान श्री आर0पी0 सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर व डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही, डॉ0 तेजवीर सिंह, क्षेत्राधिकारीगण व समस्त शाखा प्रभारी व शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

निरीक्षण करने के उपरांत अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा पुलिस लाईन स्थित सभागार कक्ष में श्रीमान् जिलाधिकारी भदोही व जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना/शाखा प्रभारियों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत की गई तैयारियों व पुलिस कार्यवाही के संबंध में गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान महोदय द्वारा शराब, खनन, गौकश/गौतस्कर, भूमाफिया तथा मादक पदार्थ तस्करों आदि के बारे मे जानकारी कर इस प्रकार के अपराधो में संलिप्त अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत की गई कार्यवाही तथा गैंगस्टर अधि0 के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने तथा जनपद मे खनन, शराब, गौकश/गौतस्करों, भूमाफियाओं तथा मादक पदार्थ तस्करों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर अभियोग पंजीकृत कर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु प्रभारी यातायात व थाना प्रभारियों को कार्ययोजना तैयार कर प्रतिदिन अपने-अपने थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए असामाजिक तत्वों, नई उम्र के संदिग्ध लड़कों, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी, तेज रफ्तार मोटरसाईकिल, बिना हेलमेट, पटाखे वाली बुलेट आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। थानो पर लंबित विवेचनाऐं, विशेषकर एससी एसटी एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराध, पोक्सो एक्ट आदि की समीक्षा की गई तथा कार्य योजना बनाकर गुण दोष के आधार पर विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने, विशेष रूप से वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा पॉक्सो एक्ट, महिला संबंधी अपराधों में अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी करने के निर्देश भी दिए गए। थाने पर आने वाले समस्त आगन्तुकों/फरियादियों की शालीनतापूर्वक समस्याओं को सुनकर तत्काल निष्पक्ष आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत प्रभावी आदर्श आचार संहिता के शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु सर्व सम्बन्धित को व्यापक निर्देश दिए गए। निर्वाचन प्रक्रिया में खलन पैदा करने वाले शरारती तत्वों को चिन्हित कर नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना क्षेत्र अंतर्गत शस्त्र धारकों के शस्त्रों को शत-प्रतिशत जमा कराने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए। समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों को क्षेत्र में प्रभावी गस्त व नियमित चेकिंग कर घटनाओं के पूर्णतया रोकथाम व अनावरण तथा समुचित यातायात व्यवस्था के व्यापक पुलिस प्रबंध हेतु सख्त निर्देश दिए गए।गोष्ठी के उपरांत महोदय द्वारा जनपद के सम्भ्रान्त/गणमान्य व्यक्तियों, विशिष्ट जनों व पत्रकार बंधुओं के साथ मुलाकात/बैठक एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई।

# कलेक्टेऊट में निर्वाचन कार्यालय समीप पब्लिक शौचालय का डीईओ ने शुभारम्भ कर बैरिकेटिंग, लाईटिंग, पार्किग सहित परमिशन सेल का किया निरीक्षण

**निर्वाचन कार्यालय समीप नवीनीकरण पश्चात् पब्लिक शौचालय का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया शुभारम्भ**

**निर्वाचन तैयारियों हेतु किये जा रहे बैरिकेटिंग, लाईटिंग, पार्किग आदि का जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश**

**निर्वाचन में परमिशन हेतु बनाये गये एकल खिड़की परमिशन सेल का डीईओ ने निरीक्षण कर आवेदनों व स्वीकृतियों का किया परीक्षण**

**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही** 18 अप्रैल, 2024:- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद में छठें चरण 25 मई को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल ढ़ंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने पब्लिक शौचालय का शुभारम्भ कर एकल खिड़की परमिशन सेल व कलेक्टेऊट में किये जा रहे निर्वाचन कार्य हेतु बैरिकेटिंग, लाईटिंग, पेयजल, पार्किग आदि तैयारियों का टीम के साथ निरीक्षण किया। कलेक्टेऊट सामने के द्वार व जिला निर्वाचन कार्यालय के बीच में स्थित पब्लिक शौचालय का नवीनीकरण पश्चात् शुभारम्भ किया।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्य में लगाये गये हजारों मतकार्मिको एवं बाद में फरियादियों के आधारभूत सुविधा के दृष्टिगत पुरूष व महिला हेतु अलग-अलग पब्लिक शौचालय का शुभारम्भ किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से शीतल पेयजल हेतु पॉच वाटर कूलर लगाये जाने की बात कही। 29 अप्रैल से जनपद में निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के दृष्टिगत किये जा रहे तैयारियों के क्रम में बैरिकेटिंग, लाईटिंग, पार्किग, अन्य बिन्दुओं पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को ससमय गुणवत्ता के साथ कार्य सम्पादित करने का निर्देश दिया। निर्वाचन कार्य में सुविधा व सुगमता के दृष्टिगत जल्द ही कलेक्टेऊट कर्मियों को पास जारी हो जायेगा। जिससे अनावश्यक व्यक्तियों का कलेक्टेऊट में प्रवेश वर्जित हो सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्टेऊट में बनाये गये एकल खिड़की परमिशन सेल का भी निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त किये। प्रभारी परमिशन सेल/उप जिलाधिकारी भानसिंह ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन हेतु राजनीतिक दलों/उम्मीदवारों द्वारा जनसभा रैली, रोड शो, वाहन, स्थायी पार्टी कार्यालय आदि हेतु भारत निर्वाचन आयोग के



सुविधा पोर्टल एवं आफ लाईन आवेदन से प्राप्त अब-तक 19 में से 15 आवेदन स्वीकृत व चार अस्वीकृत किये गये है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उपर्युक्त अनुमति हेतु कम से कम 48 घण्टे पूर्व सुविधा पोर्टल या एकल खिड़की व्यवस्था परमिशन सेल में आवेदन करना होगा। जिससे अनुमति बिन्दुओं पर जॉच रिपोर्ट के बाद उन्हें समय पर स्वीकृत/अस्वीकृत करना सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह, उप निदेशक कृषि डॉ0 अश्वनी कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर भानसिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अध्यक्ष, राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश ने तहसील मड़िहान का किया निरीक्षण

**● - पांच वर्ष से अधिक लम्बित राजस्व वादो का साप्ताहिक तिथि लगाकर कराये निस्तारण**

**स्वतंत्र प्रभात**



**मीरजापुर।** अध्यक्ष, राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश डॉ रजनीश दूबे ने आज अपने जनपद भ्रमण के दौरान सबसे पहले विन्ध्याचल पहुंचकर मां विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन कर आर्शीवाद लिया। इस दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने पुष्प गुच्छ व देवी चित्र भेटकर स्वागत व अभिनन्दन किया। तत्पश्चात तहसील मड़िहान पहुंचकर तहसील परिसर, परिसर में स्थित कार्यालयों व तहसील के अभिलेखागार, न्यायालयों आदि के कार्यो का निरीक्षण किया गया। तहसील परिसर के निरीक्षण के दौरान उपस्थित वादकारियों से वार्ता भी गयी जिसमें वादकारियों द्वारा बताया गया कि परिसर में पेयजल की समस्या है। अध्यक्ष ने पेयजल की समस्या के समाधान के लिये उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि परिसर में एक ओवरहेड टैंक निर्माण अथवा तात्कालिक व्यवस्था में सिटेक्ट का एक बड़ा टैंक रखकर उसे आर0ओ0 से कनेक्ट करे तथा जल जीवन मिशन से टैंक मे कनेक्शन कराते हुये पेयजल की समस्या दूर करायें। परिसर मे स्थित खाद्य एवं रसद कार्यालय के निरीक्षण के दौरान राशन वितरण, पात्र गृहस्थी कार्डो की संख्या तथा उसके सापेक्ष वितरण की स्थिति आदि पत्रावलियों का निरीक्षण कर देखा गया तथा वितरण प्रमाण पत्र का भी निरीक्षण करते हुये कहा कि इसका रजिस्टर बनाया जाए ताकि किसी के द्वारा इसे सत्यापित किया जा सकें। उन्होने आई0जी0आर0एस0 में प्राप्त राशन न मिलने की शिकायतों के निस्तारित प्रार्थना पत्रो को आधे घण्टे के अन्दर उप जिलाधिकारी से सम्बन्धित शिकायतकर्ता से वार्ता कर सत्यापित कर अवगत कराने का निर्देश दिया। तहसील हवालात के निरीक्षण कर परिसर के बाहर प्रकाश व्यवस्था तथा नये निर्माणाधीन हवालात को कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग से पूर्ण कराने निर्देश उप जिलाधिकारी को दिया गया।

तहसील के उप जिलाधिकारी न्यायालय के निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित पेशकार के द्वारा कार्यो में लापरवाही बरतने तथा कई पत्रावलियों को मुकदमों के निस्तारण के बाद रजिस्टर पर अंकित न करने पर प्रतिकूल प्रविष्ठ देने का निर्देश दिया तथा पांच वर्ष से अधिक डब्लू0 एस0, धारा-144 सहित अन्य कई लम्बित मुकदमों को देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये उप जिलाधिकारी मड़िहान से स्पष्टीकरण की मांग करते हुये निर्देशित किया कि पांच वर्ष से अधिक लम्बित वादो का साप्ताहिक तिथि निर्धारित करते हुये 31 मई 2024 तक निस्तारण कर रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। तत्पश्चात तहसीलदार न्यायालय के निरीक्षण के दौरान पांच वर्ष से अधिक कुल 06 मुकदमें तीन निस्तारित पाया गया तथा तीन को तत्काल निस्तारण के निर्देश देते हुये तहसीलदार न्यायालय के कार्यो पर संतोष व्यक्त किया। न्यायालयों में गौशवारा बनवाने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दुघर्टना बीमा में क्षतिपूर्ति, अभिलेखागार का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें 1359, 1293 आदि पत्रावलियों को देखकर उसे स्कैन कराकर संरक्षित करने का निर्देश दिया। इस दौरान नजारत अनुभाग में रजिस्टर-4 का भी निरीक्षण किया गया। संग्रह अभिलेखागार में निरीक्षण के दौरान डब्लू0बी0एन0 के द्वारा बैंक वसूली हेतु डिमांड आदि न भेजने, अमीनो के उपार्जित अवकाश व चढ़ाये जाने अन्य कार्यो में लापरवाही बरतने पर डब्लू0बी0एन0 से स्पष्टीकरण की मांग करते हुये एक सप्ताह के अन्दर समस्त पत्रावलियों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। राजस्व वसूली की जानकारी लेते हुये उप जिलाधिकारी मड़िहान को निर्देशित किया कि 10 बड़े बकायेदारो की सूची बनाकर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। इस दौरान बैंको के द्वारा भेजे गये आर0सी0 की वसूली न होने पर भी नाराजगी व्यक्त की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह उपस्थित रहें।

# श्रीरामनवमी को दोपहर बारह बजे श्रीराम जन्म के बाद रात्रि में आठ बजे हवन आरती के साथ ही सप्तदिवसीय श्रीराम कथा का हुआ समापन

**● - ड्रमंडगंज बाजार में मां दुर्गा मंदिर पर नवरात्र के तीसरे दिन से चल रहा था श्रीराम कथा**

**स्वतंत्र प्रभात**



**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज बाजार में सेवटी नदी के तट पर स्थित प्रसिद्ध मां दुर्गा के मंदिर पर वासंतिक नवरात्र के तीसरे दिन से श्रीराम कथा का प्रवचन काशी से पधारे हुए मानस अनुरागी श्री अनिलदास जी महाराज सुना रहे थे जिसका सफल समापन श्रीरामनवमी को रात्रि आठ बजे हवन आरती के साथ ही हो गया। मां दुर्गा मंदिर के प्रबंधक लवकुश केशरी व अंजनी कुमार सोनी की देखरेख में श्रीराम कथा का सफल आयोजन सम्पन्न हो गया।। प्रवचन कर्ता मानस अनुरागी श्री अनिलदास जी महाराज ने बताया कि मैं बड़े मंच पर प्रवचन करता हूं किन्तु मेरी इच्छा थी कि ड्रमंडगंज बाजार के मां दुर्गा मंदिर पर वासंतिक नवरात्र में श्रीराम कथा हो। श्रीराम कथा व भगवान का नाम किसी भी मंच से सुना व सुनाया जाय उससे लाभ ही होता है।

# अध्यक्ष, राजस्व परिषद ने कलेक्ट्रेट में मण्डलायुक्त व के साथ राजस्व अधिकारियों की बैठककर कार्यो की समीक्षा कर ली जानकारी

**● - कमीशनरी व कलेक्ट्रेट बार एशोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर की वार्ता**

**स्वतंत्र प्रभात**



**मीरजापुर।** अध्यक्ष, राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश डॉ रजनीश दूबे ने भ्रमण के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व अन्य सभी राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक कर राजस्व कार्यो के प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके पूर्व अध्यक्ष द्वारा कमीशनरी व कलेक्ट्रेट बार एशोसिएशन के पदाधिकारी के साथ बैठक कर राजस्व अधिनियम के बारे में व अधिवक्ताओ समक्ष आने वाली समस्याओं व सुझावों के सम्बन्ध में वार्ता की। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने सभी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित करते हुये कहा कि राजस्व वसूली पर विशेष बल दिया जाए। सभी उप जिलाधिकारी अपने तहसील अन्तर्गत 10 बड़े बकायेदारो की सूची बनाकर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए यदि आवश्यकता हो तो उन्हे तहसील के हवालात में भी रखा जाए। चल सम्पत्तियों के नीलामी करने का भी निर्देश दिया। उन्होने कहा कि उप जिलाधिकारी व तहसीलदार का मुख्य कार्य राजस्व वसूली बढ़ाना तथा बकायेदारो के विरूद्ध कार्यवाही करना एवं मुकदमों का निस्तारण प्राथमिकता हैं। उन्होने सभी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशि किया कि पुराने राजस्व वादो के साप्ताहिक तिथि लगाकर निस्तारण कराये। सरकारी जमीनो पर कब्जा करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही तथा धारा-116, 107, 144 आदि मुकदमों में मौके पर पहुंकर दोनो पक्षो के बीच बनाय लेते हुये निस्तारण सुनिश्चित कराए। उन्होने सभी नये उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को राजस्व मैनुअल का अध्यन करने निर्देश देते हुये कहा कि जमीनो के मामलों में राजस्व अधिकारी संवेदनशील बने अवैध रूप से कब्जा कर रजिस्ट्री कराने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करे तथा स्टाम्प विभाग के उप निबन्धक भी समय-समय पर रजिस्ट्री होने वाले जमीनो का मौके पर जाकर परीक्षण भी करे। कोर्ट केशो के निस्तारण में सत्त प्रयास किये जाए, ई खतौनी, ई पड़ताल, खतौनी पुर्ननिर्धारण, अंश निर्धारण आदि क्रियान्वयन नियमानुसार समय पर किया जाए। घरौनी के मामले में भी प्रभावी कार्यवाही करते हुये प्रगति लायी जाए। उन्होने कहा कि आगामी 10 जून से सीमा स्तम्भ लगाने के लिये अभियान चलाया जायेगा जिसमें सभी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार अभियान चलाकर पूर्ण करायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, सभी जिलाधिकारी व तहसीलदार उपस्थित रहें।

# भारतीय सवर्ण संघ के द्वारा कन्यादान किया गया

**स्वतंत्र प्रभात**




**मीरजापुर।** भारतीय सवर्ण संघ के द्वारा आज 18 अप्रैल को सभी भाईयो के सहयोग से गणेश गंज निवासी सुशीला पाण्डेय की बेटी के शादी में कन्यादान का सामान दिवान बेड , सिंगारदान डनलफ गद्दा, तकिया ,कुर्सी मेज आलमीरा , टीवी, कूलर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान भेंट दिया गया ,सहयोग करने बालों में प्रमुख रूप से भारतीय सवर्ण संघ के राष्ट्रीय महासचिव साधु तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण पाण्डेय, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह,जिला प्रभारी अखिलेश मिश्र , कार्यकर्ता गण अवधेश राय , सत्यम कुमार चौबे, मुकेश त्रिपाठी, आशीष मिश्रा उपस्थित रहे , राष्ट्रीय महासचिव ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि उनका संगठन राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहा है जहां भी सवर्ण परिवार की कोई समस्या का उन्हें पता चलता है वह सभी के साथ मिल कर उसका निराकरण करते है अभी तक भारतीय सवर्ण संघ सैकड़ों गरीब सवर्ण परिवार की लड़कियों को शादी में कन्यादान कर समाज को एक नई दिशा दिखाने का कार्य करता रहा है।

# शार्ट सर्किट से दो किसानों का कई कुंतल अनाज व भूसा जलकर खाक

**स्वतंत्र प्रभात**

**जिगना।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के कुरौठी गाँव में गुरुवार की शाम शार्ट सर्किट से दो किसानों का कई कुंतल अनाज व भूसा जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने समरसिबल पंप चलाकर आग बुझा दिया। कुरौठी गाँव निवासी माहूद्दीन के मड़हे के ऊपर से तार खींचा गया है। नंगे तारों से निकली चिंगारी से मड़हा जलने लगा। पड़ोसी इंद्रेश सिंह के मड़हे में भी आग फैल गई। माहुद्दीन का दो कुंतल गेंहू तथा एक कुंतल सरसों तथा इंद्रेश सिंह का पांच कुंतल गेंहू व तीन कुंतल सरसों तथ दस कुंतल भूसा जलकर राख हो गया। ग्राम प्रधान दिवाकर सिंह ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से बात कर सहायता दिलाने का



आश्वासन दिया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## आग लगने से फूस का मकान व दो बीघे गेहूं की फसल जलकर हुई राख




**इटियाथोक,गोंडा।** थाना क्षेत्र के गांव पूरे मुसद्दी में एक घर में आग लग गई।घर के छप्पर में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।जिससे पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई।इटियाथोक थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पूरे मुसद्दी के मजरे भरपुरवा निवासी संतराम पुत्र सुकई के छप्पर घर में बुधवार की देर शाम आग लग गई।जिसमें घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।ग्राम प्रधान राज कुमार वर्मा ने बताया,कि संतराम राजभर गांव के बाहर फूस से बने घर में परिजनों के साथ रहते हैं।बुधवार की देर शाम को अचानक घर से आग की लपटें उठने लगीं।जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।चीख पुकार के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे।आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन बड़ी मुश्किल से आग बुझाई जा सकी।आग से गेहूं, चावल, सरसों, तख्ता, धान, बिस्तर कपड़े, जेवर व नकदी आदि जलकर राख हो गया है।पीड़ित ने तहसील प्रशासन को सूचना दी है। वही ग्राम पंचायत पूरे महा निवासी किसान सालिक राम के खेत में गुरुवार को आग लगने दो बीघा गेहूं की फसल जल गई। प्रधान पुत्र कृष्ण मुरारी मौर्य ने बताया कि खेत में काम कर रहे किसान ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक फसल जल गई थी।

## नवरात्रि के समापन पर देवी जागरण का आयोजन



**फूलपुर।** शारदीय नवरात्रि के समापन अवसर पर फूलपुर क्षेत्र के कोड़ापुर गांव में यादव बस्ती में बने देवी चौरा पर बुधवार देर शाम माता रानी के दरबार में भव्य पूजन के दौरान महिलाओं द्वारा देवी गीत गाकर उनकी विदाई की गई प्रसाद वितरण के बाद देवी जागरण का आयोजन किया गया जिसको वरिष्ठ पत्रकार प्रधानपति कोड़ापुर मौजी लाल रावत एवं भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रतिष्ठित व्यवसाई श्याम बाबू गुप्ता और राम औतार यादव इंटर मिडिएट कालेज के प्रधानाचार्य राम सूरत यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। जिसमे कृष्ण म्यूजिकल ग्रुप द्वारा देवी जागरण गीत के साथ ही विभिन्न प्रकार की झांकियो के साथ भक्ति गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिए जिसकी उपस्थित दर्शको द्वारा जमकर सराहना किया गया। राधा कृष्णा की झांकी और गीत पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बटोरी तो भगवान शंकर और गौरा पार्वती के झांकी के साथ गीतो की श्रोताओं ने खूब सराहना किया। मौके पर क्षेत्र के मशहूर गायक महेंद्र यादव और उनके टीम द्वारा देवी जागरण गीतो सहित पौराणारिक कथाओं पर आधारित बिरहा कार्यक्रम का श्रोताओं ने जमकर आनंद लिया। इस अवसर पर आयोजक आनंद यादव,रूप चंद्र यादव,भोलानाथ यादव,विपिन यादव,धर्मेंद्र यादव,श्रीराम यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कार्यालय में कोई सुनता नहीं, पोर्टल पर फर्जी निस्तारण

### भेज दिये बढे हुए बिजली बिल, परेशान हैं उपभोक्ता




**मथुरा।** बिजली विभाग से उपभोक्ता परेशान हैं। बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को बढे हुए बिजली बिल भेज दिये गये हैं। तमाम उपभोक्ताओं के बिल यकायक कई लाखा में आ गये हैं। विभाग का कहना है कि उनके बिल रिवाइज किए गये हैं। ऐसे उपभोक्ताओं ने विभाग में सांठगांठ कर बिल एडजस्ट कर लिये थे। अब इन्हें रिवाइज्ड कर भेजा जा रहा है। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने कुछ नहीं किया। विभाग के अधिकारियों ने जैसा कहा उन्होंने किसी तरह की कार्यवाही से बचने के लिए वैसा ही किया, अब इसमें उनकी गलती नहीं है। कार्यवाही विभागीय कर्मचारी और अधिकारियों पर होनी चाहिए जबकि कार्यवाही उपभोक्ताओं के खिलाफ की जा रही है। कार्यालयों में कोई सुन नहीं रहा और शिकायती पोर्टल पर फर्जी निस्तारण कर दिया जाता है। यमुनापार अजय नगर निवासी देवेन्द्र कुमार ने मुख्मंत्री पोर्टल पर शिकायत की कि उनके परिवार का बिल सही नहीं किया जा रहा है। विभाग ने बिल तो ठीक नहीं किया लेकिन पोर्टल पर शिकायत का निस्तारण दिखा दिया। मीटर रीडर अपने हिसाब से रीडिंग डाल देता है या बिल आईडीएफ दिखा देता है। एक्सईएन राया के मुताबिक इस प्रकरण को फिर से दिखवाया जा रहा है।

# महिला सिपाही प्रिया और सिपाही राजेश की मौत का सच आया सामने।,दोनो ने की थी खुदकुशी

**- पोस्टमार्टम में हुआ खुलासा!**





स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** शहर के शाहगंज के मिन्हाजपुर में एक दिन पहले आरक्षी राजेश वैष्णव (27) व प्रिया देवी (25) की मौत के मामले में अहम खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि दोनों ने खुदकुशी की थी। पुरुष सिपाही ने फांसी लगाई जबकि महिला सिपाही की मौत जहरीला पदार्थ खाने से थी। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने विसरा व वैजाइनल स्वैब की स्लाइड सुरक्षित रखवाई है। दोनों के परिजन देर रात ही शहर पहुंच गए थे। पंचायतनामे की कार्रवाई भी भोर में ही करा ली गई। इसके बाद बुधवार को तड़के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की गई। पहले महिला सिपाही के शव का पोस्टमार्टम हुआ। तीन डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया।

सूत्रों का कहना है कि महिला सिपाही के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले। यह भी सामने आया कि जहरीला पदार्थ खाने से उसकी मौत हुई। शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिलने से इस बात की पूरी आशंका है कि उसने खुद से जहर खाया। उधर, पुरुष सिपाही के शव का पोस्टमार्टम दोपहर में हुआ। इसमें पता चला कि उसकी मौत फांसी लगाने से हुई।पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह तो साफ हो गया कि दोनों ने खुदकुशी की। इसकी वजह क्या रही, यह स्पष्ट नहीं हो सका। इसे लेकर तरह-तरहकी चर्चाएं भी रहीं। एक चर्चा यह रही कि किसी बात को लेकर विवाद होने के बाद ही दोनों ने गुस्से में यह कदम उठाया। उधर, परिस्थिति के मुताबिक, इस बात की भी पूरी आशंका जताई जा रही है कि किसी

बात से नाराज या दुखी होकर पहले महिला सिपाही ने जहर खाकर जान दी। इसके बाद पुरुष सिपाही भी फंदे पर लटक गया हालांकि, इनमें से किसी भी वजह की पुष्टि नहीं हो सकी। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने महिला सिपाही के शव का शहर में हीअंतिम संस्कार कर दिया। सुबह आठ बजे के करीब परिजन शव लेकर रसूलाबाद घाट पहुंचे और फिर वहीं अंतिम संस्कार किया।

मृतका के पिता अनूप कुमार तिवारी व अन्य परिजन पहुंचे थे। राजेश के शव को लेकर परिजन मथुरा चले गए। उसके पिता गिरधारी लाल के साथ ही भाई व चाचा समेत अन्य लोग आए थे। दो सिपाहियों की मौत की खबर पाकर पहुंचे परिजनों ने चुप्पी साधे रखी। उन्होंने इस मसले पर कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया। साथ ही किसी तरह का आरोप-प्रत्यारोप भी नहीं किया। पुलिस का कहना है कि कोई तहरीर भी नहीं मिली है।

पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद सिपाही राजेश के पिता गिरधारी लाल व भाई जीतेंद्र फूट-फूटकर रोते रहे। घटना की वजह के बाबत पूछने पर उन्होंने कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया। राजेश तीन भाइयों में छोटा था। उधर, उसकी पत्नी नीतू भी बदहवास हाल में मोर्चरी पहुंची। पति का शव देखकर वह फूट-फूटकर रोई। उसने भी किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया। उसके पिता हरिमोहन ने कहा कि जो होना था हो गया, अब कुछ कहने से क्या फायदा। इससे दामाद वापस तो नहीं आएगा। पोस्टमार्टम के बाद शव बाहर निकाला गया तो परिजनों की चीत्कार से कोहराम मच गया। उधर यह बात सामने आई है कि राजेश की पत्नी तीन दिन पहले ही उससे मिलकर वापस गई थी। सात अप्रैल को वह शहर आई थी और यहीं एक हफ्ते तक रुकी रही। तीन दिन पहले ही वह वापस गई। सूत्रों का यह भी कहना है कि दोनों के बीच पूर्व में विवाद हुआ था, जिसके बाद मामला मध्यस्थता केंद्र तक पहुंचा था। हालांकि, बाद में दोनों में सुलह हो गई थी और वह एक-दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए थे।

एक खास बात यह रही कि राजेश के पिता-भाई और पत्नी,अलग-अलग मोर्चरी पहुंचे। पत्नी दोपहर में पहुंची जबकि पिता व भाई सुबह ही आ गए थे। सूत्रों का यह भी कहना है कि यही वजह रही कि राजेश के शव के पोस्टमार्टम में देरी हुई। अन्यथा उसका भी पोस्टमार्टम सुबह ही करा दिया गया होता।

इससे पहले मोर्चरी पहुंचे प्रिया के परिजन भी बिलखते रहे। पिता अनूप कुमार तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह बेटी के लिए रिश्ता खोज रहे थे। बेटी ने भी कभी नहीं बताया कि वह किसी बात से परेशान है। राजेश के बारे में भी कभी नहीं बताया। राजेश को वह जानते भी नहीं। बेटी को याद करते हुए उन्होंने बताया कि प्रिया बहुत निडर व हिम्मत वाली थी। कभी वह या घर का कोई अन्य सदस्य किसी बात को लेकर परेशान होता तो वह हिम्मत बंधाती थी। प्रिया दारागंज स्थित संगम पर्यटन जबकि राजेश एसीपी कोतवाली कार्यालय में तैनात था। दोनों मंगलवार शाम शाहगंज थाने से 500 मीटर दूर स्थित किराये के मकान में मृत मिले। राजेश का शव फंदे पर लटका था जबकि प्रिया पलंग पर मृत पड़ी थी। दरवाजा भीतर से बंद था और खिड़की का ग्रिल काटकर पुलिस भीतर दाखिल हुई। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था।

## राजापुर व्यापार मंडल के तत्वाधान में निकाली गई भगवान राम की भव्य शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज-** राजापुर में रामनवमी के पावन अवसर पर राजापुर व्यापार मंडल के द्वारा भगवान राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न भव्य शोभा यात्रा राजापुर ट्रेफिक चौराहे से अशोक नगर तक निकाली गई। इस दौरान पुजारी मानव सेवा प्रकृति संरक्षण संस्था के सचिव सुमित मिश्रा के द्वारा राजापुर चौकी के बगल में प्रभु राम की शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत फूलमालाओं एवं आरती से किया गया व्यापार मंडल के सचिव के.पी.मिश्रा मनोज ने अपने संबोधन में कहा कि यह शोभा यात्रा हर साल की बात इस साल भी निकल गया सनातन धर्म को ऐसे ही आगे की ओर बढ़ाया जा रहा है लोगों के अंदर प्रेम सद्भाव की भावना जागृत हो और प्रभु के आदर्श पर चलने की सलाह दी शोभा यात्रा के दौरान व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता,संजीव कुमार गुप्ता, रामचंद्र गुप्ता,सचिव के.पी. मिश्र(मनोज), उत्तम केसरवानी,पार्षद अहमद अली, मोहित गुप्ता, प्रवीण भारती, सुजीत कुशवाहा, सुनील केसरवानी, रंजीत गुप्ता, कृष्णा केसरवानी, शिवांग बनौधा, ऐश्वर्य गुप्ता, अरुणेश कुमार, सशांक, चिरौंजी लाल, अतुल कुमार गुप्ता,प्रतीक केसरवानी, मनीष कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र केसरवानी सहित मुख्य अतिथि के रूप में के.पी. सिंह जी मौजूद रहे। सिविल लाइन व्यापार मंडल से राणा चावला,अरुण केसरवानी सरदार प्रीतम सिंह मौजूद रहे।

# छोटे उद्यमी हुए परेशान, फेम पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**- व्यापारी संगठन फेम ने राहत की उम्मीद में लगाई है न्यायालय से गुहार**

**- सूक्ष्म लघु उद्योगों की व्यापारिक स्वतंत्रता, मौलिक नागरिक अधिकार में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं: अजय अग्रवाल**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल (फेम) ने एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर करते हुये मांग की है कि देश के एमएसएमई में रजिस्टर्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को धारा 43 बीएच के तहत खरीद भुगतान के लिये बाध्य न किया जाए। ऐसा करने से उद्योग जगत की अपनी आर्थिक भुगतान की समय पालना स्थिति को लेकर नया संकट पैदा हो जाएगा।

भारत सरकार ने एक अप्रैल 2024 से 45 दिनों के अंदर व्यापारिक खरीद के भुगतान की समय सीमा निश्चित कर दी है। ऐसा न होने की स्थिति में उंस भुगतान को उंस औद्योगिक फर्म की आय मान लिया जाएगा। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के रष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी अजय अग्रवाल ने बताया कि इस प्रावधान से देश के छोटे और लघु उद्योगों की स्वतंत्रता उनके व्यापार के परस्पर सम्बन्ध प्रभावित होंगे। और सबसे बड़ी बात यह पूरी तरह अव्यवहारिक और अतार्किक है कि किसी भुगतान को 45 दिन बाद उस उद्योग की आय मान लिया जाएगा।फेम ने उद्योगों के हित मे



अजय अग्रवाल, राष्ट्रय सह मीडिया प्रभारी फेमा।

यह कदम उठाया है। इसलिये सरकार में 43 बी एच पर कोई सुनवाई न होते देखकर फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल (फेम) को सर्वोच्च न्यायलय के समक्ष जाना पड़ा है।

# बांके बिहारी मंदिर में अब लागू होगी नई व्यवस्था

**- श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत हेतु मंदिर परिसर में लगाए जाएंगे एसी**




स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** भीषण गर्मी में विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए मथुरा प्रशासन के द्वारा नई व्यवस्थाएं की गई हैं। अब श्रद्धालु मंदिर के अंदर प्रसाद और फूल माला नहीं ले जा सकेंगे। कर्मचारियों द्वारा दोनों ही चीजें प्रवेश गेट पर ही ले ली जाएंगी। दर्शन करने के बाद मंदिर के निकास द्वार पर उन्हें प्रसादी माला और प्रसाद दिया जाएगा। गर्मी के समय में मंदिर में भीड़ के दबाव से श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए एसी लगाए जाएंगे। बांकेबिहारी के श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने के लिए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह और एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने अधीनस्थों के साथ चर्चा की। बुधवार को वृंदावन के पर्यटक सुविधा केंद्र के सभागार में ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन प्रदान करने के लिए छाया, पेयजल, स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा की और सुझाव लिए गए। इस बीच दर्शनार्थियों से प्रसाद एवं माला को प्रवेश के समय एक स्थान पर लिए जाने तथा मंदिर से बाहर निकलने पर एक स्थान पर वापस दिए जाने की व्यवस्था करने को कहा गया है। डीएम शैलेंद्र सिंह ने निर्देश दिए है कि जगह जगह पर मंदिर में प्रवेश व निकास द्वारों तथा विभिन्न मार्गों के संबंध में दिशा सूचक चिन्ह लगाएं जायेगे। बैठक में एसपी ट्रैफिक, एसपी सिटी, सीओ सदर, सीएमओ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अपर नगर आयुक्त, एआरटीओ प्रवर्तन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन का गेट बन गया टैक्सी स्टैंड,जीआरपी पर वसूली कराने का आरोप, मोहसिन के द्वारा कराया जा रहा वसूली

**- अवैध टैक्सी स्टैंड को लेकर खुल रही जीआरपी की पोल,दो हजार से 65 सौ तक वसूली**




स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा-** आदर्श रेलवे स्टेशन का हाल भी विचित्र है।यहां दो-दो वाहन स्टैंड हैं।सूत्र बता रहे है कि एक वैध तो दूसरा अवैध।दोनों स्टैंड स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने परिसर में अबैध टैक्सी स्टैंड चल रहा है जो यात्रियों की दुश्वारियां बढ़ा रहा है।यह इसलिए संभव है कि सुरक्षा कर्मियों का इन्हें संरक्षण है।जीआरपी का कहना है कि परिसर कोतवाली क्षेत्र में आता है जबकि विभागीय अधिकारियों का निरीक्षण होने पर गेट तक सुरक्षा कर्मी तैनात होते हैं, तब इन वाहनों का दूर तक पता नहीं चलता।सूत्रों की मानें तो रेल प्रशासन ने स्टेशन के उत्तर तरफ टैक्सी स्टैंड स्थापित किया ताकि आदर्श रेलवे स्टेशन की सुंदरता बनी रहे और यात्रियों को असुविधा न हो।स्टेशन साफ-सुथरा दिखाई दे।इसके विपरीत परिसर में खड़े वाहन विभाग को मुंह चिढ़ा रहे हैं।चौबीस घंटे डग्गामार परिसर को जाम रखते हैं लेकिन सुरक्षा कर्मी उन्हें देखते तक नहीं।कारण खुद समझा जा सकता है।आलम यह कि लोगों को प्लेटफार्म तक पहुंचने में नाकों चने चबाने पड़ते हैं।किसी यात्री ने वाहन चालकों का प्रतिरोध किया तो उनकी दबंगई आसमान छूने लगती हैं।वही रेलवे के मुख्य गेट के सामने एक व्यक्ति ने नाम ना छपने पर प्राइम वॉइस के संवाददाता को बताया कि यहां पर जो भी टैक्सी और ऑटो रेलवे गेट के सामने खड़े होते हैं उन्हें हर महीना सुविधा शुल्क मंथली देना पड़ता है।ऑटो वालों को 2 हजार से 25 सौ रुपए और टैक्सी वालों को 45 सौ से लेकर 65 सौ रुपए देने पड़ते है।फिर उसी वक्त ने बताया कि जीआरपी, रेल के कुछ अधिकारियों को देना पड़ता है।एक मोहसिन नाम का व्यक्ति है जिसकी भी रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट दो गाड़ियां लगते हैं।वही यह वसूली का काम करते हैं। वसूली कर्ता मोहसिन को हर महीने समय पर पैसा देना पड़ता है और वह पैसा मोहसिन जीआरपी को हर महीने देते हैं।क्योंकि मोहसिन से ही जीआरपी की सेटिंग है।और जो व्यक्ति पैसा नहीं दे पता है उसको वहां पर खड़े नहीं होने दिया जाता है।सूत्र बताते हैं ऐसे ही ई-रिक्शा वाहन चालक को भी साहब को नजराना देते हैं।जब साहब की जेब गर्म हो तो आम यात्रियों से उन्हें क्या लेना-देना है।ई-रिक्शा चालक जहां चाहें शौक से अपने वाहन खड़ा करें।यहां तो सब कुछ साहब के रहमो करम पर चलता है।साहब को यात्रियों से कोई मतलब ही नहीं है। वह तो सब सिविल पुलिस जाने की रेलवे स्टेशन के बाहर क्या हो रहा है।वही गेट के सामने खड़ी हो रही टैक्सी के बारे में जानकारी ली गई तो जानकारी ना तो रेलवे सुरक्षा बल ना तो अपने एरिया में बता रही है।और ना जीआरपी ही बता रही है कि मेरे एरिया में है।अगर कोई घटना घटती है तो क्या इसकी जिम्मेदारी सिविल पुलिस लेगी या जनता सवाल पूछ रही है।

## मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी ने वृंदावन में चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा

**- विकास कार्यों में बरती जा रही लापरवाही के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**




स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी ने गुरुवार को नगर में चल रही कई विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही जिले के अफसरान के साथ समीक्षा बैठक में लंबित पड़े कार्यों को द्रुत गति से पूरा कराने की हिदायत भी दी। मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी गुरुवार को जनपद में ब्रज तीर्थ विकास परिषद और मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यो हालिया स्थिति जानने पहुंची थी।

सबसे पहले टूरिस्ट फेसिलिटी सेंटर में विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद उन्होंने ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा निर्माण कराए गए शहीद लक्ष्मण स्मारक भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। जहां कार्यदायी संस्था मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से इसकी कार्य प्रगति जानी। विभागीय अधिकारियों द्वारा करीब साढ़े आठ करोड़ की लागत से तैयार हुई इस इमारत का निर्माण कार्य पूरा होने और जल्द ही नगर निगम को हस्तांतरित करने की जानकारी दी गई। इसके बाद उन्होंने केशीघाट पर गरुण करूज और राधानिवास में निर्माणाधीन श्रृंगार,पोशाक ट्रेड सेंटर का जायजा भी लिया गया। इस मौके पर मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि जो विकास कार्य लंबित है। उन्हे जल्द ही पूरा कराया जायेगा।

# पुलिस मुठभेड मे दो लुटेरों को लगी गोली

**- महिलाओं से लूट के मामले में थी पुलिस को तलाश**





स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** एसओजी टीम एवं थाना वृन्दावन पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में महिलाओ से लूट करने वाले दो शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। दो दिन पूर्व आईटीआई कॉलेज के पास वृंदावन रोड पर एक स्कूटी पर सवार महिलाओं से लूट करने वाले शातिर बदमाश तेजवीर चौधरी उर्फ विष्णु पुत्र दलवीर एवं अनमोल यादव उर्फ रिंकू पुत्र मुकेश यादव मुठभेड के दौरान घायल हो गये। घायल अवस्था में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनका साथी एक अन्य अभियुक्त मोहित तिवारी पुत्र सियाराम तिवारी अंधेरा एवं झाड़ियां होने के कारण मौके से भाग गया। अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न थानों पर मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस की गोली लगने से घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की बदमाशों के साथ मुंठभेड पवन हंस हेलीपैड से आगे यमुना की तरफ ढलान कच्चा रास्ता यमुना तट थाना वृन्दावन पर हुई। इनके कब्जे से महिलाओं से लूटे गए माल की शत प्रतिशत बरामदगी की गई है।

# मतदान की अपील में हुई आकाशवाणी

**- डीएम, एसएसपी ने मतदाताओं ने अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की**




स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के संदर्भ में मथुरा जनपद में 26 अप्रैल को सरल, सुगम एवम् समावेशी चुनाव के लिए जिला प्रशासन की तैयारियों पर मथुरा आकाशवाणी के स्टूडियो से जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जिले के सामान्य मतदाताओं से किया सीधा संवाद किया। शासन प्रशासन की प्राथमिकताओं, ज़िम्मेदारियों और चुनाव तैयारियों पर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आकाशवाणी के स्टूडियो में गुरूवार को दोपहर 12 बजे से एक बजे तक जिले के सभी मतदाताओ से सीधा संवाद किया तथा सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सभी को मताधिकारी का प्रयोग कर अपने योगदान के प्रति जागरूक किया।

## प्रयागराज में मासूम की हत्या कर झाड़ियों में फेंका शव, मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात




**प्रयागराज।** गंगानगर के हंडिया थाना क्षेत्र के मंदर गांव में मां के साथ चारपाई पर सो रही डेढ़ साल की मासूम बच्ची का शव 200 मीटर दूर झाड़ियों में मिला। जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम ने रात में ही पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किया। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मंदर गांव निवासी महेंद्र मुसहर मजदूरी करता है। बीतारात वह गेहूंकी मड़ाई करने पास के गांव में गया था। घर में उसकी पत्नी रानीअपनी डेढ़ साल की बेटी रंजना को लेकर रात में चारपाई पर सोयीथी। रात में ग्यारह से बारह बजे के बीच उसकी नींद खुली तो बेटीचारपाई पर नहीं थी। इसके बाद वह खोजबीन में लग गई। काफी देर बाद भी बच्ची का पता नहीं चलने पर उसने पास के गांव में मड़ाई करने गए और अपने पति को जानकारी दी। पति-पत्नी दोनों टॉर्च लेकर खोजबीन में जुट गए। काफी देर तक खोजबीन के बाद करीब 200 मीटर दूर एक गड्ढे में झाड़ियों के बीच बच्ची का शव देख दोनों चीखने चिल्लाने लगे। गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। जानकारी पाकर एसीपी हंडिया पंकज लवानिया के अलावा कोतवाली हंडिया बीके गौतम दल बल के साथ पहुंच गए और छानबीन में जुट गई। रात में ही फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किया।

काफी देर छानबीन के बाद भी घटना के कारणों का पता नहीं चल सका। बच्ची के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले। आशंका जाहिर की जा रही है कि गला घोटकर हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सके। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# संक्षिप्त ख़बरें

### अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत राधा गोविंद मंदिर गांव बासमती में 20 से 27 तक चलेगा प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् भागवत कथा पंडाल हुआ तैयार

**अमड़ापाड़ा-** अमड़ापाड़ा प्रखंड स्थित गांव बासमती में राधा गोविंद मंदिर में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर समिति के सभी सदस्य जोर शोर से तैयारी में लगे हुए हैं। राधा गोविंद मंदिर समिति के अध्यक्ष सुबल पाल ने बताया कि कार्यक्रम की पुरी तैयारी हो गयी है। 20 अप्रैल से शुरू होगा और 27 अप्रैल तक चलेगी। वही संध्या 4:00 बजे से 7:00 बजे तक बांग्ला एवं 7:00 बजे से 10:30 बजे तक हिंदी में भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। हिंदी भागवत कथा वाचिका सुश्री आराध्या दीदी श्रीवृंदावन धाम से आ रही हैं। बताया कि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 20अप्रैल को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया जाएगा 28 अप्रैल को महाप्रसाद वितरण के साथ समापन किया जाएगा।

### प्रखंड क्षेत्र में हुई मारपीट की अलग-अलग घटना में तीन लोग घायल

**बरकट्ठा-** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर हुई मारपीट की घटना में तीन लोग घायल हो गये। गुरुवार को हुई मारपीट की घटना में ग्राम बसारिया निवासी संजय कुमार पांडेय 19 वर्ष पिता बिन्देश्वर यादव, ग्राम गैड़ा निवासी यशोदा देवी 65 वर्ष पति परमेश्वर यादव तथा ग्राम लेम्बुआ शिलाड़ीह निवासी लोकन मोदी 91 वर्ष पिता स्व करमचंद मोदी घायल हो गये। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरक?ट्ठा में किया गया।

### सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल, रेफर

**बरकट्ठा-** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में ग्राम चुगलामो निवासी पार्वती देवी 46 वर्ष पति मीतलाल रविदास गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसें गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरक?ट्ठा से चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया।

### इंडिया गठबंधन के कोडरमा लोकसभा से प्रत्याशी विनोद सिंह ने पूर्व विधायक जानकी यादव से किया मुलाकात

**बरकट्ठा-**बरकट्ठा कोडरमा लोक सभा से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सह बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव से शिष्टाचार मुलाकात किया। विनोद सिंह ने बरकट्ठा स्थित पूर्व विधायक के आवास पर गुरूवार को मिलकर विचार-विमर्श किया। जानकारी हो की बरक?ट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव ने 16 अप्रैल को अपने समर्थको के साथ भाजपा से सामुहिक रूप से इस्तीफा दे दिया था। जिसके दो दिन बाद ही इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार विनोद सिंह की पूर्व विधायक से मुलाकात लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। हांलाकि पूर्व विधायक जानकी यादव ने राजनीतिक चर्चा का खंडन करते हुए बताया की क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक विनोद सिंह उनसे एकाएक मिलने पहुंचे थे। मौके पर भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य भुनेश्वर केवट, जिला सचिव पच्चू राणा, अंचल सचिव शेर मोहम्मद, इसराइल अंसारी, अजीत कुमार यादव, चिंतामण पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जैन मुनियों का नगर आगमान पर स्वागत किया



**टूण्डला-** नगर में जैन मुनि परम पूज्य अभिनंदन सागर महाराज के सुयोग्य शिष्य परम पूज्य आचार्य आदित्य सागर मुनिराज, और परम पूज्य राष्ट्रसंत सुरीगच्छाचार्य आचार्य विरागसागर महाराज के परम प्रभावक सुयोग्य शिष्य मेडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसंत सागर मुनिराज का दादागुरु वात्सल्य रत्नाकर आचार्य विमल सागर महाराज के आचार्य पदारोहरण भूमि धर्म नगरी टूंडला में राजा का ताल से भव्य मंगल प्रवेश हुआ टूंडला में पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर इंद्रानगर में भक्तो द्वारा पूरे संघ का बड़ी भक्ति से लोगो द्वारा भव्य स्वागत और प्रवेश कराया है और कई जगत सभी जैन संतो का पाद प्रच्छालन और आरती की गई इस मौके पर समस्त जैन समाज के अनुयाई उपस्थित रहे इस संघ को टूंडला में लाने का मुख्य भूमिका राहुल जैन वितुल ए. आर इवेंट मैनेजमेंट एवं विहार कराने में जैन ग्लोबल यूथ फॉर्म की पूरी टीम रही की इस मौके जैन समाज से सुभाष जैन कमलेश जैन कोल्ड, राजू जैन, क्षेत्रीय सह संयोजक भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन,दिनेश जैन, प्रशान्त पारस जैन,महेश जैन, अतुल जैन,अरिहंत, गोपाल, अनुज, प्रिन्स घी ,विपुल, अंकित , समुद्रगुप्त जैन, पंकज जैन, संदीप जैन, अनिल जैन,गोलू, समस्त जैन समाज के अनुयाई उपस्थित रहे।

## गोड्डा पुलिस ने निर्दोष आदिवासी पहाड़िया व्यक्ति को मारी गोली, SI व दरोगा सस्पेंड, मौत पर बवाल

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोड्डा-** झारखंड के गोड्डा जिला अंतर्गत सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस की गोली से एक युवक की मौत पर बवाल हो गया है। आरोप है कि एक अपराधी को पकड़ने के लिए बुधवार की रात साकिन डांगापाड़ा गांव गई पुलिस ने आदिम जनजाति समुदाय के एक युवक पर गोली चला दी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मारे गए युवक का नाम हरिनारायण पहाड़िया है। ग्रामीणों और परिजनों का कहना है कि पुलिस ने निर्दोष युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है। वे दोषी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। इधर, गोड्डा जिला पुलिस ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की है।

**गोड्डा में युवक की पुलिस फायरिंग में मौत**

गोड्डा के एसपी के आदेश पर युवक पर गोली चलाने वाले एएसआई राजनाथ यादव को सस्पेंड कर दिया गया है। जिला पुलिस की




ओर से जारी एक रिलीज में बताया गया है कि आर्म्स एक्ट के अभियुक्त बेनाडिक हेम्ब्रम नामक व्यक्ति द्वारा रंगदारी वसूलने की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम छापेमारी के लिए गई थी। वहां एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। उसे पकड़ने की कोशिश के दौरान एएसआई राजनाथ यादव ने फायरिंग कर दी। भाग रहे व्यक्ति के बाएं कंधे के पास गोली लग गई। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**आदिवासी की मौत पर बीजेपी ने चंपई सोरेन सरकार को घेरा**

इधर, झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पुलिस ने बेकसूर आदिवासी युवक की गोली मारकर हत्या की है। उन्होंने घटना पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि झामुमो-कांग्रेस की सरकार इस मामले में भी लीपापोती करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने झारखंड के डीजीपी से घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## समृद्ध धरोहर समृद्ध समाज का प्रतीक है

**स्वतंत्र प्रभात**

**चौपारण हजारीबाग झारखंड-** किसी भी राष्ट्र का इतिहास, उसके वर्तमान और भविष्य की नींव होता है। जिस देश का इतिहास जितना गौरवमयी होगा, वैश्विक स्तर पर उसका स्थान उतना ही ऊँचा माना जाएगा। वैसे तो बीता हुआ कल कभी वापस नहीं आता, लेकिन उस काल में बनीं इमारतें और लिखे गए साहित्य उन्हें हमेशा सजीव बनाए रखते हैं। विश्व विरासत के स्थल किसी भी राष्ट्र की सभ्यता और उसकी प्राचीन संस्कृति के महत्त्वपूर्ण परिचायक माने जाते हैं।उक्त बातें आज विश्व विरासत दिवस के अवसर पर लेखक सह हजारीबाग लोक सभा के लोकप्रिय प्रत्यासी मनीष जायसवाल जी का लोक सभा चुनाव संचालन समिति सदस्य मुकुंद साव ने एक ऐतिहासिक परिचर्चा के दौरान कहा, उन्होंने विश्व विरासत दिवस के इतिहास पर चर्चा करते हुए कहा है कि पहला 'विश्व विरासत' 18 अप्रैल, 1982 को ट्यूनीशिया में 'इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ मोनुमेंट्स एंड साइट्स' द्वारा मनाया गया था।एक अंतराष्ट्रीय संगठन ने 1968 में विश्व प्रसिद्ध इमारतो और प्राकृतिक स्थलों की रक्षा के लिए एक प्रस्ताव रखा था ।इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र के सामने 1972 में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान रखा गया जहां ये प्रस्ताव पारित हुआ।

इस तरह विश्व के लगभग सभी देशों ने मिलकर ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों को बचाने की शपथ ली,आज पूरी दुनिया अपनी विरासत बचाने में लगी हुई है, श्री साव ने बताया कि आज प्रत्येक गांव,कस्बे में कुछ न कुछ ऐतिहासिक धरोहर है, चाहे वह प्राचीन मंदिर हो,मठ हो,राजा का गढ़ हो,किला हो,प्राचीन इमारत हो या फिर प्राचीन व्यवस्था हो ,सबका अस्तित्व खतरे में है परंतु उसे बचाना जरूरी है क्योंकि वही उस गांव कस्बे का पहचान है,इतिहास है,विश्व विरासत दिवस यही संदेश देता है।

## स्टोन बोल्डर मामले की एनजीटी में हुई सुनवाई

● **अगली सुनवाई 24 मई को**

**स्वतंत्र प्रभात**

**साहेबगंज झारखंड-** साहिबगंज जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा गंगा नदी को प्रदुषित होने से बचाने व जलीय जीव जंतु,संरक्षित डॉल्फिन को बचाने व संवर्धन हेतु एनजीटी ईस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या-162/2023 की गुरूवार को पीठ के न्यायिक सदस्य जस्टिस बी.अमित स्टालेकर व एक्सपर्ट मेंबर डा.अरूण कुमार वर्मा ने की.सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अपने पुर्व के आदेश की समीक्षा करते हुए कहा की झारखंड राज्य प्रदुषण बोर्ड के सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास द्वारा कोर्ट में दाखिल जवाबी हलफनामा पर कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यीय कमिटी उपायुक्त,केंद्रीय प्रदुषण बोर्ड नई दिल्ली,झारखंड राज्य प्रदुषण बोर्ड द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट से कोर्ट संतुष्ट नहीं है इसलिए कमिटी को कोर्ट ने आदेश दिया था की जिले के सभी गंगा घाटों का स्थलीय निरिक्षण कर अगली सुनवाई तिथि 16 अप्रैल तक कमिटी कोर्ट में रिपोर्ट पेश करे। सुनवाई के दौरान कमिटी द्वारा रिपोर्ट पेश करने के बदले रिपोर्ट पेश करने के लिए और चार सप्ताह का समय देने का आग्रह किया जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया.जी.के.इंटरप्राइजेज मालदा व मां तारा कंस्ट्रक्शन कंपनी मुजफ्फरपुर के द्वारा जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए चार सप्ताह



देने का आग्रह किया जिसे भी कोर्ट ने स्वीकार कर लिया.कोर्ट ने डायरेक्टर क्लीन गंगा मिशन नई दिल्ली साहिबगंज के डीसी,डीटीओ व कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल कटिहार को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया. सुनवाई में याचिककर्ता अरशद नसर भी उपस्थित थे।अब इस मामले की सुनवाई 24 मई को होगी।

## चौपारण में रामनवमी धूमधाम से समपन्न

**स्वतंत्र प्रभात**

**चौपारण हजारीबाग झारखंड-** चौपारण प्रखंड में रामनवमी पूजा शांति और सौहार्दपूर्वक गुरुवार को संपन्न हो गया। इस दौरान प्रखण्ड के सभी 26 पंचायतो में आस्था और विश्वास के साथ वर्षो से गगन चुंबी महाबीरी ध्वज के साथ रामनवमी पूजा मनाने की परंपरा को कायम रखा गया। पूरा क्षेत्र राममय नजर आया रामभक्तो ने हर वर्ष की भांति थाना परिसर में महाबीरी ध्वज लेकर गये। जिन्हें थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने नमन करते हुए भव्य स्वागत किया। वहीं बजरंग अखाड़ा चक्रसार, चयकला, यवनपुर, महराजगंज, चैथी, ताजपुर, मरहेड़ी, केंदुआ, झापा,बिसनपुर,महूदी,रामपुर,चौपारण, मानगढ़,बच्छई ,मालिकाना, गोबिंदपुर सहित अन्य जगहों पर बुधवार को ही कई गांवो से महाबीरी झंडा नियत समय पर निकली और अपने अपने अखाड़ों में मिलान किया। वहीं इसके अगले दिन पांडेयबारा सहित कुछ अन्य क्षेत्रों में भव्य मेले का आयोजन हुआ। वहीं रामनवमी पूजा को शांतिपूर्वक समपन्न करवाने में प्रशासनिक अधिकारियों और समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। चौपारण सीओ सह प्रभारी बीडीओ संजय यादव, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में पूरे प्रखण्ड में सुरक्षा व विधि



व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जगह जगह पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात की गई थी। आइरबी की महिला बटालियन भी तैनात की गई थी।

## हुसैनाबाद के लोहबंधा गांव में राम नवमी का जुलूस हुआ शांतिपूर्ण सम्पन्न

● **जुलूस के दौरान राम भक्तों ने जय श्रीराम के लगाया जयकारा**

● **हम सभी हिन्दू-मुस्लिम आपसी एकता के साथ मनाते हैं त्योहार- अकबर अंसारी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**हुसैनाबाद/पलामू/झारखंड-** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के महुडंड ओपी क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती लोहबंधा गांव में राम नवमीं जुलूस शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। राम नवमी को लेकर इस वर्ष लोगों ने हर्षोल्लास व गाजे बाजे के साथ जुलूस में थिरकते हुए रामभक्तों ने जमकर जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इस दौरान मौके पर लोहबंधा गांव के वार्ड प्रतिनिधि अकबर अंसारी व महुडंड पंचायत के पंचायत सहायक मसउद आलम ने राम नवमीं के जुलूस में शामिल होकर सभी रामभक्तों को राम नवमीं पर्व की शुभकामनाएं दी।व आगे वार्ड प्रतिनिधि अकबर अंसारी ने कहा कि मेरे गांव व पंचायत क्षेत्र में सभी त्योहार हिंदू - मुस्लिम आपसी एकता के साथ सौहार्द पूर्वक मनाया करते हैं।

वहीं दूसरी ओर हुसैनाबाद शहरी क्षेत्रों में रामनवमी जुलूस के पूर्व पलामू उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पियूष सिन्हा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, बीडीओ रौशन कुमार, हैदरनगर थाना प्रभारी



अफजल अंसारी समेत कई अधिकारी ने संयुक्त रूप से हुसैनाबाद व हैदरनगर के शहरी क्षेत्रों के रामनवमीं जुलूस के प्रमुख मार्ग स्थल पहुंच विधी व्यवस्था का जायजा लिया।

मौके पर रामनवमीं जुलूस के दौरान लोहबंधा गांव के लखन यादव, सत्येन्द्र यादव, सीता राम यादव, लालू प्रसाद यादव, विनोद परहिया,मुखदेव भुइयां, लाल मोहन यादव, आनन्द प्रसाद यादव, वासुदेव यादव, रमेश यादव, मनोज परहिया आदि सहित कई लोग मौजूद थे।

## महागठबन्धन की रैली सफल बनाने को लेकर कांग्रेस आई कमिटि की हुई बैठक, किये गए विचार-विमर्श

**स्वतंत्र प्रभात**

**करौं/देवघर/झारखंड-** बीते गुरूवार को मधुपुर अनुमण्डल अंतर्गत करों प्रखण्ड के कांग्रेस आई कमिटि के प्रखण्ड अध्यक्ष संजीव चौधरी की अध्यक्षता में एक बैठक आगामी 21अप्रैल को राँची में प्रस्तावित रैली को सफल बनाने के लिये की गई। इस बैठक में डूमरतर, गोविन्दपुर, सालतर , चकदहा, आलमपुर, कमलकरडीह, प्रतापपुर, डिण्डाकोली, देपुर, सालतर, धर्मपुर, चौरवेरिया, रानीडी आदि गाँवों के साक्रिय कार्यकर्ताओं ने विचार-विमर्श कर रैली को सफल बनाने का संकलप लिया। इस अवसर पर कांग्रेस आई कमिटि के प्रखण्ड अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि महागठबन्धन की रैली सफल करने हेतु गाँव-गाँव में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है । महागठबन्धन प्रत्याशी दीपिका पाण्डे गोड्डा संसदीय क्षेत्र से भारी मतों से जीत रही है। मौके पर बिष्णु यादव, बालिका देवी, देवीकुमारी, रामटहल सिंह, भूदेव तुरी, चन्द्र देव दास, सत्यनारायण तुरी, सरजोम



हेमरम, छुटी कुमारी, पिंटू बल, राजेन्द्र साह, आजित पडित समेत अन्य उपस्थित थे।

## अपराधियों ने 30 वर्षीय युवा के सीने में मारी गोली, मौके पर हूई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**स्वतंत्र प्रभात**

**केरेडारी-** केरेडारी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत बारियातु निवासी ननक साव के छोटे पुत्र योगेंद्र कुमार साव उर्फ छोटू उम्र लगभग 30 वर्ष को अज्ञात अपराधियों ने कंडाबेर पंचायत के पतरा खुर्द हथिया मेला टांड से आपसी के दौरान ज्ञान ज्योति स्कूल कंडाबेर के समीप 17 अप्रैल 2024 बुधवार समय लगभग 6ः00 बजे शाम को दो अज्ञात अपराधीयो ने एक मोटरसाइकिल से ओवरटेक करके सामने से छोटू के सीने में दो गोली चलाई। एक गोली दाहिने छाती के निचे और दूसरी गोली बांए तरफ सीने में जा लगा। अपराधियों ने बारियातु हेठ खोरी होते फरार हो गया। सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। युवकों ने बड़कागांव सदर अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड दिया। बता दे कि योगेंद्र साव उर्फ छोटू रांची में रह कर ढलाई मशीन का व्यवसाय चलाता था। अब उसके पिछे पत्नी एवं 2 लडका जिसका उम्र 8 वर्ष और 6 वर्ष हैं। घटना के क्रम छोटू टीवीएस बाइक को चला रहा था। उसके पीछे साहेब कुमार उसी के करीबी दोस्त बैठा था। और दोनों अपने घर जा रहें थे। सूचना मिलते ही केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जायजा लिया। पुलिस इसकी बारीकी से छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि रामनवमी में छोटू अपने गांव आया था और मेला से घर जानें के क्रम में यह घटना घटी हैं। अपराधियों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि सुराग मिलते ही बहुत जल्द अपराधी पुलिस के शिकंजे में होगा। वही 18 अप्रैल गुरुवार को मृतक के बड़े भाई छत्रधारी साव ने थाना में प्रशासन से इंसाफ के गुहार लगाते हुए आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से छत्रधारी साव ने जीकर है की रांची से बारियातु मेरा भाई योगेंद्र कुमार साव एवं साहेब कुमार एक साथ घर पहुंचे। और 3 बजे के करीब मेला जानें के क्रम में दोनो के अलावे 8 से 10 लड़का और साथ में थें। परंतु आने वक्त सिर्फ साहेब कुमार और मेरा भाई योगेंद्र कुमार साव एक ही मोटरसाइकिल में बैठ कर आने लगे। बाइक योगेंद्र साव चला रहा था। वही साहेब कुमार पिछे बैठा था। जब गोली चली तो सिर्फ योगेंद्र साव को ही लगा। साहेब कुमार को एक खरोच तक नहीं आया। आरोप लगाते हुए कहा कि साजिश के तहत् मर्डर किया गया है। फिलहाल साहेब कुमार को पुलिस अपने कब्जे में पूछताछ के लिए रखा है। अभी कहना मुश्किल है कि साजिश के तहत् के साथ मर्डर का कनेक्शन कहां से कहां तक जुड़ा है। केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टिम इसकी गहराई से जांच कर रही है। फिलहाल पोस्टमार्टम कर अग्नि संस्कार के लिए शव परिजन को सौंप दिया गया है।

## दीवार के मलबे में दबकर दो बच्चों की मौत, हादसे में तीन अन्य मासूम हुए घायल

**स्वतंत्र प्रभात**


**चाईबासा, झारखंड-** चाईबासा जिले के कुमारडुंगी प्रखंड के अंधारी के पांडुसाई टोला में निर्माणधीन कच्ची दीवार गिर गई। इस हादसे में घर की आंगन में गहरी नींद में सो रहे दो बच्चे मलबे में दब गए और दोनों की मौत हो गई। इस घटना में अन्य दो बच्चों के साथ एक बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई हैं। घटना बुधवार की रात 10.30 की बताई जा रही है। बच्चों के परिजन के अनुसार, गांव के लगभग 6 बच्चों ने एक साथ भोजन किया और फिर खेलते-खेलते देवानंद पान के घर की आंगन में सो गये थे। रात को निर्माणाधीन दीवार अचानक से बच्चों के पर गिर गई। आनन-फानन में देवानंद पान ने चार बच्चों को खींचकर मलबे से बाहर निकाला, जबकि दो बच्चे 8 वर्षीय शिवा पान और 7 वर्षीय मुन्ना पान उसमें दब गए। घटना के बाद गांव में मातम छाया हुआ है. मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है. मृतक और घायल एक ही परिवार के हैं। घटना की जानकारी देते हुए घर के मालिक और मृतकों के चाचा देवानंद पान ने बताया कि वह बुधवार की रात अपने घर के आंगन में अपने बच्चे, अपने छोटे भाई ओनामानो का पुत्र सात वर्षीय मुन्ना पान, दूसरे भाई जगदीश पान का 8 वर्षीय पुत्र शिवा पान के साथ सोए हुए थे। अचानक रात 10:30 बजे उनके घर की निर्माणाधीन चारदीवारी उन पर गिर गई। जिससे वहां सोए सभी लोग उसमे दब गए। दीवार गिरने पर घरवाले और आस पड़ोस के लोगों ने आकर किसी तरह बच्चों को मलबे से बाहर निकाला। बच्चों को तुरंत 108 एम्बुलेंस से कुमारडुंगी सीएचसी ले जाया गया। जहां उपस्थित डाक्टर ने शिवा पान को मृत घोषित कर दिया। वहीं, मुन्ना पान को चाईबासा रेफर कर दिया गया। चाईबासा सदर अस्पताल में मुन्ना पान को मृत घोषित कर दिया गया। बच्चों के परिजन देवानंद ने बताया कि इस हादसे में उसके दो बच्चों को भी चोटें आयीं हैं. कुमारडुंगी सीएचसी में उनकी चिकित्सा की गयी. तीनों अभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

● **बिहार झारखंड सीमा पर वाहनों की हो रही है सघन जांच**

**स्वतंत्र प्रभात**

**चौपारण-** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड बिहार का बॉर्डर चोरदाहा चेकपोस्ट पर गहन चेकिंग अभियान जारी है। इसी क्रम में बरही डीएसपी सुरजीत कुमार के नेतृत्व में गहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इनके नेतृत्व में गुरुवार के दिन तक सैकडों छोटे बड़े वाहनों के कागजातों और गाड़ियों की गहनता से तलाशी ली गई और आपराधिक गतिविधियों पर रोक के साथ चुनाव में पैसों के इस्तेमाल पर रोक लगाने की कोशिश की गई। वहीं डीएसपी सुरजीत कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से ही टीमों का गठन कर दिया गया है और झारखण्ड प्रवेश करने वाले व बाहर जाने वाले वाहनों का सघन जाँच किया जा रहा है ताकि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से समपन्न हो सके। वहीं इस संदर्भ की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि तीन शिफ्ट में 24 घण्टे वाहनों का सघन जाँच




पड़ताल की जा रही है जो कि आगमी लोकसभा चुनाव तक जारी रहेगा। आगे कहा कि अपराध पर नियंत्रण करने और मादक पदार्थो की तस्करी रोकना पुलिस का कर्तब्य है।

## असम करीमगंज जिले के कालाछड़ा ईडन एकेडमी स्कूल में स्कूटी वितरण कार्यक्रम रैली के माध्यम से सम्पन्न हुआ

● **स्कूल के छात्र स्कूटी पाकर खुश हुए और असम के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को धन्यवाद दिया।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**असम करीमगंज-** करीमगंज जिले के कालाछड़ा निजी शिक्षण संस्थान ईडन एकेडमी स्कूल में स्कूटी वितरण समारोह 2023 में उच्च माध्यमिक परीक्षा के प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के बीच स्कूटी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष सुभाष चंद्र दास उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के सशक्त नेतृत्व में शिक्षा एवं ढांचागत विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। ज्ञात हो कि कालाछड़ा ईडन एकेडमी निजी शिक्षण संस्थान की स्थापना 2018 में हुई थी, जिससे आज तक काफी प्रतिष्ठा हासिल करने के साथ-साथ शिक्षकों ने छात्रों को उज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन किया है। गत 17







अप्रैल (बुधवार) को स्कूल में स्कूटी वितरण समारोह में 8 छात्रों को स्कूटी दिया गया। मोनिका नाथ, दीया दास, रुस्ताना बेगम, नाशिरा बेगम, साहिदा बेगम, ज़हरा बेगम को स्कूल अधिकारियों और सभापति द्वारा स्कूटी पुरस्कार प्रदान किया गया। बैठक में अध्यक्ष मोइनुल हक ने कहा कि वर्तमान सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को काफी महत्व दिया है. उन्होंने महिला शिक्षा के अत्यधिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरकार की शिक्षा से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का जिक्र किया. स्कूटी वितरण समारोह में स्कूल के एमडी अब्दुल मुनीम शिक्षक और छात्र अभिभावकों में सब्बीर अहमद, अशद उद्दीन, कनिका नाथ, बादल नाथ, अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद रहे।

## जिला विज्ञान क्लब ने चलाया मतदाता हस्ताक्षर अभियान

**स्वतंत्र प्रभात**

**सिरसागंज-** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वावधान में जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद के कार्यालय पर जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद डॉ निशा अस्थाना एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीआईओएस डॉ निशा अस्थाना ने मतदाता हस्ताक्षर अभियान का प्रारम्भ करते हुए जनपद के समस्त मतदाताओं को जनपद फिरोजाबाद में आगामी दिनाँक 07 मई 2024 को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने सभी को मतदान की शपथ दिलाते हुए कि अपने भारत देश के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ फिरोजाबाद के जिलाध्यक्ष उमेश यादव ने भी हस्ताक्षर करते हुए जनपद के समस्त मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन में मतदान की अपील करते हुए जिला विज्ञान



क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन की जागरूकता कार्यक्रमों के लिए प्रशंसा की। इस अवसर पर सोनवीर सिंह राठौर, पंकज भारद्वाज, धर्मेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह, कौशलेंद्र मिश्रा, रक्ष पाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, महीपाल सिंह, प्रदीप कुमार, अशोक उपाध्याय, सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 500 ग्राम चरस सहित 1अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**

**फिरोजाबाद।**आगामी लोकसभा चुनावो को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी बिक्री करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना उत्तर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को 500 ग्राम अवैध चरस बरामदगी सहित गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष उत्तर मय पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहन व्यक्तियों की चैकिंग के दौरान रामद्वार के बगल में ईट की दीवार के पास से अभियुक्त संगम पुत्र कोमल सिंह निवासी विजय नगर पानी की टंकी के पास थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 500 ग्राम चरस नाजायज बरामद हुई है । जिसके सम्बन्ध मे अभियुक्त के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को



न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

# शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता पर आक्षेप है



भारतीय शिक्षा व्यवस्था दुनिया की वृहद व्यवस्थाओं में से एक है। लगभग साढ़े छब्बीस करोड़ विद्यार्थी, जो स्कूल योग्य उम्र के कुल बच्चों का चौहत्तर फीसद है, भारतीय स्कूलों में नामांकित हैं। इस व्यापक व्यवस्था के बनने में कई ऐतिहासिक पड़ाव रहे हैं, जो फिलहाल पौने तेरह करोड़ लड़कियों और पौने चौदह करोड़ लड़कों को शिक्षा प्रदान करती है। इसमें कुल स्कूलों की संख्या करीब चौदह लाख है, जिसमें साढ़े बाईस फीसद निजी स्कूल हैं। इसमें अगर प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के बीच के अंतर को नजरअंदाज भी कर दें, जो प्राइमरी स्कूलों की संख्या (लगभग बारह लाख) का मात्र साढ़े बारह फीसद (लगभग डेढ़ लाख) है, तो भी लगभग सात करोड़ विद्यार्थी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में अध्यनरत हैं। यह संख्या एक बड़े व्यापार को ग्राहक मुहैया कराती है, जो ट्यूशन और कोचिंग के नाम से एक नए तंत्र की संरचना करती है। साथ ही, उच्च शिक्षा के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाएं और नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं भी इस व्यापार को उर्वर जमीन मुहैया कराती हैं।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सत्ताईस फीसद और शहरी क्षेत्रों में अड़तीस फीसद विद्यार्थी माध्यमिक स्तर पर ट्यूशन या कोचिंग ले रहे हैं। पिछले केवल चार वर्षों (2018 से 2022 ) में निजी ट्यूशन केंद्रों की संख्या में बारह फीसद की बढ़ोतरी हुई है। मौजूदा आकलन के अनुसार कोचिंग का बाजार लगभग अट्ठावन हजार करोड़ रुपए का है, जिसके 2028 तक एक लाख चौतीस हजार करोड़ रुपए का हो जाने का अनुमान है। इन आंकड़ों के बीच कई प्रश्न उठते हैं।

मसलन, क्या इन कोचिंग केंद्रों की बढ़ती संख्या मौजूदा शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता पर आक्षेप है ? इन केंद्रों में ऐसा क्या पढ़ाया जाता है जो स्कूलों और महाविद्यालयों में नहीं पढ़ाया जा रहा है ? ज्ञान के ऐसे कौन-से सोपान और घटक हैं, जो स्कूली या इसके संस्थानीकरण में छिटक और इन ट्यूशन और कोचिंग केंद्रों द्वारा समेटे जाते हैं? इन केंद्रों में पढ़ाने वाले अध्यापक कौन-सी शिक्षण विधि अपना रहे हैं, जिससे सौ फीसद अधिगम होने की संभावना रहती है और यह शिक्षण विधि हमारे स्कूली और महाविद्यालयी अध्यापकों से क्यों अच्छूती रहती है ? क्या स्कूलों और महाविद्यालयों में संरचनागत ढांचों और संसाधनों का ऐसा अभाव है, जहां कारगर शिक्षण अधिगम नहीं हो पा रहा है ? अध्यापक-विद्यार्थी अनुपात भी 1ः27 है, फिर किन वजहों से पाठ्यक्रम, शिक्षण विधि और मूल्यांकन की संस्थागत प्रक्रियाएं वह ज्ञान और शिक्षा विद्यार्थियों को मुहैया नहीं करा पा रही हैं, जिनके लिए उन्हें ट्यूशन और कोचिंग की राह पकड़नी पड़ती है ?

क्या स्कूल और तमाम शिक्षा के केंद्र, ज्ञान के किसी ऐसे स्वरूप से अनभिज्ञ हैं, जो उसे अधिक वांछनीय और उपयोगी बनाता है? परीक्षाएं अगर ज्ञान के वस्तुनिष्ठ स्वरूप को वैध करार देती हैं, तो यह वस्तुनिष्ठता क्या स्कूल द्वारा पोसी नहीं जाती है? और अगर वस्तुनिष्ठता का पोषण इन वैध शिक्षण संस्थाओं में होता है, तो कोचिंग या ट्यूशन केंद्र जैसे राज्येतर कारक शिक्षा और ज्ञान को लेकर ऐसा व्यापक हस्तक्षेप कैसे कर पा रहे हैं?

क्या यह ज्ञान के उत्तर-आधुनिकीकरण का संकेत है, जहां ज्ञान का सूचना मात्र में तब्दील हो जाना है और यह कोचिंग संस्थान बखूबी कर पाते हैं और ज्ञान / सूचना के रटने के नवाचारी तरीके इजाद कर लेते हैं, जो स्कूल या महाविद्यालय में संभव या वांछनीय नहीं है। अभी तीन दशक पहले तक जो विद्यार्थी ट्यूशन पढ़ते थे उनकी अकादमिक क्षमता कमतर मानी जाती थी और ट्यूशन या कोचिंग को निदानात्मक ज्ञान केंद्र के रूप में ही मान्यता थी। बाजार के उदारीकरण के साथ ही ज्ञान और शिक्षा के उदार स्वरूप ज्ञान ने एक %वस्तु% का आकार ले लिया, जिसका विनिमय निश्चित शुल्क के साथ किया जा सके। वैसे तो ज्ञान कभी भी मुफ्त और निशुल्क नहीं रहा। सदा राज्य के संरक्षण पर आश्रित रहा है, पर इस नवउदारीकरण के दौर में ज्ञान और इसका वस्तुकरण एक सुनिश्चित %गारंटी के साथ आने लगा, जिसकी बानगी उन लंबे-चौड़े होडिंगों पर देखी जा सकती है, जिनमें विद्यार्थियों के चित्र उनकी सफलता और उपलब्धि के साथ घोषित करते हुए यह आश्वासन देते हैं कि अगर आप हमारी संस्था में कोचिंग लेंगे, तो अगला चित्र आपका होगा। इस पूरी प्रक्रिया ने ज्ञान का वह स्वरूप निर्मित किया, जिसमें ज्ञान के रचे जाने के वैयक्तिक उपक्रम को रटे जाने मात्र से विस्थापित कर दिया। साथ ही एक और नया बाजार रचा, जिसमें कुछ खाद्य पदार्थ और पेय बुद्धि लब्धि बढ़ाने और मेमोरी चार्जर (स्मृति आवेशक) होने का दावा करने लगे। इन सब सुविधाओं से परिपूर्ण होने पर अगर छात्र सफल नहीं होता तो यह व्यवस्था की नहीं, उसकी निजी विफलता मानी जाती है। 2021 के राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार उस वर्ष तेरह हजार विद्यार्थियों ने इस %विफलता% के चलते आत्महत्या की। यानी प्रतिदिन पैंतीस विद्यार्थी जीने की इच्छा खो देते हैं।


यह पूरी व्यवस्था इतनी विकट बन चुकी है कि सरकार को विधेयक लाकर नियमन करना पड़ा कि सोलह वर्ष से कम आयु के विद्यार्थी को किसी भी कोचिंग केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा, पर इस तरह के औपचारिक नियम और अधिक गैर विधिक प्रक्रियाओं को जन्म देंगे। %सा विद्या या विमुक्तये% की पौराणिक सूक्ति को भारतीय शिक्षा विमर्श में न जाने कब सफलता और नौकरी की गारंटी में अनूदित कर दिया गया! शिक्षा और ज्ञान के डिजिटलीकरण ने भी एक भिन्न दुनिया की रचना की है। मशीनी मेधा के युग में मानवीय मेघा की प्रतियोगिता अब दूसरे मानव से न होकर मशीन से हो गई है। शिक्षा की मशीनी प्रक्रिया शायद हमें सक्षम और सफल भले बना दे, पर इससे निर्मित होने वाली मनुजता को हम अवश्य खो देंगे।

इन तमाम परीक्षा, सफलता आश्वासन केंद्रित संस्थानों ने सारे ज्ञान को %सामान्य ज्ञान% में बदल दिया है। विशिष्ट ज्ञान और समझ को व्यक्तिगत समझकर खारिज कर दिया है। ज्ञान के इस वाणिज्यीकरण से गलाकाट प्रतियोगिता तो पनप सकती है, पर %सर्वे भवंतु सुखिनः% का दर्शन नहीं। यह वाणिज्यीकरण ज्ञान और सत्य के एकाकार को भी चुनौती देता है और सत्यान्वेषण को भी शिक्षा और आर्थिक गतिशीलता के सह संबंध को सामाजिक मान्यता पहले से प्राप्त है। कोचिंग और ट्यूशन केंद्र उसे नैतिक मान्यता प्रदान करते हैं। शिक्षा और ज्ञान के साहचर्य से होने वाले अन्योन्याश्रित व्यक्ति और व्यक्तित्व के विकास को नजरअंदाज कर ज्ञान का वाणिज्यीकरण ज्ञान को मात्र ज्ञान या सूचना भर मान लेना स्थापित करता है। स्कूलीकरण, शिक्षा और ज्ञान हमारे निर्णय और चयन की क्षमता में संवर्धन करते और इसके बरक्स रटंत ज्ञान केवल एक सुनिश्चित तरह का प्रदर्शन या अदाकारी सिखाता है। ज्ञान और ज्ञाता, अधिगम और व्यवहार का ऐसा विछोह इस संकट को और गहराएगा और इस वाणिज्यीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाएगा।

**विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शैक्षिक स्तंभकार मलोट**

## संपादकीय

# वरुण गांधी इतना खामोश क्यों?



पीलीभीत लोकसभा का नाम आते ही वरुण गांधी और मेनका गांधी का नाम सामने आने लगता है क्योंकि कि पीलीभीत लोकसभा सीट तीन दशक से इस गांधी परिवार के पास ही है और यहां की राजनीति इन्हीं के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लेकिन इस बार यहां से वरुण गांधी चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी ने उनका टिकट काटकर कांग्रेस से भारतीय जनता पार्टी में आये योगी सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद को दिया है। इस पर वरुण गांधी की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। टिकट कटने से पहले वरुण गांधी अपनी ही सरकार पर हमलावर थे लेकिन जैसे ही लोकसभा चुनाव नजदीक आया वरुण गांधी शांत हो गये। यह तो पहले से ही समझ में आ रहा था कि इस बार वरुण को टिकट मिलना नामुमकिन है। लेकिन टिकट कटने के बाद भी वरुण इतना शांत रहेंगे यह एक चर्चा का विषय बन गया है।

पहले हम पीलीभीत की राजनैतिक स्थिति की बात कर लेते हैं। मेनका और वरुण गांधी का पीलीभीत से तीन दशक से भी पुराना संबंध है। और यहां से निवर्तमान सांसद वरुण गांधी ऐसे नेता थे जो अपनी ही सरकार पर वार करते थे।1990 में मेनका गांधी यहां से सांसद चुनी गई थीं और यहीं से वरुण गांधी ने अपनी राजनैतिक पारी की शुरुआत की थी।

तीन दशक के बाद यह पहला मौका है जब इस गांधी परिवार से यहां कोई नहीं है। यानि कि गांधी परिवार से यह सीट छीन ली गई है। भारतीय जनता पार्टी ने पीलीभीत से वरुण गांधी का टिकट काटकर कांग्रेस से त्यागपत्र देकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद को टिकट दिया है जब कि समाजवादी पार्टी ने भगवत शरण गंगवार को खड़ा किया है और बहुजन समाज पार्टी ने फूल बाबू को टिकट दिया है। लेकिन सवाल बरकरार है कि टिकट कटने के बाद भी वरुण गांधी इतने खामोश क्यों ?

पीलीभीत लोकसभा सीट पर लगभग 1820000 वोटर हैं। जिसमें पांच लाख मुस्लिम वोटर हैं, चार लाख लोध वोटर हैं जब कि ढाई लाख कुर्मी वोटर हैं। वरुण गांधी यहां से भारी अंतर से जीतते रहे हैं। क्यों कि जातिगत जनसंख्या के हिसाब से यह सीट भारतीय जनता पार्टी के लिए सुरक्षित सीट रही है। इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं जिनमें चार पर भारतीय जनता पार्टी और एक पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है। यहां 2014 में मेनका गांधी और 2019 में वरुण गांधी चुनाव जीते थे। अब जब यहां गांधी परिवार से कोई नहीं है तब यहां की जनता भारतीय जनता पार्टी को कितना सपोर्ट करेगी, यह देखना होगा लेकिन कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि कि कहीं वरुण गांधी कोई भितरघात न कर दें। क्यों कि वरुण पीलीभीत की एक एक नस से भलीभांति परिचित हैं।

जब भितरघात की बात की गई तो जितिन प्रसाद का कहना था कि हम सब भारतीय जनता पार्टी के सिपाही हैं और ऐसा कुछ भी नहीं होगा। जबकि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार भगवत शरण गंगवार का कहना है कि वरुण के भितरघात का फायदा उन्हें मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी ने वरुण गांधी की मां मेनका गांधी को तो सुल्तानपुर से टिकट दे दिया है लेकिन वरुण गांधी का टिकट कटने से यह कयास लगाए जा रहे थे कि क्या वरुण कांग्रेस या समाजवादी पार्टी में जाएंगे या फिर निर्दलीय ही पीलीभीत से चुनाव में उतरेंगे। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। लेकिन इतना अवश्य है कि कुछ समय के लिए वरुण गांधी के राजनीतिक कैरियर में विराम लग गया है। इसके बाद वरुण क्या फैसला लेंगे यह समय बताएगा।

दरअसल भारतीय जनता पार्टी ने भी डबल गेम खेला है मेनका गांधी को तो टिकट दे दिया है लेकिन वरुण गांधी का टिकट काट दिया गया है। इसलिए चाहकर भी अभी दोनों भारतीय जनता पार्टी से नाराज़ नहीं हो सकते हैं। हां यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि हो सकता है कि लोकसभा चुनाव के बाद जब मेनका को जीत हासिल हो जाए तब वरुण के बगावती सुर तेज हो सकते हैं और तभी वह कोई निर्णय भी ले सकते हैं। हालांकि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव से उनके संबंध काफी मधुर हैं। लेकिन कांग्रेस भी उनके लिए काफी इंतजार कर चुकी है। कांग्रेस की नेता और वरुण गांधी की चचेरी बहन प्रियंका गांधी से भी वरुण की काफी अच्छी बातचीत होती है। टकराव केवल मेनका गांधी और सोनिया गांधी के बीच है। भाई बहन का प्यार बरकरार है। तो वरुण गांधी के कांग्रेस में भी जाने के कयास लगाए जा रहे थे।

वरूण और मेनका गांधी जब 2019 का लोकसभा चुनाव जीते थे तभी से अपनी सरकार की तमाम नीतियों को उन्होंने खुले मंच से जमकर कोसा था। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी तथा अग्निवीर को लेकर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर कई तंज कसे थे और उसी समय से ऐसा लग रहा था कि शायद अब भारतीय जनता पार्टी वरुण गांधी को टिकट नहीं देगी। समझा तो यह भी जा रहा था कि भाजपा मेनका को भी टिकट नहीं देगी। लेकिन वरुण का टिकट तो काटा गया लेकिन मेनका को टिकट दे दिया गया। जब वरुण गांधी अपनी सरकार पर हमलावर थे उस समय मेनका खामोश थीं। यह भी राजनीति का एक हिस्सा हो सकता है।

अब लोकसभा चुनाव की शुरुआत हो चुकी है और वरुण गांधी भी खामोश हैं लेकिन इसका इफेक्ट लोकसभा चुनाव के बाद देखने को मिल सकता है। वरुण गांधी कुछ न कुछ तो निर्णय लेंगे ही। इतना आक्रामक नेता यूं ही खामोश नहीं बैठ सकता है। वरुण के लिए कई रास्ते खुले हुए हैं। और उन रास्तों का प्रयोग वरुण अवश्य ही करेंगे। पिछली भाजपा सरकार में मेनका गांधी मंत्री थीं। वरुण राष्ट्रीय कार्यकारिणी में थे लेकिन 2019 के बाद न तो मेनका गांधी को मंत्री बनाया गया और न ही वरुण गांधी को कोई जिम्मेदारी सौंपी गई। बस तभी से वरुण गांधी भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर हमलावर हो गये। उन्होंने तमाम जनहितकारी बातों को लेकर सरकार को घेरना शुरू कर दिया।

**जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

# लोकतंत्र के यज्ञ की प्रथम आहुति से पहले



अठारहवीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल 2024 को मतदान का पहला चरण है। आप इसे डूबते,मरते,सिसकते लोकतंत्र के पुनर्जीवन के लिए होने जा रहे महामृत्युंजय यज्ञ की प्रथम आहुति भी कह सकते हैं। दरअसल ये शब्द इसलिए इस्तेमाल कर रहा हूँ ताकि घोर सनातनियों की समझ में भी ये बात आ जाये कि यज्ञ में आहुति आँखें बंद कर नहीं दी जाती,इसके लिए आँखें खोलकर रखना पड़तीं हैं। आँखें बंद कर किया जाने वाला कोई भी काम मनोरथ को पूरा नहीं करता।

पिछले 77 साल में ये दूसरा मौक़ा है जब लोकसभा के चुनाव बेहद विषम परिस्थितियों में हो रहे हैं। 1977 में भी कमोवेश ऐसी ही स्थितियां थीं ,लेकिन आज जैसी गंभीर स्थितयां नहीं थीं। तब सत्ताधीशों के मन में तानाशाही का बीज अंकुरित हुआ था। 2024 में ये वटवृक्ष बन गया है। अंकुरित बीज को जनता ने एक झटके में उखाड़ फेंका था लेकिन तानाशाही के वटवृक्ष को उखाड़ने में उसकी दो कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं। ये तीसरा और शायद आखरी अवसर है जब जनता तानाशाही को निर्मूल कर लोकतंत्र को निर्जीव होने से बचा सकती है।

देश में जिन जगहों पर 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, वहां चुनाव प्रचार बुधवार थम चुका है किन्तु भीतर ही भीतर मतदाता का अनमोल मत हड़पने की साजिशें जारी हैं। प्रथम चरण में देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर जनता तय करेगी की उसे तानाशाही चाहिए या लोकतंत्र। आजकल चुनाव में प्रचार थमता नहीं ह। प्रचार थमने की औपचारिकता होती ह। नेता देश कि किसी भी कोने में खड़े होकर भाषण दे सकते हैं और उसका असर उन क्षेत्रों में भी होता है जहाँ औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार रोक दिया जाता है। केंचुआ अभी इस बीमारी का तोड़ नहीं खोज पाया है।

आप मानें या न मानें किन्तु अठारहवीं लोकसभा का चुनाव किसी समुद्र मंथन से कम नहीं है। सत्ता सुंदरी को हासिल करने के लिए एक तरफ तानाशाही और प्रतिक्रियावादी शक्तियां हैं और दूसरी और लोकतान्त्रिक और समतावादी शक्तियां। सत्ता हासिल करने के लिए सत्तारूढ़ दल की नजर इस बार उत्तर के मुकाबले दक्षिण पर ज्यादा है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 19 अप्रैल को मैदान है। भाजपा इस लोकसभा चुनाव में एनडीए के लिए 400 सीट और पार्टी के लिए 350 सीट जीतने के लिए संघर्षरत है। इसीलिए भाजपा ने दक्षिण के राज्यों में विशेषकर तमिलनाडु में एड़ी- चोटी का जोर लगा दिया है।

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई खुद कोयंबटूर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।अन्नामलाई भाजपा के लिए कितनी मलाई ला पाएंगे ये 4 जून को पता चलेगा। पहले चरण के लिए होने वाले मतदान में केंद्रीय मंत्री एल मुरगन ,कांग्रेस के पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम के बेटे कीर्ति चिदंबरम,एआईएमआईएम के जेवियर दास ,तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल टी सौंदर्यराजन और यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे ए राजा का भविष्य तय होना है।

देश को सबसे ज्यादा संसद देने वाले उत्तर प्रदेश में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान जीत के लिए मैदान में हैं इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने हरेंद्र मलिक तो बसपा ने दारा प्रजापति को चुनावी मैदान में उतारा है। नगीना सीट से भीम आर्मी चीफ और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी चुनावी मैदान में है। पूर्व के सबसे महत्वपूर्ण राज्य असम के डिब्रूगढ़ सीट से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल चुनावी मैदान में है। इससे पहले इस सीट से केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली सांसद थे। उनका टिकट काटकर सोनोवाल को दिया गया है.

पांच साल पहले खंड-खंड किये गए जम्मू और कश्मीर की उधमपुर सीट से दो बार चुनाव जीतकर मोदी मंत्रिमंडल में जगह बनाने वाले सांसद जितेंद्र सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। राजस्थान की अलवर सीट से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।, बीकानेर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल के सामने कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल चुनावी मैदान में हैं। मन मारकर राजनीति कर रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र की नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने के चुनावी मैदान में है। 2014 और 2019 में उन्होंने दो लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी साल 2019 में उन्होंने मौजूदा महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था। गडकरी भाजपा का उदार चेहरा हैं और प्रधानमंत्री मोदी जी के बाद सबसे जयादा लोग उन्हें पसंद करते हैं। वे पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

देश के सुप्रीम कोर्ट को लगातार धमकाने वाले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू अरुणाचल प्रदेश की अरुणाचल पश्चिमी सीट से मैदान में हैं। 2004 से सांसद बन रहे किरेन रिजिजू तीन बार इस सीट से चुनाव जीत चुके है। उनका मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवाब तुकी से है। यानि आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल सहित 1625 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला पहले चरण के मतदान से होना है। यूपी की 8 और उत्तराखंड की सभी 5 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की सभी पांच, अरुणाचल प्रदेश की दो, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, असम की चार, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम और त्रिपुरा की एक-एक और पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान होगा। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर भी मतदान होगा।

पहले चरण के लिए मतदान से पहले तमाम सत्ताप्रतिष्ठान के पिट्ठू चैनल्स भांति-भाँतिके सर्वेक्षणों के जरिये मतदाताओं का ध्यान भंग करने का प्रयास करेंगे ,इसलिए जरूरी है कि मतदाता इन सबसे अपने निर्णय को प्रभावित न होने दे। मतदाता को तय करना होगा कि उसे पांच क्या दस साल में केंद्र की सत्ता से क्या मिला और क्या नहीं ? उसने क्या खोया और क्या पाया ? मतदाता को लोकतंत्र बचाना है या एक चेहरा ? देश का मतदाता प्रबुद्ध है। उसने तानाशाही की पहली कोशिश को भी नाकाम किया था। भविष्य में भी देश और दुनिया उससे यही उम्मीद करती है। मतदाता के मन में कौन है ये ब्रम्हा भी नहीं जान सकते। इति मित्थम।

**राकेश अचल**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक
राजीव कुमार शुक्ल
मो. 7499472288

e-Mail- news@swatantraprabhat.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

RNI No. UPHIN/2019/79073

# दैनिक राशिफल 19/04/2024




1.मेष

आपको धैर्य एवं शांति बनाए रखने की आवश्यकता है, अन्यथा आप व्यावसायिक संदर्भ में नुकसान उठा सकते है। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। नौकरी पहले की ही तरह सामान्य रूप चलती हुई होगी। चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि की आशंका है।

2.वृष

आप का अपने पुराने मित्रों का मिलन हो सकता है। लेनदेन के कार्यों में जल्दबाजी न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें। वैचारिक मतभेद के कारण नजदीकी व्यक्ति से अनबन हो सकती है। इस राशि की महिलाएं आज किटी पार्टी में जा रही हैं तो किस्मत आपके साथ रहेगी।

3.मिथुन

आपके घर-परिवार में खुशियां आएंगी। नौकरी में अधिकारी वर्ग संतुष्ट रहेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। दोस्तों या भाइयों की मदद से भी कोई जरूरी अधूरा काम पूरा हो सकता है। जो लोग कला के क्षेत्र से जुड़े हैं उनका मान-सम्मान बढ़ेगा।

4.कर्क

आज व्यस्तताओं के कारण प्रेमी जीवन में निराशा देखी जा सकती है। नवीन कार्य के सिलसिले में यात्रा लाभदायक रहेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि लाभदायक रहेंगे। आज किसी नई नौकरी की पेशकश आपके रास्ते में आने की संभावना बन रही है।

5.सिंह

आपकी जीवन शैली को बेहतर बनाएंगे। जो बाधाएं कार्य क्षेत्र में आ रही थीं वो दूर होंगी और परिणाम आपके अनुकूल रहेंगे। कार्यकुशलता का विकास होगा। आय में वृद्धि होगी। कोर्ट-कचहरी और विवादों में उलझने के योग बन रहे हैं। आज आप जीवनसाथी की गलतियों को इग्नोर करें।

6.कन्या

आपके जीवन में जो तनाव बढ़ता जा रहा है आपको उसको खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। परेशानियों के कारण दिनचर्या में थोड़ा बदलाव हो सकता है। सगे-संबंधियों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में उत्सव का वातावरण रहेगा।

7.तुला

आपके सामने आएंगे और आप उसे पूरे इत्मीनान से स्वीकार कर सकेंगे। यह दिन आपके लिए मिश्रित रहेगा। किसी तीर्थस्थान के दर्शन लाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है। जो लोग प्रॉपर्टी डीलर है आज उन्हें किसी अच्छे क्लाइंट से मुनाफा मिल सकता है।

8.वृश्चिक

आज साझीदारी और व्यापार में हिस्सेदारी वगैरह से दूर रहें। घर में सुख-शांति का माहौल रहने से प्रसन्नता अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य में आज थोड़ी गिरावट हो सकती है। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी। कोई पुरानी बात आपकी परेशानी बढ़ा सकती है।

9.धनु

नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, लेकिन स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही हैं। प्रिय व्यक्ति के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। तन-मन से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। जोश के साथ होश से काम करेंगे तो फायदा बढ़ेगा। जो लोग अविवाहित हैं आज उन्हें विवाह का सुयोग्य प्रस्ताव मिल सकता है।

10.मकर

आपकी सामाजिक लोकप्रियता बढ़ेगी और लोग महत्वपूर्ण मामलों पर आपकी सलाह लेंगे। पारिवारिक मसले पर आपको अचानक यात्रा करनी पड़ सकती हैं। सक्रिय होकर कार्य करें और लाभ अवश्य मिलेगा। नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे।

11.कुंभ

आपकी दयालु प्रवृत्ति आपको सम्मान दिलाएगी। आपके पेशेवर क्षेत्र में आपको प्रशंसा मिलेगी और सामाजिक रूप से आप अधिक लोकप्रिय हो जाएंगे। आप में ईमानदारी का गुण सदैव रहता है यह आप के सम्मान को बढ़ाएगा। अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं।

12.मीन

आपको थोड़ा कष्ट उठाना पड़ सकता है। परिवार में उत्सव हो सकता है। आपके बच्चों का प्रदर्शन आपके मन में गर्व और खुशी की भावना पैदा करेगा। आपकी मानसिक परेशानियों में कमी आएगी। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी और नई तकनीकी जानकारी के प्रति रुझान बढ़ेगा।

**आचार्य कौशलेन्द्र पाण्डेय जी के अनुसार**

## संक्षिप्त ख़बरें

### अराजक तत्वों ने भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त स्थित सामान्य



**सहजनवां/गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैजलपुर में स्थित बाबा भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को बुधवार की रात में अज्ञात अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। ग्राम प्रधान की सूचना पर थानाध्यक्ष हरपुर-बुदहट विशाल कुमार उपाध्याय ने इसकी जानकारी उपजिलाधिकारी सहजनवां को देकर तत्काल क्षतिग्रस्त हुए मूर्ति को सही करा दिया गया। बताते चलें कि सहजनवां ब्लाक के ग्राम पंचायत बैजलपुर में स्थित बाबा भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति की अंगूली और नाक को बुधवार की रात में किसी अज्ञात अराजक तत्वों ने तोड़ दिया गया था। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने मूर्ति स्थल पर पहुंच कर क्षतिग्रस्त हुए मूर्ति को ठीक करा दिया गया है, गांव में स्थित सामान्य है। स्थित का जायजा उपजिलाधिकारी सहजनवां कुंवर सचिन सिंह और तहसीलदार राकेश कुमार कन्नौजिया द्वारा भी लिया गया।


### नया भूसा पशुओं के लिए हो सकता है जानलेवा, रखें सावधानी

**देवरिया।** विकास खंड बैतालपुर के ग्राम उसरा बाजार में भ्रमण के दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने पशुपालकों को जागरूक किया कि वर्तमान समय में तैयार नये भूसे में लैक्टिक एसिड की मात्रा अधिक होती है, जिससे नये भूसा खाने वाले पशु में अफरा रोग हो जाता है। अफरा रोग के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि पशुओं के अफरा रोग हो जाने की दशा में पशु का पेट फूलने लगता है, मुंह से लार टपकती है,सांस लेने में दिक्कत होती है और बहुत अधिक पेट फूलने से सांस न ले पाने के कारण पशु की मृत्यु हो जाती है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ अरविन्द कुमार वैश्य ने बताया कि नये भूसे को थोड़ा थोड़ा करके प्रतिदिन पुराने भूसे में मिलाकर पशु को खिलायें। पुराना भूसा उपलब्ध नहीं होने पर नया भूसा पहले तीन घंटे तक पानी में भिगोंकर रखें इसके बाद छानकर खिलायें। नया भूसा अचानक खिलाने से पशु के पेट के अन्दर के माइक्रोफ्लोरा अनियमित हो जाते हैं, जिसके कारण पशु में भूख न लगना,अपच, डायरिया व पेट दर्द आदि समस्या हो जाती है । इसलिए पशुओं को कृमिनाशक दवा देकर लीवर टानिक, प्रोबायोटिक्स व प्रीबायोटिक्स दवा अवश्य खिलाएं। पशुओं को स्वच्छ पानी के साथ गुड़ एवं नमक नियमित खिलायें। नये भूसे के साथ 50 ग्राम नीम की पत्तियों को रोजाना खिलाना भी पशुओं के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी रहेगा।

### लापरवाही बरतने पर नगर पालिका कर्मी निलम्बित

**अलीगढ़,।** अधिशासी अधिकारी नगर पालिका खैर द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रहमुद्दीन को निलम्बित कर दिया गया है। उन्होंने बताया है कि रहमुद्दीन विगत 12 अप्रैल के बिना किसी सूचना एवं अवकाश के अनुपस्थित चल रहे हैं। जानबूझकर ड्यूटी से गायब रहने एवं निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में ड्यूटी का निर्वहन न करने पर इनको निलम्बित किया गया है। उन्होंने बताया है कि निलम्बन अवधि में रहमुद्दीन नगर पालिका खैर से सम्बद्ध रहेंगे।

### बारह वर्षो से फरार पचास हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार




**अलीगढ़,।** थाना सिविल लाइन पुलिस व एसटीएफ टीम आगरा द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए वर्ष 2012 से पुलिस अभिरक्षा से फरार, पचास हजार का इनामी/वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त लड्डुन उर्फ लड्डू को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सिविल लाइन के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम व एसटीएफ टीम आगरा द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए पचास हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर लड्डू उर्फ लड्डुन पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी नंगला उदिया थाना दादो को किला रोड मन्नत तिराहे से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी थाना सिविल लाइन के जानलेवा हमले में बाल-बाल बच जाने के प्रकाण में वांछित चल रहा था। आईजी अलीगढ़ मण्ड्ल द्वारा लड्डुन उर्फ लड्डू उपरोक्त पर पचास हजार रूपये इनाम घोषित किया था। आरोपी थाना दादों से हिस्ट्रीशीटर भी है।

# चुपके से हिब्बा कराने आये लोगो ने विरोध करने वाले को पीट कर किया घायल

**- बेटे की हालत हुई गम्भीर, सी एच सी गोला से जिला अस्पताल हुआ रेफर**



स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला तहसील में गुरुवार को चुपके से एक बुजुर्ग को लेकर जमीन हिब्बा कराने आये लोगो ने विरोध करने वाले माँ और बेटे को बुरी तरह पीट कर घायल कर दिया।बेटे की स्थिति नाजुक देख लोगो ने एम्बुलेंस को फोन किया लेकिन डेढ़ घण्टे बाद गोला तहसील में एम्बुलेंस पहुची घायल को सी एच सी गोला में इलाज के लिए लेकर गयी जहाँ डॉक्टर ने स्थित नाजुक देख जिला अस्पताल पर भेज दिया।

प्राप्त बिबरण केअनुसार गोला तहसील क्षेत्र के उरुवा थाना अंतर्गत ग्राम मरचा निवासी गुलाब तिवारी अपने पटीदारों को चुपके से जमीन हिब्बा करने तहसील गोला पर आए थे ।इस बात की जानकारी उनके पतोहू धानमती पत्नी स्व परमानंद व शैलेन्द्र पुत्र स्व परमानंद को हुआ ।वह लोग भी गोला तहसील पर पहुच आये । यहां पर जिस तख्ते पर हिब्बा लिखा जाने वाला था ।वह स्थान का पता चल गया।वह पहुच कर मा और बेटे ने विरोध किया ।जिसपर हिब्बा कराने आये लोगो ने बुरी तरह माँ और बेटे को पिट कर घायल कर दिया। घटना से तहसील में अफरा तफरी मच गई । गोला तहसील परिसर में घटी इस घटना का लोगो ने निंदा किया है।

## मुस्लिम भाईयों ने फाउंडेशन के साथ मनाई राम नवमी



स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला उपनगर में संचालित चंद्राश फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित रामनवमी के राम जन्मोत्सव में मुस्लिम भाईयों ने शिरकत कर दिल जीत लिया संस्था इतना ही नहीं कार्यक्रम में फल भी समीम अहमद ,गुलाम एजाज,अरमान और वैस बरकाती के डोनेशन के मदद से बच्चों में फल बांटा गया । कार्यक्रम का शुभारंभ फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता और राज सोनकर ने 9 कन्या पूजन करके किया। उसके बाद राम जी की आरती क्रमश रविशंकर पाठक,पंकज कुमार गुप्ता और राज सोनकर और फाउंडेशन के बच्चों द्वारा किया गया।अंत में सभी बच्चों को अंत में मुस्लिम भाईयों के हाथो माता रानी का प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम में अनिल सोनकर, प्रमोद कन्नोजिया अनिल सोनकर द्वारा भी फल का योगदान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंसील चौरसिया, अक्ंचा मद्धेशिया, राज सोनकर, समीम अहमद,गुलाम एजाज का बेहद अहम सहयोग रहा।

## कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर चलाया गया विशेष अभियान



स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 18 अप्रैल।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया गया। विकास क्षेत्र लार के प्राथमिक विद्यालय उकना खास, प्राथमिक विद्यालय तकिया, प्राथमिक विद्यालय मठील उपाध्याय, प्राथमिक विद्यालय बभनौली पांडेय, प्राथमिक विद्यालय नदौली, प्राथमिक विद्यालय तकिया में मतदाता जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमें प्राथमिक विद्यालय उकना में जिला उद्यान अधिकारी ने मतदाताओं को जागरुक करते हुए गांव में रैली निकाल कर एवं बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया, वहीं क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पांडेय में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में महिलाओं ने हाथ में मेहंदी लगाकर एवं बच्चों द्वारा रंगोली बनाकर 1 जून को अपने बूथ पर जाकर के मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान स्वीप नोडल

अवनीश कुमार मिश्रा, विद्यालय के स्टाफ प्रवीण कुमार वर्मा , अरुण कुमार पांडे प्रियंका यादव, मयंक पांडेय, मीरा देवी बी0एल0ओ0 एवं गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं सहायक स्वीप नोडल शालिनी श्रीवास्तव बताया कि आगामी सप्ताह में मतदाता जागरूकता के साथ-साथ छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु जागरूकता अभियान पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## दो करोड़ के हेरोइन के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** परसामलिक पुलिस व एसएसबी तथा स्वाट की संयुक्त टीम ने 2 करोड़ रुपए की मादक पदार्थ हेरोइन के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अभियुक्त हेरोइन की खेप को सीमा पार भेजने के फिराक में थे। संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तों के कब्जे से कुल 200 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। संयुक्त टीम ने बरामद हेरोइन के साथ आरोपी को थाने लाई। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक परसामलिक पुलिस व एसएसबी तथा स्वाट टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दो अभियुक्त हेरोइन की खेप को सीमा पार भेजने के फिराक में हैं। टीम ने मुखबिर की सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना क्षेत्र के सेवतरी टोला परसा के पास घेराबंदी कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। टीम के जांच-पड़ताल में अभियुक्तों के कब्जे से 200 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय कीमत 2 करोड़ रुपए आंका जा रहा है। पुलिस ने हेरोइन के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने आई। पुलिस के पूछताछ में पकड़े गए आरोपी युवक की पहचान सत्यम मद्धेशिया पुत्र संजय मद्धेशिया (22) निवासी जगन्नाथपुर टोला परसुरामपुर थाना सोनौली तथा दूसरे अभियुक्त की पहचान आशीष पासवान पुत्र महेन्द्र पासवान (19) निवासी जगन्नाथपुर टोला पंडितपुर थाना सोनौली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी युवकों के विरुद्ध धारा 8/22/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार, चौकी प्रभारी अमित सिंह, उपनिरीक्षक आदर्श सिंह, हेड कांस्टेबल अमरजीत कुमार, कांस्टेबल विकास यादव, अनिल यादव, उज्वल दीक्षित एसओजी टीम प्रभारी महेंद्र यादव, उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल कुतुबुद्दीन, शैलेन्द्र त्रिपाठी एसएसबी टीम में एसी सफवान एन, एसआई जीडी अमरजीत सिन्हा, कांस्टेबल अरुण कुमार, सोमराय केरकेट्टा आदि शामिल रहे। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि मादक पदार्थ हेरोइन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसे अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय भेजा गया है।

## जीवन के हर क्षेत्र में ज्ञान प्रदान करती हैं पुस्तकें: ब्रिगेडियर समरवीर सिंह



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** पुस्तकें न केवल शिक्षा में सफल होने के लिए अपितु व्यक्तित्व विकास के लिए भी अनुकूल होती हैं। विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें ज्ञान के स्रोत के साथ अभिरुचियों और रुचियों का संग्रहण भी होती हैं। पुस्तकें जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान करती हैं, चाहे वह कौन सा भी क्षेत्र हो यह बातें मंगलायतन विश्वविद्यालय के सेंट्रल लाइब्रेरी द्वारा आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी के शुभांरभ के दौरान प्रति कुलपति प्रो. सिद्दी विरेशम ने कहीं। प्रदर्शनी में 30 से अधिक प्रकाशकों द्वारा विभिन्न विषयों की बड़ी संख्या में पुस्तकें प्रदर्शित की जा रही हैं।

कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने कहा कि पुस्तकें विद्यार्थियों के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं जो उन्हें सफल और समृद्ध जीवन की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करती हैं। विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें न केवल एक साधन है अपितु एक आदर्श भी हैं जो उन्हें सफलता की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। पुस्तकालय अध्यक्ष डा. अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि पुस्तक प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य विभिन्न विषयों की पूर्ण जानकारी प्राप्त करना, पाठकों को पसंदीदा लेखकों से जोड़ना, पढ़ने में उनकी रुचि विकसित करना और उन्हें प्रेरित करना है। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य, कर्मचारी व विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान प्रति कुलपति ने प्रो. रविकांत की पुस्तक फोरेंसिक साइंस का विमोचन भी किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक प्रो. अब्दुल वदूद सिद्दीकी, डा. दीपमाला, परमेश शर्मा, हरवेंद्र सिंह, गौरव मिश्रा, रविंद्र सिंह, दिनेश व्यास, श्रद्धा देवी, कृष्ण बल्लभ, हितेश शर्मा, पवन कुमार, अरविंद कुमार, रोबिन वर्मा आदि थे।

**इन प्रकाशकों ने की सहभागिता**

पुस्तक प्रदर्शनी में पियर्सन, मैकग्रा-हिल, वीवा बुक्स, विली इंडिया, सीबीएस पब्लिकेशन, बीएसपी पब्लिकेशन, सवेरा, पीएचआई, सेंगेज लर्निंग, नरोसा, लेक्सिस नेक्सिस, निराली प्रकाशन, जेपी प्रकाशन, वैज्ञानिक प्रकाशन, जफा पुस्तकें और वितरक, डीपीएस प्रकाशन और वितरक, यूनिवर्सल बुक्स हाउस, हिमालय प्रकाशन, दिल्ली बुक स्टोर, बुकमेन एसोसिएट्स, सेगमेंट पब्लिशर्स, सेंट्रल बुक पब्लिशर्स, टेक्निकल ब्यूरो, ओपस पब्लिकेशन, वाईके पब्लिशर्स, फील बुक्स, बीपीबी प्रकाशन आदि प्रकाशका व वितरकों की सहभागिता रही।

# चुनावी सरगर्मियों के बीच रोजाना बदल रही सियासी तस्वीर

**- उम्मीदवारों की धड़कनों को बढ़ा रही मुस्लिम मतदाताओं की खामोशी**




स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** गठबंधन और बसपा मुस्लिम मतदाताओं में सेंध लगाने में जुटी हैं। लेकिन मुस्लिम मतदाताओं का रुख अभी तक स्पष्ट नहीं है। आगमा लोकसभा, विधानसभा व निकाय चुनावों में अधिकांश बार ध्रुवीकरण की तस्वीर दिखाई दे चुकी है। लेकिन इस बार मौजूदा चुनावी हालात को देखें तो मुस्लिम मतदाता खामोश हैं। राजनीतिक दल रोजाना उनका रुख जानने की कोशिश में लगे हैं। सपा-कांग्रेस से गठबंधन उम्मीदवार मुस्लिम मतों को अपने पाले में बता रहे हैं। लेकिन दूसरी ओर बसपा उम्मीदवार भी मुस्लिमों में सेंधमारी करने में जुटी हैं। लोकसभा में मतदान को एक सप्ताह शेष है। सियासी महारथी मैदान मथने में जुटे हैं। चुनावी सरगर्मियों के बीच इस सीट की सियासी तस्वीर रोजाना बदल रही है। खासकर मुस्लिम मतदाताओं की खामोशी उम्मीदवारों की धड़कनों को बढ़ा रही है। अलीगढ़ लोकसभा सीट में साढ़े तीन लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं।

बसपा ने वेस्ट यूपी में पूर्व में कई मुस्लिम चेहरों पर दांव खेला था, जिसमें सफलता भी मिली थी। यही कारण है कि बसपा मुस्लिम मतदाताओं को अपने पाले में करने में जुटी है। पूर्व के चुनावों की बात करें तो 2017 के निकाय चुनाव में अलीगढ़ व मेरठ नगर निगम में बसपा के मेयर निर्वाचित हुए थे। अलीगढ़ में मो. फुरकान को मेयर का उम्मीदवार बनाया गया था। खोए हुए सियासी अस्तित्व को दोबारा हासिल करने के लिए बसपा कोर वोट बैंक के साथ मुस्लिमों पर भी डोरे डाल रही है।

हमारे संवाददाता ने शहर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में मतदाताओं का रूझान जाने का प्रयास किया लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि मुस्लिम मतदाता किसी भी एक दल की तरफ जाने की बात कहने से बचते दिखे। मौजूदा सरकार की कमियां गिनाने के साथ दूसरे राजनीतिक दलों की अच्छाईयां बताने से भी नहीं चूके। जब इनसे अलीगढ़ में इस चुनाव में किस दल के साथ खड़े होने का सवाल किया गया तो वह चुप्पी साध गए। अधिकांश का जवाब था कि आखिरी समय में इस पर फैसला लिया जाएगा। ऊपरकोट, सराय मियां, खाईडोरा, भुजपुरा, दोदपुर, मेडीकल रोड, जमालपुर आदि क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाताओं से बात की। मेयर, प्रशांत सिंघल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा बूथ से लेकर वार्डो तक प्रभावी है। निकाय चुनाव में मुस्लिम उम्मीदवार उतारे गए थे। भले ही चुनाव नहीं जीत पाए थे, लेकिन वोटिंग उनके पक्ष में हुई थी।

कई उम्मीदवार रनर अप भी रहे थे। ट्रिपल इंजन की सरकार के कार्यो से जनता प्रभावित है। वार्डो में कार्य कराए गए हैं विकास के नाम पर मुस्लिम मतदाता वोट करेगा। भाजपा ने तीन तलाक को समाप्त किया। इसको प्रधानमंत्री ने कानून बनाया। मुस्लिम महिलाओं के सम्मान में भाजपा ने काम किया है। उसका परिणाम चुनाव में मिलेगा।

सपा जिलाध्यक्ष, लक्ष्मीधनगर ने कहा कि अल्पसंख्यक मतों को लेकर कहीं कोई असमंजस की स्थिति नहीं है। समाजवादी पार्टी ने हमेशा अल्पसंख्यकों का ख्याल रखा है। वर्तमान हालात उनके सामने हैं और वह गठबंधन को मजबूत करेंगे। बसपा नेता, सलमान शाहिद ने कहा कि मुस्लिम वोटरों का भरोसा सदैव बसपा पर ही रहा है। वहीं सपा ने लंबे समय तक मुस्लिम वोटों के नाम पर राजनीति की लेकिन इस कौम के नेताओं को बढ़ावा नहीं दिया। ताजा उदाहरण इस लोकसभाचुनाव का सामने है।

## प्रेक्षक ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्य का किया निरीक्षण

**- दोनों पालियों में 71 कार्मिक अनुपस्थित**



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण का गुरूवार को माननीय सामान्य प्रेक्षक अजय कटेसरिया द्वारा प्रशिक्षण केंद्र पहुँचकर निरीक्षण किया गया और व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। 18 अप्रैल को दोनों पालियों आयोजित कराया गया, यह प्रशिक्षण 21 अप्रैल तक चलेगा।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक और सीडीओ आकांक्षा राना ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रथम पाली में 8 पीठासीन अधिकारी, 9 मतदान अधिकारी प्रथम, 20 मतदान अधिकारी द्वितीय और 9 मतदान अधिकारी तृतीय 9 कुल 37 और द्वितीय पाली में 2 पीठासीन अधिकारी, 7 मतदान अधिकारी प्रथम, 17 मतदान अधिकारी द्वितीय और 8 मतदान अधिकारी तृतीय कुल 34 और दोनों पालियों में मिलाकर 71 प्रशिक्षणार्थी अनुपस्थित रहे।

सीडीओ ने बताया कि 16 अप्रैल के प्रशिक्षण में अनुपस्थित 120 में से 71 कार्मिकों ने अपना प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। उन्होंने 16 अप्रैल के अवशेष अनुपस्थित और 18 अप्रैल के अनुपस्थित रहे मतदान कर्मियों को एक अवसर अवसर देते हुए पुनः निर्देशित किया है कि 19 अप्रैल को प्रातः साढ़े नौ बजे उपस्थित होकर अवश्य अपना प्रशिक्षण प्राप्त कर लें अन्यथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओ में संबंधितों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए विभागीय कार्यवाही भी प्रस्तावित की जाएगी।

## शैक्षणिक उत्सव दक्ष में दक्षता दिखा रहे विद्यार्थी



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में शैक्षणिक प्रतियोगिताओं पर आधारित तीन दिवसीय शैक्षणिक उत्सव ''दक्ष-2024'' का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। छात्र परिषद के तत्वावधान में आयोजित उत्सव में पहले दिन आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में छात्रों ने अपने शैक्षणिक ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता तकनीकी, ललित कला, साहित्यिक व नाट्य चार श्रेणियों में आयोजित की जा रही है। सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम समारोह में घोषित किए जाएंगे।

शैक्षणिक उत्सव दक्ष का शुभारंभ मुख्य सभागार में प्रति कुलपति प्रो. सिद्दी विरेशम, कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, डीन एकेडमिक प्रो. अब्दुल वदूद सिद्दीकी, प्रो. रविकांत, प्रो. आरके शर्मा, प्रो. किशनपाल सिंह, प्रो. प्रमोद कुमार ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती की वंदना व कुलगीत की प्रस्तुति दी गई। डीन एकेडमिक ने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों से प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कही।

कुलसचिव ने दक्ष का परिचय देते हुए कहा कि आगे बढ़ने के लिए सिर्फ एक कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। सब कुछ सिर्फ भाग्य पर नहीं छोड़ा जा सकता। विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित करें और कठिन परिश्रम से लक्ष्य की प्राप्ति करें। दक्ष जैसी प्रतियोगिता से विद्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता और उनके सामाजिक और सांस्कृतिक दक्षताओं में सुधार होता है।

कार्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा करते हुए प्रति कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय इस तरह के आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को सक्षम और समर्पित नागरिक बनाने के लिए प्रयास करता है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में रचनात्मकता का विकास होता है और नैतिक व्यक्तित्व व दृष्टिकोण में सुधार होता है। प्रतियोगिता के पहले दिन विद्यार्थियों ने वेब प्रोग्रामिंग, एड-मैड शो, प्रश्नोत्तरी, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, निबंध व कहानी लेखन, स्किट और माइम में भाग लिया। आयोजन में डीन स्टूडेंट प्रो. मनोज वार्ष्णेय, डा. स्वाति अग्रवाल, डा. पूनम रानी, डा. दीपशिखा सक्सेना, देवाशीष चक्रवर्ती आदि का सहयोग रहा।

## मकैनिकल इंजीनियरिंग विभाग में क्यूआईपी सेंटर की स्थापना

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** एएमयू के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (क्यूआईपी) मान्यता प्रदान की गई है। यह मान्यता पूरे कॉलेज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो शिक्षा और अनुसंधान दोनों में उत्कृष्टता के प्रति विभाग में हो रहे उत्कृष्ट शैक्षणिक व शोध कार्य को दर्शाते है। नव स्थापित क्यूआईपी केंद्र मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के भीतर अनुसंधान माहौल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह विभिन्न इंजीनियरिंग क्षेत्रों में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, अंतःविषय सहयोग और ज्ञान साझा करने के केंद्र के रूप में काम करेगा। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर एम मुजम्मिल ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे लिये गर्व का विषय है। उन्होंने कहा है कि हमें अपने विभाग के भीतर एक क्यूआईपी केंद्र स्थापित करने के लिए एआईसीटीई की मंजूरी मिल गई है। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रोफेसर सालिम बेग ने कहा कि क्यूआईपी केंद्र अकादमिक और अनुसंधान उत्कृष्टता के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा, जो हमारे छात्रों और शिक्षकों को मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगा। जेएचसीईटी के प्रिंसिपल प्रोफेसर एम सुफयान बेग ने कहा कि यह मान्यता इंजीनियरिंग शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में वैश्विक मान्यता की दिशा में कॉलेज की यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ती है।




## चोरी की मोटर साइकिल सहित पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** थाना गंगीरी पुलिस टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित शातिर चोर गिरफ्तार किया है।

जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगीरी पुलिस टीम ने तेजेंदर पुत्र भीकम सिंह निवासी मुक्तायल थाना अमापुर जनपद कासगंज को मय चोरी की मोटर साइकिल पैशन प्रो सहित गंगीरी चौराहे से गिरफ्तार किया गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना पर मुकद्दमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस कार्यवाही से स्थानीय जनता के निवासियों में अच्छा संदेश जाग्रत हुआ व उनके द्वारा स्थानीय पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी है।

# यूक्रेन बोला- जंग हारे तो तीसरा विश्व युद्ध होगा

**● दुनिया का सिक्योरिटी सिस्टम तबाह हो जाएगा; रूस के मिसाइल हमले में 17 की मौत**

स्वतंत्र प्रभात

यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शमिहाल ने कहा है कि अगर यूक्रेन रूस से जंग हारता है, तो दुनिया में विश्व युद्ध हो जाएगा। BBC से बात करते हुए यूक्रेनी प्रधानमंत्री ने अमेरिकी कांग्रेस से आर्थिक मदद से जुड़ा बिल पास करने का आग्रह किया है।

PM शमिहाल ने कहा, "हमें युद्ध लड़ने के लिए आज आर्थिक मदद की जरूरत है, कल या परसो नहीं। अगर हम मिलकर यूक्रेन की सुरक्षा नहीं करेंगे तो यूक्रेन हार जाएगा। इससे दुनिया की सुरक्षा से जुड़ा ढांचा तबाह हो जाएगा। कई जगहों पर युद्ध छिड़ जाएंगे और तीसरे विश्व युद्ध होने की नौबत आ जाएगी।"

**यूक्रेन-इजराइल की मदद के लिए अमेरिकी कांग्रेस में 2 दिन बाद वोटिंग**

दरअसल, अमेरिका में शनिवार (20 अप्रैल) को यूक्रेन के लिए आर्थिक मदद से जुड़े बिल पर वोटिंग होने वाली है। इसमें यूक्रेन को 5.09 लाख करोड़ रुपए की आर्थिक मदद देने की बात है। बिल के प्रपोजल में यूक्रेन के अलावा इजराइल और इंडो-पैसेफिक देशों का भी नाम है।

हालांकि कुछ अमेरिकी सांसद यूक्रेन को भेजी जाने वाली आर्थिक मदद का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि इस पैसे का इस्तेमाल अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर मजबूत करने के लिए किया जाना चाहिए। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वे कांग्रेस से बिल पास होने के तुरंत बाद इसे साइन कर देंगे, जिससे दुनिया में यह मैसेज जाए कि अमेरिका अपने दोस्तों के साथ हमेशा खड़ा रहता है।

**रूस ने हमले में 61 लोग घायलल**

वहीं बुधवार (17 अप्रैल) को रूस ने यूक्रेनी शहर चर्निहीव पर तीन मिसाइलों से हमला किया। इसमें 17 लोगों की मौत हुई है, वहीं 61 लोग घायल हुए हैं। बचाव टीम इमारतों के मलबों में लोगों की तलाश कर रही है। चर्निहीव शहर राजधानी कीव से लगभग 150 किलोमीटर (90 मील) उत्तर में, रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है। इसकी आबादी लगभग 2.50 लाख है।

**पहले भी चेतावनी जारी कर चुका है यूक्रेन**

यह पहली बार नहीं है, जब यूक्रेन ने दुनिया को तीसरे वर्ल्ड वॉर की चेतावनी दी है। पिछले साल यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी तीसरे विश्व युद्ध को लेकर



धमकी दे चुके हैं। जेलेंस्की ने कहा था कि अगर रूस जीतता है, तो वो पोलैंड पर हमला करेगा, जिससे तीसरे विश्व युद्ध होने के आशंका है। हालांकि रूस ने इस बयान को सिरे से खारिज कर दिया था। रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के बाद ईस्टर्न यूरोप पर हमला करने के दावे को बकवास बता चुके हैं।

**तीसरे साल में रूस-यूक्रेन युद्ध**

रूस और यूक्रेन का युद्ध अपने तीसरे साल में पहुंच गया है। यूक्रेन के हथियार और सैनिक दिन पर दिन कम होते जा रहे हैं। स कांग्रेस के स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा है कि वे यूक्रेन के इस आर्थिक पैकेज वाले बिल को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

यूक्रेन मुख्य तौर पर हथियारों के लिए अमेरिका पर निर्भर करता है। धीरे धीरे उसके हथियार खत्म हो रहे हैं। ऐसे में अगर अमेरिका यूक्रेन को आर्थिक मदद नहीं देगा तो यूक्रेन युद्ध हार जाएगा।

**50 हजार से ज्यादा रूसी सैनिकों की मौत**

क्ष्क्ष्ट की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन-रूस जंग में अब तक 50 हजार से ज्यादा रूसी सैनिकों की मौत हुई है। वहीं यूक्रेन ने जंग के दूसरे साल में 27 हजार 300 रूसी सैनिकों को गंवाया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि मरने वालों का आंकड़ा बढ़ा हो सकता है।

इससे पहले फरवरी में राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी यूक्रेनी सैनिकों की मौत का आंकड़ा बता चुके हैं। जेलेंस्की के मुताबिक युद्ध में अब तक सिर्फ 31 हजार यूक्रेनी सैनिकों ने जान गंवाई है। हालांकि अमेरिकी खुफिया जानकारी के मुताबिक यूक्रेन के 70 हजार से ज्यादा सैनिकों की मौत हुई हैं।




## संक्षिप्त ख़बरें

### सभी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश



**टूण्डला-** रेल सलाहकार समिति रेलवे बोर्ड के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने बताया कि रेल मंत्रालय द्वारा देश के सभी जोनल रेलवे को सभी स्टेशनों पर भीषण गर्मी एवं लू के देखते हुए यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इसमें कहा गया है कि सभी स्टेशन मानदंडों के अनुसार यात्रियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करायें, साथ ही मौजूदा वाटर कूलर कार्य कर रहे हैं, इसे भी सुनिश्चित करें। वहीं क्रिटिकल रेलवे स्टेशनों पर पानी के टैंकर की तैनाती करने, प्लेटफॉर्मों पर पानी की उपलब्धता की पुष्टि करने के लिए स्टेशनों पर नियमित जांच करने, गैर सरकारी संगठनों,महिला स्वयं सहायता समूहों, स्काउट एवं गाइड से सहयोग लेने , और जहां पानी की उपलब्धता की कठिनाई है वहां पर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन, राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित करने व 24 घंटे पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। श्रीकृष्ण गौतम ने अपने साथी रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यों से अनुरोध किया है कि नियमित रूप से अपने नजदीक रेलवे स्टेशनों पर मंत्रालय का निर्देश के परिपालन का ध्यान रखें और इस कड़ी में बहुत सारे सदस्यों ने स्टेशनों का निरीक्षण करना प्रारंभ कर दिया है।

### संत समाज का लोकसभा चुनावो में भाजपा को समर्थन

**फिरोजाबाद।** गुरुवार को तहसील क्षेत्र के गांव केसोराई के पुराने शिव मंदिर परिसर में संत समाज और अन्य कार्यकर्ताओं की मीटिंग हुई। इसमें सहसाराम आश्रम के महंत चंदन दास महाराज,शिव मंदिर महंत कृष्ण दास महाराज ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्म दास महाराज ठाकुर देवेंद्र सिंह चौहान उर्फ बल्लू,पंडित रमेश शर्मा ठाकुर हरि सिंह चौहान पंडित रमेश चंद्र शर्मा और अन्य कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर भाग लिया। मीटिंग में संत समाज ने आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर बैठक हुई इसमें ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्म दास महाराज ने कहा कि भारत देश में सनातन धर्म की रक्षा और सेवा करने में केवल भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है। तथा सहसा राम आश्रम के महंत चंदन दास महाराज ने कहा कि हमारे बाबा गुरू जगतगुरु रामा नंद स्वामी शिवरामा चार्य महाराज भी भारतीय जनता पार्टी के साथ थे तथा गुरु देव जगतगुरु बालमुकुंद चार्य महाराज ने आदेश दिया है कि भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दे जिसके अन्तर्गत शिष्य संत धर्म दास महाराज भी भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दे चुके हैं,महंत चंदन दास महाराज और अखंड साधु समाज का समर्थन केवल भारतीय जनता पार्टी को है। उन्होनें भारत देश के सभी राज्यों के कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में राष्ट्र हित में भाजपा को समर्थन देना है।

# दिल्ली की सभी 7 लोकसभा सीटों के दलगत सप्तर्षि 19 अप्रैल से 1 जून तक चुनावी महाकुंभ का आगाज

स्वतंत्र प्रभात

**दिल्ली।** 2024 के लोकसभा चुनावी वोटिंग महाकुंभ 19 अप्रैल से 01 जून तक चलेगा। इस दौरान लोकसभा के कुल 543 निर्वाचन क्षेत्रों तक मतदान होगा। पहले चरण का वोटिंग स्नान शुक्रवार 19 अप्रैल को होने जा रहा है। इससे 24 घंटे पहले प्रचार पर ब्रेक लगाया जा चुका है। पहले फेज में तमिलनाडू समेत 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सभी 102 सीटों पर मतदान संपन्न हो जाएगा। इसके अलाव राजस्थान में-12, उत्तर प्रदेश में-8, मध्यप्रदेश में-6, असम और महाराष्ट्र में 5-5, बिहार में-4,पश्चिम बंगाल में-3,मणिपुर में -2, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ और त्रिपुरा में 1-1 सीट पर मतदान होगा। दूसरे चरण का मतदान-26 अप्रैल, तीसरा चरण-7 मई, चौथा चरण-13 मई, पांचवा चरण-20 मई, छठा चरण-25 मई, और सातवां और अंतिम चरण-1 जून को मतदान होगा। सभी वोटिंग रिजल्ट 4 जून को घोषित होगें। इसी कडी में राजधानी दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर 6 छठवें चरणमें मतदान -25 मई को होगा। इस बार दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने गठबंधन किया है। सीट बंटवारे में आप 4 सीटों पर जबकि कांग्रेस पार्टी ने 3 सींटो पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं दोनों पार्टियों का मुख्य कडा मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के 7 प्रत्यक्षियों से है। उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को अपना प्रत्यक्षी बनाया है। यहां कन्हैया का



मुकाबला दो बार के भाजपा सांसद मनोज तिवारी में है।दरअसल इस क्षेत्र में यूपी,बिहार हरियाणा के लोगों की बडी संख्या है। पिछली बार तिवारी ने 2019 में कांग्रेस की शीला दीक्षित को हराया था। दिल्ली की दूसरी सीट चांदनी चौंक से कांग्रेस ने 79 वर्षीय जय प्रकाश अग्रवाल को प्रत्यक्षी बनाया है। वहीं भाजपा ने व्यापार संघ के अध्यक्ष प्रवीण खंडेलवाल को मैदान में उतारा है। 2019 में ये सीट बीजेपी के हर्ष वर्धन ने जीती थी। डॉ. हर्ष वर्धन ने राजनीति से सन्यास ले लिया है। तीसरी नई दिल्ली सीट से आप के सीएम अरविंद केजरीवाल विधायक है। यहां से भाजपा की केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को टिकट दिया है।

यहां बांसुरी स्वराज का मुकाबला आप के सोमनाथ भारती से है। दिल्ली की चौथी लोकसभा सीट पूर्वी दिल्ली है। इस सीट से भाजपा ने गोतम गंभीर को हटाकर एमसीडी के पूर्व मेयर हर्ष मल्होत्रा को प्रत्यक्षी बनाया है। भाजपा के उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा के सामने आम आदमी पार्टी के दलित कुलदीप कुमार को खडा किया है। वह वर्तमान में विधायक है। पांचवी -उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट आरक्षित है। वर्तमान में भाजपा के सूफी गायक हंसराज राज हंस को हटाकर पूर्व मेयर योगेन्द्र चंदौलिया को प्रत्यक्षी बनाया है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने देर से उदित राज को टिकट दिया है। उदित राज ने 1914 में यहां से भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की थी। लेकिन अब वह कांगेस पार्टी में शामिल हो गए है। कांग्रेस ने उन्हें ही योगेन्द्र चंदौलिया के खिलाफ मैदान में उतारा है। इसी कडी में छठी दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा ने रमेश विधुडी को हटाकर रामबीर सिंह विधुडी को टिकट दिया है। वहीं आप पार्टी के सही राम पहलवान को मैदान में उतार दिया है। इससे पहले 2019 में आप के राघव चड्ढा को हार का मुंह देखना पडा था। सातवीं पश्चिम दिल्ली सीट से भाजपा के दोबार के सांसद रहे प्रवेश वर्मा का टिकट काट दिया है। इनकी जगह भाजपा ने पूर्व मेयर कमलजीत सहरावत को प्रत्यक्षी बनाया है। वहीं आम आदमी पार्टी की और से कांग्रेस को छोडकर आप में आए महाबल मिश्रा को टिकट दिया है। 2009 में महाबल मिश्रा यहां से कांग्रेसी के जीत दर्ज की थी।

# ईसीसीई परियोजना शुरू हुई तो असम में 1.5 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा- मनोज कुमार

**● सोसायटी के पदाधिकारियों ने भारत सरकार और असम सरकार को उनकी सद्भावना के लिए धन्यवाद दिया।**

स्वतंत्र प्रभात

**असम करीमगंज-** सोसायटी का काम 2011 में शुरू हुआ। प्री-प्राइमरी बाल शिक्षा पर डॉ. बीआर अंबेडकर सोसाइटी की ईसीसीई परियोजना हैलाकांडी जिले के निताई नगर गांव में शुरू की गई थी। लेकिन कांग्रेस काल में समाज के विकास कार्यों में बार-बार बाधाएं आती रहीं। सोसायटी कार्यकर्ताओं को अनुचित उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा। अंततः 2014 में भाजपा सरकार आने के बाद से समाज के विकास कार्यों में तेजी आई है। हैलाकांडी जिले की डॉ. बीआर अंबेडकर सोसायटी ईसीसीई परियोजना पर काम करने वाली एकमात्र सोसायटी है। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा शर्मा की कृपा समाज को प्राप्त होने से विकास कार्यों में तेजी आ रही है और समाज के अधिकारियों को अनावश्यक उत्पीड़न से मुक्ति मिल गयी है। ये कहना था सोसायटी के महासचिव जीयू लस्कर का। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इस सोसायटी के माध्यम से ईसीसी परियोजना शुरू की जाती है, तो पूरे असम राज्य में लगभग डेढ़



लाख युवक-युवतियों को रोजगार मिलेगा. और यह वर्तमान भाजपा सरकार की इच्छाशक्ति से हो रही हैं। इसीलिए उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में समाज के हित के लिए बीजेपी पार्टी का जिक्र किया. क्योंकि केवल भाजपा पार्टी ही विकास का काम कर सकती है। और इस समाज का विकास कार्य वर्तमान भाजपा सरकार के नेतृत्व में हुआ है और हो रहा हैं। निर्मलेंदु नाथ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समाज के बराक घाटी के तीन जिलों से करीब एक हजार सदस्य शामिल हुए. प्रत्येक शिक्षा खंड के क्लस्टर आधारित प्रशिक्षित पर्यवेक्षक एवं प्रत्येक शिक्षा केंद्र में प्रशिक्षित मातृ शिक्षक एवं सहायिका पद के लिए आवेदन करने वाले सदस्य उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत में नृत्य बाल कलाकार अनामिका नाथ द्वारा प्रस्तुत किया गया और संगीत बाल कलाकार चंद वीणा पाल और तन्मय पाल द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैठक में दिल्ली से आए संघ के कार्यकारी अधिकारी अमरेश कुमार और योगेश कुमार ने लंबे भाषण में कहा कि हैलाकांडी जिले की बीआर अंबेडकर सोसायटी पूरे देश में एकमात्र एनजीओ है जो लंबे समय से ईसीसी परियोजना पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वे समाज के हितैषी के रूप में ईसीसीई परियोजना को मंजूरी दिलाने के उद्देश्य से सभी प्रकार के आधिकारिक कार्य कर रहे हैं। और शुरुआती दौर में सभी सरकारी काम पूरे हो चुके हैं. और बाकी काम को भी बहुत कम समय में मंजूरी मिल जाएगी. यह पूरे असम राज्य में बेरोजगार युवाओं के लिए नौकरी के अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने सोसायटी की ईसीसीई परियोजना को मंजूरी देने के लिए भारत की वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार और असम के हिमंत बिस्वा शर्मा की सद्भावना के लिए आभार और सराहना व्यक्त की। बैठक में उपस्थित अन्य लोगों में सोसायटी के उपाध्यक्ष लुत्फुर रहमान, संयुक्त सचिव अंजन दास, मीडिया सचिव तापस पाल, सदस्य शिल्पी सिंह, सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष अलीराजा बरभुइया, मोर्चा महिला सेल की राज्य सचिव मरियम बेगम चौधरी शामिल थीं। हैलाकांडी जिला मोर्चा के अध्यक्ष अनवर हुसैन चौधरी , और भाजपा नेता पृथ्वीश कांति दास मौजूद थे।

# जब कांग्रेस में शामिल होने की पहली शर्त रखी गई थी नसबंदी?

स्वतंत्र प्रभात

भारत की बढ़ती जनसंख्या हमेशा चिंता का विषय रही है. साल 1951 से देश में बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए एक खास तरीका नसबंदी अपनाया जा रहा है. लेकिन 1970 के दशक में आपातकाल के दौरान जबरन नसबंदी एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया था.

1975 में आपातकाल के दौरान लाखों पुरुषों की जबरन नसबंदी करा दी गई थी. कहा जाता है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के छोटे बेटे संजय गांधी ने 'उग्र' तरीके से इस अभियान को आगे बढ़ाया. इसमें सबसे ज्यादा निशाने पर गरीब आबादी रही.

ये ऐसा वक्त था जब पुलिस पूरे गांव को घेर लिया करती थी और पुरुषों की जबरन नसबंदी करा दी जाती थी. रिपोर्ट के अनुसार, एक साल के भीतर ही लगभग 62 लाख लोगों की नसबंदी की गई. इस दौरान गलत ऑपरेशन से 2 हजार मासूम लोगों की मौत भी हुई.

**नहीं पता है तो पहले जानिए नसबंदी होता क्या है**

नसबंदी एक स्थायी गर्भनिरोधक तरीका है, जिसमें पुरुष या महिला की प्रजनन क्षमता को खत्म कर दिया जाता है. इसका मतलब है कि नसबंदी के बाद व्यक्ति कभी भी गर्भधारण या संतान पैदा करने में सक्षम नहीं हो सकता. पुरुष नसबंदी में शुक्राणु नलिका को काटकर या बांधकर बंद कर दिया जाता है. यह नलिका शुक्राणु को अंडकोष से शरीर के बाहर ले जाने का काम करती है.

महिला नसबंदी में फैलोपियन ट्यूब को काटकर या बांधकर बंद कर दिया जाता है. यह नलिका अंडाशय से अंडे को गर्भाशय तक ले जाने का काम करती है. हालांकि महिला नसबंदी का महिलाओं के मासिक धर्म या हार्मोन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है.

**क्यों चलाया गया नसबंदी का अभियान**

1951 में भारत की जनसंख्या लगभग 36.1 करोड़ थी. 1941-1951 के दशक में देश की जनसंख्या 1.26 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर बढ़ रही थी. तब भारत के प्रमुख शहरी जनसांख्यिकीविद् आरए गोपालस्वामी ने अपनी रिपोर्ट में अनुमान लगाया कि देश की जनसंख्या हर साल 50 लाख लोगों के हिसाब से बढ़ती जाएगी.

गोपालस्वामी की रिपोर्ट स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम (National Family Planning Program) की शुरुआत की. ऐसा करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया. इस अभियान के तहत गांव में घर-घर जाकर फैमिली प्लानिंग के बारे में लोगों को जागरूक किया गया, परिवारों को केवल दो बच्चे पैदा करने और इन बच्चों के जन्म में कम से कम दो साल का अंतर रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया. लेकिन सरकार का ये अभियान असफल रहा.

गोपालस्वामी की रिपोर्ट में जनसंख्या नियंत्रण के लिए बड़े पैमाने पर नसबंदी का सुझाव भी दिया गया था. इसके लिए केवल एक मामूली सर्जरी की आवश्यकता होती थी, अस्पताल में भर्ती होने या लंबी देखभाल की आवश्यकता नहीं थी. हालांकि, नसबंदी के लिए समर्थन जुटाना आसान नहीं था. तब लोगों में नसबंदी से जुड़ी कई गलत धारणाएं थीं. जैसे- लोगों का मानना था कि पुरुष नसबंदी से ऑपरेटिंग टेबल पर ही मौत हो सकती है, इससे पुरुषों का वजन कम हो जाता है, वे जल्दी थक जाते हैं, उनकी यौन इच्छा खत्म हो जाती है. ऐसे में सरकार के लिए नसबंदी को स्वीकार करवाना बहुत कठिन काम था.

तब ज्यादातर भारतीय राजनेताओं का मानना था कि आर्थिक विकास के लिए जनसंख्या नियंत्रण बहुत जरूरी है. इसी को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग फेज में अभियान चलाए गए. शुरुआत में अभियान के लिए बजट काफी कम रखा गया था. देश में बड़े बदलाव 1965 के बाद ही हुए, जब विशेष रूप से परिवार नियोजन के लिए एक अलग विभाग बना दिया गया और बजट भी बढ़ा दिया गया.

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ल्ड बैंक ने 1972 से 1980 के बीच भारत सरकार को नसबंदी के लिए 6.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण दिया. पश्चिमी देशों की ओर से भारत की जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए इंदिरा गांधी पर दबाव डाला गया था कि वो एक तेजी से नसबंदी कराए.

**जब जबरन नसबंदी के लिए भारतीयों को किया गया मजबूर**

साल 1975 में भारत कई आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहा था. बारिश औसत से कम हो रही थी, खाद्य उत्पादन गिर गया था, आयातित तेल की कीमत बढ़ दी गई थी, निर्यात से राजस्व कम हो गया था, महंगाई अब तक के उच्चतम स्तर पर थी. दूसरी ओर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के राजनीतिक जीवन में भी उथल-पुथल में चल रही थीं. अदालत ने उनके खिलाफ फैसला सुना दिया था. इसका नतीजा था आपातकाल. 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा कर दी गई.

इसी दौरान इंदिरा गांधी के छोटे बेटे संजय गांधी का राजनीति में सक्रिय हुए. असल में वह संजय गांधी ही थे जिन्होंने बड़े पैमाने पर देश में नसबंदी अभियान चलाने का मोर्चा संभाला. हालांकि सरकार या पार्टी में उनका कोई आधिकारिक पद नहीं था. उनकी एकमात्र योग्यता यह थी कि वह प्रधानमंत्री के बेटे थे. उस समय परिवार नियोजन के फैसले सिर्फ राज्य सरकारें ले सकती थीं. लेकिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने बेटे के कहने पर संविधान में बदलाव किया. 1976 के संशोधन ने केंद्र सरकार को परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाने का अधिकार दिया. इसके तुरंत बाद केंद्र सरकार ने राज्य स्तर के नेताओं को इस काम के लिए तैयार किया और बड़े कदम उठाए. जैसे- नसबंदी शिविर लगाना और नसबंदी के लक्ष्य निर्धारित करना.

संजय गांधी का मानना था कि जनसंख्या एक बड़ी समस्या है जो देश की तरक्की में बाधा है और भारत के आर्थिक विकास के लिए जनसंख्या पर अंकुश लगाना जरूरी है. उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को नसबंदी के लक्ष्य दिए जो उन्हें किसी भी तरह से पूरे करने थे. मुख्यमंत्री भी संजय गांधी को खुश करने के लिए अपने लक्ष्यों को पूरा करने में जुट गए. अपने 'अच्छे काम' के लिए जिला कमिश्नरों को स्वर्ण पदक दिए जाते थे. इन सबके चलते लक्ष्य पूरा करने का जुनून सवार हो गया. यूपी और बिहार में सबसे ज्यादा नसबंदी हुई, यहां के आयुक्तों ने सबसे ज्यादा पदक जीते.

**नसबंदी के नए-नए तरीके अपनाए**

नसबंदी के लिए सिर्फ जोर जबरदस्ती नहीं की गई बल्कि कई छुपे तरीकों से भी दबाव डाला जाता था. सरकारी आदेश आए कि नसबंदी न करवाने वाले कर्मचारियों का प्रमोशन या वेतन नहीं बढ़ेगा. कुछ मामलों में तो नसबंदी के बिना वेतन मिलना तक बंद हो गया था. ड्राइविंग लाइसेंस, रिक्शा लाइसेंस, टैक्स लाइसेंस आदि रिन्यू कराने के लिए भी नसबंदी का प्रमाण-पत्र दिखाना अनिवार्य कर दिया गया. जिन छात्रों के माता-पिता ने नसबंदी नहीं करवाई थी, उन्हें स्कूल-कॉलेज में रोका जाने लगा. अस्पतालों से बिना नसबंदी प्रमाण-पत्र के मुफ्त इलाज बंद कर दिया गया. इस अत्याचार का सबसे ज्यादा शिकार समाज के गरीब तबके के लोग हुए. पुलिस ऐसे लोगों को रेलवे स्टेशन या बस स्टॉप से उठा लेती थी, फिर चाहे वे किसी भी उम्र के हों या अविवाहित हों. गरीब, कम पढ़े-लिखे लोग, जेल के कैदी, फुटपाथ पर रहने वाले, अविवाहित युवक, नए-नए शादीशुदा पुरुष और अस्पतालों के मरीज सब नसबंदी के शिकार बनने लगे.

यहां तक कि संजय गांधी ने 37 साल से कम युवकों के कांग्रेस में शामिल होने के लिए नसबंदी कराने की शर्त रख दी. 29 मार्च 1976 की एक रिपोर्ट की मानें तो लखनऊ में युवक कांग्रेस की रैली में संजय गांधी ने कहा था युवाओं के लिए कांग्रेस के दरवाजे खुले हैं. बस उनके लिए एक शर्त है. उन्हें हर महीने कम से कम दो लोगों की नसबंदी करानी है.

आखिरकार 21 महीने बाद साल 1977



में जब आपातकाल खत्म हुआ तो नसबंदी अभियान भी धीमा हुआ. लेकिन सरकार के इन दोनों फैसलों की खूब आलोचना हुई. अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी कीमत भी चुकानी पड़ी. लगातार 26 साल से देश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस पार्टी पहली बार चुनाव में हार गई और जनता पार्टी की सरकार बन गई. मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने. 1980 में एक विमान दुर्घटना में संजय गांधी की असामयिक मृत्यु हो गई थी.

**बाद में भी नहीं रुका नसबंदी का अभियान**

जहां इमरजेंसी के दौरान एक साल के भीतर देशभर में 60 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी. वहीं सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में 2013-14 के दौरान 40 लाख लोगों की नसबंदियां हुई. हालांकि पुरुषों के मामले में यह आंकड़ा एक लाख से भी कम रहा. नसबंदी के दौरान गलत ऑपरेशन से 2009 से 2012 के बीच 700 से भी ज्यादा मौतें हुई. ऑपरेशन के बाद तबीयत बिगड़ने के 356 केस सामने आए. वहीं संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 2011 में दुनिया में महिलाओं पर की जाने वाली नसबंदी का 37 फीसदी हिस्सा भारत में ही हुआ था.